



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 229 | गुवाहाटी | बुधवार, 15 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



प्रश्न पत्र लीक मामले में अब तक 22 हिरासत में — पेज 3

हिन्द महासागर क्षेत्र में क्वाड देशों की नौसेनाओं ने किया एक्सरसाइज 'ला पेरोस' — पेज 4

सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक — पेज 5

राहुल गांधी ने भारत के लोकतंत्र के खिलाफ बोलकर किया... — पेज 8


## लिखते-लिखते गए वैदिक



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन हो गया है। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। वह एक राजनीतिक विश्लेषक और स्वतंत्र स्तंभकार थे। वैदिक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की हिंदी समाचार एजेंसी *भाषा* के संस्थापक-संपादक के रूप में जुड़े हुए थे। वह पहले टाइम्स समूह के *नवभारत टाइम्स* में संपादक (विचार) थे। वैदिक भारतीय भाषा सम्मेलन के अंतिम अध्यक्ष थे। वैदिक ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड और आतंकी हाफिज सईद का इंटरव्यू किया था, जो काफी चर्चा में रहा था। वरिष्ठ पत्रकार वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। इंटरनेशनल पॉलिटिक्स में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) से पीएचडी की थी। चार साल तक वह दिल्ली में राजनीति शास्त्र के टीचर भी रहे। दर्शन और राजनीतिशास्त्र में उनकी खूब दिलचस्पी -शेष पृष्ठ दो पर

# पुणे में बच्चों पर एचउएन2 वायरस का खतरा

## अस्पतालों के आईसीयू में जगह नहीं

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में इन दिनों एच3एन2 वायरस बच्चों के लिए खतरा बन गया है। डॉक्टरों का कहना है कि इसकी चपेट में पांच साल से कम उम्र के बच्चे आ रहे हैं। इसके चलते शहर के अस्पतालों में आईसीयू फुल हो गए हैं। ज्यादार पीड़ित बच्चों को सांस लेने में परेशानी हो रही हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि पीड़ित बच्चों पर एंटीबायोटिक दवाओं का भी असर नहीं हो रहा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) के डेटा के मुताबिक जनवरी 2013 से अब तक पुणे में कुल 2,529 सेंपल्स की जांच की गई। इसमें से 428 (करीब 17 फीसदी) एच3एन2 वायरस पॉजिटिव मिले हैं। 15 फरवरी के बाद लिए गए सेंपल्स में इस वायरस से पीड़ित बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। एनआईवी की वैज्ञानिक डॉ. वर्षा पोतदार ने कहा कि ये सेंपल्स जिले के अस्पतालों में भर्ती हुए उन बच्चों के हैं जो सिवीयर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (एसएआरआई) के लक्षणों वाले थे। पुणे जिले के अस्पतालों में बीते 4-6 हफ्तों से आईसीयू फुल चल रहे हैं। भारती अस्पताल में पीड्रियाटिक आईसीयू की इंचार्ज डॉ भक्ति सारंगी ने कहा, हमारे अस्पताल में भर्ती बच्चों में अधिकांश संख्या शिशुओं और स्कूली बच्चों की है। उनमें से कुछ को लिवर और ब्लड प्रेशर संबंधित समस्या भी हो रही थी। ऐसे में उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट, की जरूरत होती है। इनमें से ज्यादातर पांच साल से



कम उम्र के हैं। अधिकांश बच्चों कों सांस लेने में परेशानी, खांसी और बुखार की शिकायत थी। निमोनिया जैसे लक्षण भी हैं। दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के इंटेंसिविस्ट डॉ. भरत पुरंदरे ने कहा कि न केवल एच3एन2, बल्कि कोविड-19 और एच1एन1 संक्रमण के केसेस में भी बढ़ोतरी हुई है। इनके चलते सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। महाराष्ट्र के हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक एच3एन2, जो कि इन्फ्लुएंजा *ए* का ही एक सबटाइप के कारण बढ़ी संख्या में बच्चे भर्ती हो रहे हैं। आईसीएमआर की सर्विलांस रिपोर्ट के अनुसार सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (एसएआरआई) से पीड़ित भर्ती रोगियों में 92 फीसदी को बुखार, 86फीसदी को खांसी, 27 फीसदी को सांस फूलने, 16 फीसदी को घबराहट की शिकायत है। रिपोर्ट में कहा गया कि 16 फीसदी मरीजों में निमोनिया, 6 फीसदी में दौरे पढ़ने की शिकायत थी। 10 फीसदी एसएआरआई रोगियों को ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जबकि 7 फीसदी मरीजों को आईसीयू में देखभाल की जरूरत होती है।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में औद्योगिक विकास : अठावले



**गुवाहाटी (हि.स.)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा के लिए मंगलवार को गुवाहाटी का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर पूर्वोत्तर राज्यों में तेजी से रोजगार सृजित करने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले ने गुवाहाटी में मीडिया को संबोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के विकास और कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उनकी सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है ताकि युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 44 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं और असम में अब तक 2 करोड़ 20 -शेष पृष्ठ दो पर

## मुकरोह मेघालय का हिस्सा : उपमुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन त्यनसोंग ने कहा कि मुकरोह असम का नहीं, बल्कि मेघालय का हिस्सा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। त्यनसोंग का बयान अमस के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के विधानसभा में दिए गए एक सवाल के जवाब के बाद आया है, जिसमें हिमंत ने मुकरोह को असम का हिस्सा बताया था। पिछले साल 22 नवंबर को, असम-मेघालय अंतर्राज्यीय सीमा के साथ पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के मुकरोह गांव में वन कर्मचारियों और स्थानीय -शेष पृष्ठ दो पर

# डीआईपीआर के निदेशक एमडी राय से राकेश शर्मा की मुलाकात



**गुवाहाटी (विभास)।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (जनसंयोग) के निदेशक मानबेंद्र देबराय ने विकसित भारत समाचार के संपादक राकेश शर्मा को बतलाया कि सूचना एवं जनसंपर्क संबंधित कार्यों का त्वरित गति से निपटारा किया जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि श्री राय ने बीते एक मार्च को निदेशक का पदभार संभाला है। उन्होंने बातचीत के दौरान बतलाया कि उन्हें इस विभागीय कर्मियों का बेहतर सहयोग मिल रहा है, जिससे यहां मैं सहज रूप से कार्य कर पा रहा हूं। मैं चाहूंगा कि यह विभाग एक आदर्श एवं भ्रष्टाचारमुक्त विभाग के रूप में भविष्य में जाना जाए, ऐसा ही मेरा प्रयास रहेगा।

# सरकार और न्यायपालिका टीम की तरह कर रहे काम : रिजिजू



**नई दिल्ली।** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि सरकार और न्यायपालिका एक टीम की तरह काम कर रहे हैं, लेकिन *समाज के कुछ कलाकार* यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि दोनों के बीच गलतफहमी या संघर्ष है। उन्होंने यह भी कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। रिजिजू ने कहा कि उनके बयानों में कोई ठोस तथ्य नहीं है। मंत्री ने एक कार्यक्रम में इन आरोपों को भी खारिज किया कि सरकार विपक्ष को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर

# शादी सिर्फ अपोजिट सेक्स वालों में संभव : आरएसएस

**पानीपत।** पानीपत में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में मंगलवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने सेम सेक्स मैरिज पर केंद्र सरकार के नजरिए का समर्थन किया। होसबोले ने कहा कि शादी सिर्फ अपोजिट सेक्स वालों के बीच ही हो सकती है। 12 मार्च को शुरू हुई सभा की 3 दिन की बैठक के आखिरी दिन मंगलवार को दत्तात्रेय होसबोले ने पत्रकारों से बातचीत की। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) आरएसएस की सबसे बढ़ी और अहम इकाई है जिसे संघ का थिंक टैंक भी कहा जाता है। संघ से जुड़े सारे अहम फैसले और रणनीति इसी में बनती है। पानीपत में हुई सभा की इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तीनों दिन




मौजूद रहे। सरकार्यवाह होसबोले ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लंदन में दी गई स्पीच पर भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इस पर टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि राहुल गांधी का अपना पॉलिटिकल एजेंडा है। आरएसएस की सच्चाई हर कोई जानता है। फिर भी देश की मुख्य विपक्षी पार्टी का बढ़ा नेता होने के नाते राहुल गांधी को और ज्यादा जिम्मेदारी से बोलना चाहिए। सेम सैक्स में मैरिज से जुड़े सवाल पर होसबोले ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शादी एक संस्कार है। यह कोई कॉन्ट्रैक्ट या दो इंडीविजुअल लोगों के एन्जॉयमेंट की चीज नहीं है। होसबोले ने कहा कि इमरजेंसी के वक्त मैं भी जेल गया था। मेरे अलावा देश के अनेक लोग जेल में डाले गए थे। इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद अब राहुल गांधी भी संघ के बारे में विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। वे कह रहे हैं लोकतंत्र खतरे में है। अब चुनाव नजदीक है। लोकतंत्र खतरे में होता तो हम इकट्ठा नहीं हो पाते। कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर






**सुप्रभात**

*ईर्ष्या करने वाले दो समान व्यक्तियों में विरोध पैदा कर देना चाहिए।*

– आचार्य चाणक्य

# भारत दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश

**नई दिल्ली।** भारत 2022 में दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश रहा। 2021 में हम पांचवें नंबर पर थे। हवा में प्रदूषण नापने की इकाई यानी पीएम2.5 में भी गिरावट आई है। यह 53.3 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर हो गया है। हालांकि चिंता की बात ये है कि यह अभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सेफ लाइन (5) से 10 गुना से भी ज्यादा है। हवा में प्रदूषण की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आईक्यू एयर ने मंगलवार को वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट जारी की। इसमें 131 देशों का डेटा 30,000 से अधिक ग्राउंड बेस मॉनिटरों से लिया गया है। इस रिपोर्ट में दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं, जिनमें 14 भारतीय शहर हैं। एक शहर अफ्रीकी देश का है। अब तक दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी थी, लेकिन इस साल आईक्यू एयर ने दिल्ली का दो हिस्सों में सर्वे किया। एक नई दिल्ली और दूसरा दिल्ली। -शेष पृष्ठ दो पर



## मस्जिद पर पत्थर बरसाने के आरोप में 15 गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कुछ मुस्लिम घरों और एक मस्जिद पर पत्थराव की खबर सामने आई है। घटना हावेरी जिले की है जहां हिंदू संगठनो और कुरुबा समुदाय के संगठनों ने एक जुलुस के दौरान मुस्लिम घरों और एक मस्जिद पर पत्थराव किया। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में 15 लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक हिंदू संगठनों के सदस्य मंगलवार को क्रांतिकारी सांगोली रायन्ना की प्रतिमा के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# संसद दूसरे दिन भी हंगामे की वजह से स्थगित



**नई दिल्ली (हि.स.)।** बजट सत्र के दूसरे भाग के दूसरे दिन मंगलवार को हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी। हालांकि, राज्यसभा में थोड़े समय के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा हुई, लेकिन कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सुबह सदन की शुरुआत होते ही ही विपक्ष की ओर से अडानी और हिंडनबर्ग से जुड़े मुद्दे को उठाया गया। वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी के विदेश में दिए बयान का मुद्दा उठाता रहा। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन, हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। फिर दोपहर दो बजे के बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते मंगलवार को दोपहर दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामा विपक्ष की ओर से अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर चर्चा की मांग और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी पर कड़े रुख के चलते हुआ। राज्यसभा -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### महिला पर पेशाब करने को लेकर टीटीई की नौकरी गई

**नई दिल्ली।** ट्रेन में महिला पैसेंजर के ऊपर पेशाब करने वाले टीटीई को नौकरी से निकाल दिया गया है। आरोपी यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) के खिलाफ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सख्त एक्शन लिया है। ये घटना 13 मार्च की है, जब महिला अपने पति के साथ अकाल तख्त एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या -शेष पृष्ठ दो पर

# भोपाल गैस कांड के पीड़ितों को नहीं मिलेगा बढ़ा मुआवजा : एससी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजा देने के लिए यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन (यूसीसी) की उत्तराधिकारी कंपनियों से अतिरिक्त 7,844 करोड़ रुपए की मांग वाली केंद्र की उपचारात्मक याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। इस त्रासदी में 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे और पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचा था। शीर्ष अदालत ने पूर्व में अदालत को दिए गए हलफनामे के संदर्भ में पीड़ितों के लिए बीमा पॉलिसी तैयार नहीं करने के लिए भी केंद्र को फटकार लगाई और इसे *घोर लापरवाही* करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि कल्याणकारी देश होने के नाते कमियों को दूर करने और प्रासंगिक बीमा पॉलिसियां तैयार करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार को दी गई थी। आश्चर्यजनक है कि हमें बताया गया कि ऐसी कोई बीमा पॉलिसी नहीं बनाई गई। यह भारत सरकार की घोर लापरवाही और इस न्यायालय के समीक्षा निर्णय में जारी निर्देशों का उल्लंघन है। केंद्र -शेष पृष्ठ दो पर

## सीबीआई के सामने पेश नहीं हुए तेजस्वी

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को तीसरी बार सीबीआई की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। अधिकारियों ने बताया कि चार मार्च और 11 मार्च को पेश नहीं होने पर तेजस्वी यादव को मंगलवार को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया गया था। तेजस्वी मंगलवार को तीसरे नोटिस पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। सीबीआई ने हाल में तेजस्वी यादव के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी से पूछताछ की थी।

# शिक्षक घोटाला : जीरो हुए 54 और एक 56 नंबर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट से फटकार खाने के बाद अंततः पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने 3478 परीक्षार्थियों का ओएमआर शीट वेबसाइट पर डाली है। इसमें यह देखा जा रहा है कि लिखित परीक्षा में जीरो अंक हासिल किए थे, लेकिन उन्हें गैरकानूनी तरीके से नियुक्त करने के लिए सर्वर पर नंबर बढ़ाकर 54 कर दिया गया। किसी को अगर एक नंबर मिला था तो उसे 56 नंबर दिए गए। दूसरी ओर, भ्रष्टाचार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कि बीरभूम जिले के शांति निकेतन इलाके में एक दुकान से केक खरीदने पर उसका पैकेट ओएमआर शीट से बना हुआ मिला है। इसकी जानकारी केंद्रीय एजेंसियों को दी गई है जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। न्यायाधीश अभिजीत -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**Public Notice**

I, MD. IMRAN KHAN, S/O- Salam Khan R/O- Vill- Barika chuburi, Tezpur, Dist- Sonitpur, Assam. That in some of my documents my name has been written as MD. IMRAN KHAN and other documents as IMRAN KHAN both are same and single person. Vide affidavit before the Sonitpur, Tezpur on 13/03/2023.

**DOB CORRECTION**

I, No.- JC381026L Name- SUBEDAR BIJAYA BHANDI of Unit 4 Corps Signal Regiment, that my wife BHARATI BHANDI, her DOB 20/07/1985 as recored in school certificate. while In my service record my wife DOB 20/07/1984 which is erroneously published and I, want to change my wife DOB 20/07/1984 to 20/07/1985 in my service record. Vide affidavit before the Notary Sonitpur on 14/03/2023.

## रंधावा के बयान पर बवाल

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**जयपुर ( हिंस )।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के बयान को लेकर जयपुर शहर भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार चांदपोल स्थित संजय सर्किल से शहर अध्यक्ष राघव शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की तरफ रवाना हुए, मगर पुलिस ने उन्हें संसार चंद्र रोड पर ही बेरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और फिर रवाना हो गए। गौरतलब है कि रंधावा ने सोमवार को बयान दिया था कि मोदी को खत्म करो, तभी देश बचेगा। इस बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इसी बयान को लेकर शहर भाजपा ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को जाने वाले दोनों रास्तों पर बेरिकेड्स लगा दिए। संजय सर्किल से भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के लिए रवाना हुए। हाथों में भाजपा का झंडा लिए कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। जैसे ही कार्यकर्ता संसार चंद्र रोड से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की तरफ घूमे तो पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता बेरीकेड्स पर भी चढ़े और कुछ की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इस पर कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझा कर वहां से हटाया। भाजपा शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि रंधावा ने मोदी को लेकर जो बयान दिया था, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। रंधावा बहुत सुलझे हुए नेता हैं, लेकिन मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी नादानी है। उन्होंने कहा कि पुलवामा को लेकर कांग्रेस गलत बयानबाजी कर रही है। यह सर्जिकल स्ट्राइक को फर्जिकल स्ट्राइक कहते हैं। देश की प्रतिष्ठा का सवाल हो, वहां एकजुट होना चाहिए। मगर कांग्रेस नेता ओछी राजनीति करके अपने आपको और ज्यादा छोटा करते जा रहे हैं। केवल आज बीजेपी के कार्यकर्ता उन्हें सूचित करने आए हैं कि जुबान पर लगाम दे। इस तरह से बयान बाजी करना बंद करें। भारतीय पार्टी कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेगी। वैचारिक रूप से जनता को समझाओ, लेकिन ओछे बयान देकर इस तरह से बदनाम करने की कोशिश नहीं करें। शर्मा ने कहा कि रंधावा अपने बयान पर माफी मांगे और खेद प्रकट करें। इस मांग को लेकर आज आगाह करने आए है और जब तक रंधावा अपने बयान पर माफी नहीं मांग लेते, तब तक यह आंदोलन इसी तरह से चलता रहेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत महिला वर्कर्स को स्थायी करे सरकार : देवनानी

**अजमेर ( हिंस )।** अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग से सबंधित विभिन्न मुद्धे उठाए। कटौती प्रस्ताव की जानकारी देते हुए देवनानी ने कहा कि प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत महिला वर्कर्स पिछले कई महीनों से स्थाई करने, मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। राज्य सरकार से महिला वर्कर्स से जुडी मांगों पर गंभीरता से विचार करें ताकि वर्कर्स एवं उनके परिवार को राहत मिल सके। देवनानी ने कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाखों की संख्या में महिला वर्कर्स सालों से कार्यरत हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक का रिकॉर्ड रखने का महत्ती कार्य उनकी ओर से किया जाता है फिर भी उनको मिलने वाला मानदेय इतना कम है कि इस महंगाई में उनका घर खर्च भी चलना मुश्किल हो चला है। आंगनबाडी केंद्रों पर कार्यरत महिला वर्कर्स को स्थाई करने तथा उनके सम्मानजनक मानदेय में बढोत्तरी किए जाने की सख्त आवश्यकता है। सरकार द्वारा अनेक बार मानदेय कई महीनों तक भुगतान नहीं किया जात है ऐसे में वर्कर्स को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह हर माह मानदेय का भुगतान करें। उन्होंने बताया कि महिला वर्कर्स को भी राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की तरह ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन अवकाश प्रदान किए जाने चाहिए। केंद्रों पर घटिया पोषाहार आपूर्ति संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। अजमेर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन जर्जर अवस्था में है। किसी की दीवारों में गहरी दरारे पड़ी हुई है तो कई की छत जर्जर हो चुकी है। केंद्र के जर्जर भवनों की तत्काल मरम्मत कराए जाने चाहिए।

## झारखंड के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव को समन

**रांची/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को तलब किया है। उन्हें निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से संबंधित धनशोधन मामले (मनी लॉन्ड्रिंग केस) के सिलसिले में समन किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, अब पंचायती राज सचिव एक्का से इस मामले से संबंधित मनरेगा योजना में कथित अनियमितताओं के बारे में पूछताछ की जा सकती है।

## टीएमसी ने कुंतल घोष और शांतनु बनर्जी को पार्टी से निकाला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी पार्टी ने कुंतल घोष और शांतनु बनर्जी को पार्ट से निष्कासित कर दिया है। टीएमसी नेता शशि पांजा ने इस बात की जानकारी दी है। शशि पांजा ने बताया कि टीएमसी नेताओं कुणाल घोष और शांतनु बनर्जी को पार्टी से निकाल दिया गया है। इन दोनों नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किया था। शशि पांजा ने कहा कि तृणमूल ने कभी भी दोषियों का समर्थन नहीं किया। बल्कि हम चाहते हैं कि इस भ्रष्टाचार की जांच में तेजी आए। इसका शीघ्र समाधान किया जाए। जिन लोगों के नाम प्रक्रिया में सामने आए उनके खिलाफ पार्टी ने कार्रवाई भी की है। तृणमूल और अन्य दलों में यही अंतर है कि तृणमूल आरोपी का समर्थन नहीं करती है।

## हरियाणा बोर्ड के गणित का पेपर लीक पांच पर केस दर्ज

**सोनीपत ( हिंस )।** सोनीपत में एक बार फिर मंगलवार को पेपर लीक हो गया। खंड गन्नौर में गांव आहुलाना स्थित स्कूल से पेपर लीक हुआ। फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया था। पेपर के तीन अलग-अलग कोड लीक किए गए थे। चेयरमैन फ्लाइंग टीम ने की कार्रवाई करते हुए तीन छात्रों, एक प्राइवेट स्कूल टीचर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल आहुलाना गन्नौर से यह पेपर लीक हुआ था। पेपर लीक होने के बाद बारकोड के आधार पर हुई पुष्टि हुई सेंटर पर दो टीचर रिलीव किए गए हैं। परीक्षा केंद्र को रद्द कर दिया गया। आरोप है कि प्राइवेट स्कूल का टीचर नकल करवा रहा था। मंगलवार को दसवीं कक्षा का मैथ का था पेपर था इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले सभी के पेपर रद्द कर दिए गए हैं।

## सरकार ने लोकसभा को बताया नक्सली हिंसा में आई 77 फीसदी की कमी



**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में कहा कि पिछले 12 साल में भारत में नक्सली हिंसा में 77 प्रतिशत की कमी आई है। नक्सली हिंसा में मरने वालों की संख्या में भी 90 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा का भौगोलिक प्रसार काफी कम हो गया है और 2022 में 45 जिलों के केवल 176 पुलिस स्टेशनों ने संबंधित हिंसा की सूचना दी है। 2010 में, 96 जिलों के कम से कम 465 पुलिस थानों ने वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा की सूचना दी थी। एक लिखित प्रश्न के उत्तर में, राय ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से संबंधित मौतों (सुरक्षा बलों और नागरिकों) की संख्या 2010 में 1005 के सर्वकालिक उच्च स्तर से घटकर 2022 में केवल 98 रह गई है। मंत्री ने कहा कि हिंसा के भौगोलिक प्रसार में गिरावट सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत कवर किए गए जिलों की संख्या में कमी से भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि 2010 में एसआरई योजना के तहत 126 जिलों को कवर किया गया था, लेकिन अप्रैल 2018 में यह संख्या घटकर 90 और जुलाई 2021 में 70 हो गई। राय ने कहा कि झारखंड में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि बुरहा पहाड़, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और खूंटी और पारसनाथ पहाड़ियों जैसे स्थानों को शिविरों की स्थापना और सुरक्षा बलों द्वारा निरंतर अभियानों के माध्यम से माओवादियों से मुक्त कर दिया गया है।

No. FAAMC/T_Dental/326/2023

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable Court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and twenty five paise) only are invited from reputed **Govt. Registered Firms/ Supplier** for the **Supply of hand instruments for dental department** at Fakhruddin Ali Ahmed Medical College & Hospital, Barpeta.

The Tender documents containing detailed information/terms and conditions for the purpose can be downloaded from the website http://faamcassam.co.in from **04-03-2023 to 25-03-2023**. Those who download the tender documents from the website should enclose the Demand Draft of Rs. 500/- (non-refundable) in favour of Principal-cum-Chief Superintendent, FAAMCH, Barpeta. The tender documents are non transferable.

**The last date and time of submission of tender is 25th March, 2023 up to 11:30 a.m.** and the tender will be opened on the same day at 12.30 p.m. (tentatively) in presence of the intending suppliers or their authorized representatives. The tenders are to be submitted to the Office of the Principal-cum-Chief Superintendent, F.A.A. Medical College Hospital, Barpeta on all the working days during office hours.

Principal-cum-Chief Superintendent
F.A.A. Medical College Hospital
Barpeta, Assam

***-- Janasanyog /C/22709/22***

# पृष्ठ एक का शेष

## *लिखते-लिखते गए...*

थी। अफगानिस्तान में शोध के दौरान वैदिक को न्यूयार्क की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, लंदन ओरिजिनल स्टडी इंस्टीट्यूट, मॉस्को एकेडमी ऑफ साइंस और काबुल यूनिवर्सिटी में स्टडी का विशेष मौका मिला। उन्होंने लगभग 50 देशों की यात्रा की। वैदिक संस्कृत, हिंदी, उर्दू, फारसी, रूसी और अंग्रेजी के जानकार थे। अंग्रेजी पत्रकारिता के मुकाबले हिंदी में बेहतर पत्रकारिता का युगारंभ करने वालों में डॉ। वैदिक का नाम अग्रणी था। साल 1958 में प्रूफ रीडर के तौर पर वह पत्रकारिता में आए थे। पहले सहसंपादक और फिर संपादक (विचार) के पद पर वह 12 साल तक *नवभारत टाइम्स* में रहे।

## *पूर्वोत्तर क्षेत्र में ...*

लाख 18 हजार जनधन खाते खोले जा चुके हैं। 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत असम में लगभग 98 लाख 50 हजार लाभार्थियों को लाभ हुआ है, जबकि असम में 79 हजार लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से लाभ हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत असम में करीब 6 लाख 19 हजार लोगों को लाभ मिला है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार युवाओं के बारे में चिंतित है और इसे देखते हुए असम में 113 नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने असम के सर्वांगीण विकास और लोगों के कल्याण के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की सक्रिय कार्य प्रणाली की भी सराहना की।

## *मुकरोह मेघालय का ...*

लोगों के बीच झड़प में पांच ग्रामीणों और एक वन रक्षक की मौत हो गई थी। भाजपा विधायक बिद्या सिंग इंगलेंग के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में शर्मा ने कहा कि मुकरोह गांव असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले का हिस्सा है। शर्मा ने एक लिखित उत्तर में कहा कि पुलिस अधीक्षक (सीमा) पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार असम पुलिस और मेघालय के वन डाकुओं के बीच संघर्ष दोनों राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय सीमा विवाद से संबंधित नहीं था। त्यनसोंग ने कहा कि क्षेत्रीय अंतर्राज्यीय सीमा समितियों को बहाल किया जाएगा और दोनों राज्यों के बीच वार्ता जल्द ही फिर से शुरू होने की उम्मीद है। पिछले नवंबर में हुई गोलीबारी की घटना के बाद से सीमा विवाद पर बातचीत को झटका लगा है। 27 फरवरी को मेघालय चुनावों से पहले अपने चुनावी घोषणापत्र में भाजपा ने असम के साथ सीमा विवाद को हल करने और सुरक्षा, सुरक्षा और कानून के शासन को बढ़ावा देने के लिए स्थायी चौकी स्थापित करने का वादा किया था। दो विधायकों के साथ भाजपा नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का हिस्सा है। इसका नेतृत्व मुख्यमंत्री कॉनराड के सांग्मा कर रहे हैं।

## *सरकार और न्यायपालिका ...*

एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है। भाजपा में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जााता है, इसलिए पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मोदी सरकार का मंत्री भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने का है। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त के चयन के लिए प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और विपक्ष के नेता (लोकसभा) की एक समिति गठित करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एक मंत्री के तौर पर उन्हें न्यायिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मुझे लगता है कि अतिक्रमण हुआ है तो मैं उचित मंच पर बात उठाऊंगा या उचित कार्रवाई शुरू करूंगा।

## *शादी सिर्फ अपोजिट ...*

को लोकतंत्र के बारे में बोलने का कोई नैतिक आधार नहीं है। कांग्रेस ने आज तक इमरजेंसी के लिए भी देश से माफी नहीं मांगी। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की इस 3 दिवसीय बैठक में चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। यहां तक कि संघ की बैठक में राजनीतिक विषय पर भी कोई डिस्कशन नहीं हुआ। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल को बुलाए जाने पर संघ ने कहा कि यह परंपरा है। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले आरएसएस की टॉप लीडरशिप की यह आखिरी बड़ी मीटिंग रही। इसमें सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, पांचों सह सरकार्यवाह, आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी, क्षेत्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी, संघ के प्रतिनिधि, सभी विभाग प्रचारक और 34 अलग-अलग संगठनों के स्वयंसेवक शामिल हुए। बैठक के पहले दिन अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने इस बैठक में तीन प्रस्ताव लाने की बात कही थी। उनके अनुसार, सामाजिक समरसता से जुड़े पहले प्रस्ताव में भारत के विकास की नीति बनाने पर जोर रहा। इसमें समाज का सहयोग और समाज के कार्यों की नीति बनाई गई। दूसरा प्रस्ताव सर्वधर्म समभाव का रहा जिसमें सबको जोड़ने पर जोर दिया गया। भगवान महावीर के परिनिर्वाण के जीवन संदेश और स्वामी दयानंद सरस्वती के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में लोगों को बताने पर जोर दिया गया। तीसरा प्रस्ताव आरएसएस की शाखाओं में महिलाओं को शामिल करने से संबंधित बताया गया। हालांकि बैठक के आखिरी दिन होसबोले ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिलाओं को आरएसएस और शाखाओं से जोड़ने की खबर सिर्फ मीडिया रिपोर्ट्स में पड़ी। सभा में इस पर कोई चर्चा नहीं हुई।

## *भारत दुनिया का ...*

सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे और नई दिल्ली 9वें स्थान पर है। 8वें नंबर पर अफ्रीकी देश चाड की राजधानी अन जामेना है। अगर सर्वे एजेंसी ने दिल्ली को दो भागों में नहीं बांटा होता तो यह अब भी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी होती, लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी तौर पर नई दिल्ली अब दूसरे नंबर पर है। दिल्ली के साथ एनसीआर में शामिल शहर गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में प्रदूषण के स्तर में गिरावट देखी गई है। औसत पीएम2.5 की तुलना में गुरुग्राम में 34 फीसदी, फरीदाबाद में 21 फीसदी तक सुधार हुआ। दिल्ली में 8 फीसदी ही सुधार आया है, लेकिन इन शहरों में प्रदूषण अभी भी बहुत ज्यादा है। इससे सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को है। प्रदूषण से उनके फेफड़े प्रभावित हो रहे हैं। बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं। सबसे प्रदूषित शहरों में 10 शहर उत्तर प्रदेश और 7 शहर हरियाणा के हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के आगरा में पिछले साल के मुकाबले 55त्न तक का सुधार देखने को मिला है। आगरा में 2017-21 के बीच पीएम2.5 85 माइक्रोग्राम था। 2022 में यह सिर्फ 38 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। सबसे प्रदूषित 100 शहरों में 72 दक्षिण एशिया के हैं। इनमें ज्यादातर शहर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के हैं। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर विश्व बैंक ने प्रदूषण में कटौती करने के लिए आने वाले खर्च का एनालिसिस किया है। इसके लिए 2.6 अरब डॉलर खर्च करने होंगे।

## *मस्जिद पर पत्थर ...*

बाइक रैली निकाल रहे थे। जब जुलूस एक मुस्लिम मोहल्ले से गुजरा तो कुछ उपद्रवियों ने घरों और एक मस्जिद पर पत्थराव किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक मामले की जानकारी देते हुए हावेरी के एसपी शिवकुमार ने बताया ये बाइक रैली शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जा रही थी लेकिन कुछ उपद्रवियों एक मस्जिद के पास आते ही पत्थराव शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि जिस वक्त ये रैली निकाली जा रही थी, उस वक्त पुलिस भी वहां भी तैनात थी, यही वजह कि जब पत्थराव शुरू हुआ तो तुरंत स्थिति को काबू कर लिया गया। एसपी शिवकुमार ने कहा कि जुलूस के दौरान पुलिस अधिकारी तैनात होने से अपराधियों की पहचान करने में आसानी हुई। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को भी ऐसा ही मामला सामने आया था। इसी तरह की एक रैली में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने तनाव पैदा करने की कोशिश की थी। इसी घटना ने शायद लोगों को भड़काया होगा। बता दें, इससे पहले भी सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पिछले साल गुरुग्राम में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने नमाजियों के साथ मारपीट भी की थी। साथ में उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मस्जिद में बाहर से ताला लगा दिया था।

## *संसद दूसरे दिन भी...*

में कार्यवाही की शुरुआत ऑस्कर में फिल्म आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा के साथ हुई। इस दौरान फिल्म और कला जगत से जुड़े सदन के सदस्यों तथा विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने दोनों से जुड़ी टीम को बधाई दी। इसके बाद राज्यसभा में सदन के नेता व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने देश के बाहर जाकर यह बयान दिया है। इसके पीछे कोई मंशा छिपी हुई लगती है। उन्हें सदन से माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने अन्य पार्टियों की चुप्पी और समर्थन पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बाकी पार्टियों की इस मुद्दे पर चुप्पी शर्मनाक है। यह चिंता का विषय है कि अन्य पार्टियां उनके बयान पर कुछ नहीं कह रहीं। इसके बाद हंगामे को बढ़ता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बाद में कार्यवाही के दोबारा शुरू होने पर पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेता ने संसद पर टिप्पणी की है और दोनों सदन इसमें आते हैं। उनकी इस बात का समर्थन केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी किया। उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि संसद की कार्यवाही के विषय पर की गई टिप्पणियों को सदन में उठाया जा सकता है। पूरे विषय पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद इस विषय पर कोई राय रखेंगे और सदन को इससे अवगत करायेंगे। इसके बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

## *भोपाल गैस कांड ...*

इस पर लापरवाही बरत कर यूसीसी की जिम्मेदारी तय करने का अनुरोध नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि समझौते के दो दशक बाद केंद्र द्वारा इस मुद्दे को उठाने का कोई औचित्य नहीं बनता। शीर्ष अदालत ने कहा कि पीड़ितों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पास पड़ी 50 करोड़ रुपए की राशि का इस्तेमाल केंद्र सरकार पीड़ितों के लंबित दावों को पूरा करने के लिए करे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मुआवजे के लिए केंद्र के अनुरोध का कोई कानूनी आधार नहीं बनता। अदालत ने कहा कि या तो समझौता वैध था या धोखाधड़ी के मामलों में इसे रद्द किया जाए। केंद्र द्वारा ऐसी किसी भी धोखाधड़ी की बात नहीं की गई और उनका एकमात्र विवाद कई लोगों के हताहत होना और लागतों से संबंधित है, जिन पर समझौते के समय विचार नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि यह पता था कि लोगों के पुनर्वास के लिए चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार करना होगा और पर्यावरण को नुकसान होना तय था। वास्तव में, यूसीसी का आरोप है कि भारत सरकार और राज्य ने सक्रिय रूप से घटनास्थल को *डिटॉक्सिफाई* नहीं किया। किसी भी मामले में यह समझौते को रद्द करने की मांग करने का आधार नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि हम दो दशकों बाद इस मुद्दे को उठाने के केंद्र सरकार के किसी भी तर्क से संतुष्ट नहीं हैं ... यह मानते हुए भी कि प्रभावित पीड़ितों के आंकड़े अपेक्षा से अधिक निकले तो भी ऐसे दावों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध रहती है...हमारा मानना है कि उपचारात्मक याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी भी शामिल हैं। पीठ ने मामले पर 12 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। केंद्र 1989 में हुए समझौते के हिस्से के रूप में अमेरिकी कंपनी से प्राप्त 715 करोड़ रुपए के अलावा अमेरिका स्थित यूसीसी की उत्तराधिकारी कंपनियों से 7,844 करोड़ रुपए और चाहता है। मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए केंद्र ने दिसंबर 2010 में शीर्ष अदालत में उपचारात्मक याचिका दायर की थी। केंद्र इस बात पर जोर देता रहा है कि 1989 में मानव जीवन और पर्यावरण को हुई वास्तविक क्षति का ठीक से आकलन नहीं किया जा सका था। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड संयंत्र से दो-तीन दिसंबर 1984 की मध्यरात्रि को जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव होने लगा था, जिसके कारण 3000 से अधिक लोग मारे गए थे और एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। इससे पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। यूनियन कार्बाइड संयंत्र ने तब 47 करोड़ डॉलर का मुआवजा दिया था। इस कंपनी का स्वामित्व अब *डाउ जोंस* के पास है।

## *शिक्षक घोटाला : जीरो ...*

गांगुली की टिप्पणी के बाद एसएससी ने 3478 ऐसे परीक्षार्थियों का ओएमआर शीट वेबसाइट पर डाली है। इसमें बताया गया है कि किस परीक्षार्थी को लिखित परीक्षा में कितने नंबर मिले थे और गैरकानूनी तरीके से उन्हें नियुक्त करने के लिए सर्वर पर कितने नंबर बढ़ाए गए। इनमें से 3030 लोगों के नंबर आश्चर्यजनक तरीके से बढ़ाए गए हैं। सर्वर पर कई गुना बढ़ाकर नंबर दिए गए हैं, जिसकी वजह से उन्हें नौकरी मिली है। वेबसाइट पर प्रकाशित सूची पर जिनका सीरियल नंबर 3031 से 3392 है, उन्हें लिखित परीक्षा में प्राप्तांक और एसएससी के सर्वर पर ओएमआर का प्राप्तांक एक ही है। उसके बाद 3392 से अंतिम तक जो सूची है उसमें प्राप्तांक और ओएमआर नंबरों में बड़ा अंतर है। एक अधिकारी ने बताया कि नियुक्ति भ्रष्टाचार बहुत बड़ा है और 350 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। ईडी ने दो दिन पहले ही कोर्ट में हलफनामा के जरिए दावा किया है कि नियुक्ति भ्रष्टाचार 350 करोड़ रुपए से अधिक का है।

## *महिला पर पेशाब करने ...*

12317) से बिहार के कऊल से पंजाब के अमृतसर के लिए यात्रा कर रही थी। रास्ते में टीटीई मुन्ना कुमार ने महिला यात्री के सिर पर पेशाब कर दिया। इसके बाद यात्रियों ने उसकी पिटाई की। फिर रेलवे पुलिस ने आरोपी टीटीई को गिरफ्तार कर लिया। अभी वो न्यायिक हिरासत में है और उसे टीटीई के पद से भी हटा दिया गया है। ये ट्रेन अमृतसर से कोलकाता के बीच चलती है। टीटीई ने अपनी बर्थ पर सो रही महिला के ऊपर पेशाब किया था। इसके बाद वो उठी और चिल्लाने लगी। तभी उसके पति ने टीटीई को पकड़ लिया। इसके बाद बाकी पैसेंजर भी उठ गए और उसकी हरकत का पता चलते ही उस पर टूट पड़े। बताया जाता है कि वो काफी नशे में था। इंस्पेक्टर जीआरपी चारबाग नवरत्न गौतम ने बताया अमृतसर के राजेश पत्नी के साथ ए-1 कोच में सफर कर रहे थे। उनकी पत्नी जब सीट पर सो रही थीं, तभी बिहार के टीटीई मुन्ना कुमार ने उनके ऊपर पेशाब कर दी। इसके बाद यात्रियों ने टीटीई को पकड़ लिया और पिटाई कर दी। बताया कि टीटीई नशे में धुत था। पति राजेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी से सामने आया है कि मुन्ना बिहार के बेगूसराय का है और सहारनपुर में रेलवे में टीटीई के रूप में कार्यरत है। वो इस ट्रेन में डयूटी पर भी तैनात नहीं था। इस बात की भी जांच की जा रही है कि मुन्ना कुमार नशे में था या नहीं।

## *स्वर्वेद भाष्य*



**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**हरि जन हरि महं रत रहें, छाड़ि सकल जग आश।**
**आगे पीछे हरि फिरैं, सब सुख जन कहँ पास॥ 23॥**

**शब्दार्थ :** (हरि जन) प्रभु-भक्त (हरि) दुःख हरने वाला, प्रभु, (जन) आत्मसमर्पित अनुभवी संत।

**भाष्य :** प्रभु के भक्त संसार की समस्त आशाओं को छोड़कर प्रभु की भक्ति में लवलीन रहते हैं। परमप्रभु सर्व ओर से उनकी रक्षा करते हैं और सब सुख उनके पास विद्यमान रहते हैं।

**जल जीवन मृतक भया, अन्तर गम लवलीन।**
**ऋधि सिद्धि सेवा करे, हरि भक्तन नहिं भीन॥ 24॥**

**शब्दार्थ :** (भीन) अनुरक्त, लवलीन (जन) अनुरागी, अनुभवी संत।

**भाष्य :** अनुभवी संत संसारी जीवन से रहित हो कर जीवन्मृतक हो जाते हैं, उन्हें संसार की आशा, इच्छा एवं चिंता नहीं रहती, वे अंतर-चेतनमार्ग में लवलीन रहते हैं। ऋद्धि-सिद्धि उनकी सेवा करती हैं, परंतु वे विरक्त संत उनमें अनुरक्त न हो कर निशिदिन प्रकृतिपार परमप्रभु की भक्ति-आनंद में सदैव निमग्न रहते हैं।

# प्रश्न पत्र लीक मामले में अब तक 22 हिरासत में

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम (सेबा) द्वारा आयोजित की जा रही हाई स्कूल (एचएसएलसी) परीक्षा के सामान्य विज्ञान (सी3) प्रश्न पत्र लीक मामले में पुलिस की सीआईडी टीम ने असम के विभिन्न जिलों में अभियान चलाकर 22 लोगों को हिरासत में लिया है। इसकी जानकारी राज्य के डीजीपी जीपी सिंह ने मंगलवार को दी। डीजीपी ने बताया कि गुवाहाटी, उत्तर लखीमपुर, धेमाजी, सदिया, डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों में सीआईडी की अलग-अलग टीमों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 22 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिये गये लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि हम प्रश्न पत्र के लीक होने में शामिल लोगों और साजिशकर्ताओं के नेटवर्क का पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 13 मार्च को आयोजित होने वाली हाई स्कूल की विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर एक दिन पहल ही जारी कर दिये गये थे। जिसके चलते 12 मार्च की मध्य रात्रि को सेबा ने विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया। इसको लेकर सड़क से लेकर विधान सभा के अंदर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। शिक्षा मंत्री ने बताया था कि प्रश्न पत्र लीक मामले में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इसकी जांच सीआईडी को सौंपी गई है। साथ ही सेबा की ओर से भी विभागीय जांच की जा रही है। प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर आज (मंगलवार) भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में छात्र संगठन एवं अन्य संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए सेबा के चेयरमैन, शिक्षा मंत्री और परीक्षा नियंत्रक को निलंबित करने की मांग की जा रही है।


GP Singh
@gpsinghips

Reference paper leakage case of General Science (C3) of HSLC examination being conducted by Board of Secondary Education, Assam - 22 persons have been detained at/from Guwahati, North Lakhimpur, Dhemaji, Sadiya, Dibrugarh and Tinsukia. Further lawful action as mandated by law is being taken against them.
We remain committed to unearth the network of people involved in leakage of the question paper and the conspirators.
@assampolice @DGPAssamPolice @mygovassam @CMOfficeAssam

10:36 am · 14 Mar 23 · 33.8K Views

61 Retweets 8 Quotes 618 Likes

## 15.44 लाख के जाली भारतीय नोटों के साथ एक गिरफ्तार

करीमगंज (हि.स.)। 21वीं सेक्टर असम राइफल्स की राधानगर बटालियन ने करीमगंज जिले के पथारकांदी थाने की पुलिस के साथ मंगलवार को एक संयुक्त कार्रवाई में जाली भारतीय मुद्रा के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 15.44 लाख के जाली नोट बरामद हुए हैं। असम राइफल्स के सूत्रों ने बताया है कि ड्रग्स और जाली भारतीय मुद्रा की विश्वसनीय जानकारी के आधार पर असम राइफल्स की राधानगर बटालियन ने पाथरकांदी पुलिस थाना पुलिस के साथ एक संयुक्त रूप से छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल ने मु. निजामुद्दीन लस्कर को 15 लाख 44 हजार की नकली भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है। असम राइफल्स ने जाली भारतीय करेंसी और पकड़े व्यक्ति को कानूनी कार्यवाही के लिए पथरकांदी थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

# एसएआई-20 प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भारत की अध्यक्षता में एसएआई-20 एंगेजमेंट ग्रुप की पहली वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आज (मंगलवार) गुवाहाटी में सम्पन्न हुई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) और सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन-20 (एसआईए-20) एंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष गिरीश चंद्र मुर्मू ने समापन भाषण दिया। अपने संबोधन में गिरीश चंद्र मुर्मू ने ब्लू इकोनॉमी और रिस्पॉन्सिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर दो दिवसीय चर्चा के दौरान सामने आए ज्ञान की सराहना की। अपने संबोधन में मुर्मू ने ब्लू इकोनॉमी और जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर दो दिवसीय चर्चा के दौरान सामने आए चर्चा की सराहना की। उन्होंने इन दोनों में जिम्मेदार ढांचे को बनाने और मजबूत करने के लिए सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक एसएआई-20 ड्रॉफ्ट के शून्य मसौदे की चर्चा पर केंद्रित था। एसएआई-20 सदस्य एसएआई के प्रतिनिधियों ने ड्रॉफ्ट के शून्य मसौदे के लिए अपना व्यापक समर्थन व्यक्त किया। समापन सत्र के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि दो दिवसीय बैठक के दौरान सदस्य देश इस बात पर सहमत हुए कि ब्लू इकोनॉमी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग जैसे उभरते मुद्दों को ऑडिट समुदाय द्वारा संबोधित किया जाना चाहिए। विनिमय और क्षमता निर्माण में एक दूसरे की सहायता करना चाहिए। इस दो दिवसीय बैठक में आमंत्रित जी20 के सदस्य एसएआई-20, पर्यवेक्षक एसएआई और विश्व बैंक के लगभग 38 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# राज्य में एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नियुक्ति-प्रक्रिया जारी : नेउग

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन राज्य की वित्त मंत्री अजंता नेउग ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से घोषित एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद चरणबद्ध तरीके से रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। असम की वित्त मंत्री अजंता नेउग मंगलवार को सदन में राइजर दल के विधायक अखिल गोगोई के एक सवाल के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 मई, 2022 से लेकर अब तक 38,987 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है। इसके तहत नियमित पदों की संख्या 35, 180 और संविदात्मक पदों की संख्या 3807 है। नेउग ने कहा कि मई 2021 से असम सरकार की ओर से विभिन्न विभागों में 26 हजार पद विज्ञापन के जरिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हुई है। शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अति शीघ्र पूरा किया जाएगा। विभागों के अनुसार विज्ञापन जारी किये गये स्थायी और संविदात्म पदों की सूची विभागों से आमंत्रित की गई है। सरकार एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की प्रक्रिया जारी है, अतिशीघ्र यह काम पूरा किया जाएगा। अखिल गोगोई के जवाब में मंत्री नेउग ने कहा कि आगामी 10 से 20 मई के भीतर और 40 हजार नियुक्तियां दी जाएंगी, शेष जो भी रह जाएगा उसे भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जो भी आश्वासन दिया है, उसे पूरा किया जाएगा। साथ ही कहा कि कोरोना काल के दौरान छह महीने तक स्थिति बेहद जटिल हो गई थी, जिसके चलते इसमें कुछ देरी हुई है। गोगोई के परिपूरक प्रश्न पूछे जाने के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने काफी टोका-टोकी की। वहीं सीपीआई(एम) के विधायक मनोरंजन तालुकदार ने भी चर्चा में हिस्सा लेते हुए सरकार पर अपने वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

## नाजरीन अहमद ने एपीएससी के नए सदस्य के रूप में शपथ ली

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में नाजरीन अहमद, एसीएस (सेवानिवृत्त) को असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के नए सदस्य के रूप में पद की शपथ दिलाई। इससे पहले सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव असम के मनिंदर सिंह ने समारोह की कार्यवाही शुरू करने के लिए राज्यपाल से अनुमति मांगी। समारोह में एपीएससी के अध्यक्ष भारत भूषण देव चौधरी, राज्य सूचना आयुक्त समुद्र गुप्ता कश्यप, सदस्य और एपीएससी के अन्य पदाधिकारी, डीसी कामरूप (मेट्रो) पल्लव गोपाल झा, पुलिस आयुक्त दिगंत बोरा, राज्य के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



## अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

गोलाघाट (हि.स.)। गोलाघाट में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि गोलाघाट जिला शहर के समीप हमदै पुल पर बीती देर रात को सड़क के किनारे बिजली के खंभे से एक स्कूटी अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसके चलते कमारबंधा गोहाईं गांव निवासी चंदन ज्योति बोरा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं शहर के समीप ढेकियाल में एक सड़क दुर्घटना में दो अन्य युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को गोलाघाट शहीद कुशल कोंवर सिविल अस्पताल में बीती देर रात को भर्ती कराया गया। पुलिस दोनों ही मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर लिये हैं।

# राज्यपाल ने आईपीएस प्रोबेशनर्स से की बातचीत



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को राजभवन में 2019, 2020 और 2021 बैच के असम कैडर के 10 आईपीएस प्रोबेशनर्स के साथ बातचीत की। उनसे बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि एक आईपीएस अधिकारी की भूमिका बहुत ही चुनौतीपूर्ण होती है और समाज के लिए अत्यधिक महत्व रखती है। जनता के साथ एक मजबूत बंधन को बढ़ावा देने के साथ ही कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी एक मांगलिक कार्य है। राज्यपाल ने कहा कि जरूरतमंदों को न्याय दिलाने की नेक और गहन सेवा एक कर्तव्य है जो अत्यधिक महत्व रखता है। उन्होंने सभी से जिम्मेदारी निभाने और समाज में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने में योगदान देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने उन्हें बधाई दी और कामना की कि वे पूरी लगन और समर्पण के साथ देश की सेवा करते रहें। संवाद कार्यक्रम में आयुक्त और राज्यपाल के सचिव एसएस मीनाक्षी सुंदरम ने भी भाग लिया।

## गांजा और शराब की तस्करी में शामिल एक महिला गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस चौकी की टीम ने गांजा और शराब की तस्करी के आरोप में एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को चलाए गए अभियान के दौरान चौदह माइल इलाके में स्थित एक चाय दुकान की से 1023 बोतल अंग्रेजी शराब की बोतल जब्त कि गई है। जिसे मेघालय में बिक्री के लिए बनाया गया था। वहीं पुलिस ने महिला के पास से लगभग 15 किग्रा गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान लक्ष्मी देवी के रूप में की गई है। गिरफ्तार महिला इलाके में काफी लंबे समय से गांजा और शराब के कारोबार में शामिल बताई गई है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पूसीरे ने ग्राहक इंटरफेस में सुधार के लिए उठाए कई कदम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** माल परिवहन में सुधार के निरंतर प्रयास के क्रम में पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) आवक और जावक माल परिवहन की हैंडलिंग नए स्टेशनों में शुरू कर रही है। इस वर्ष फरवरी माह के दौरान माल परिवहन कुछ और रेलवे स्टेशनों में शुरू की गई हैं जिससे ग्राहकों द्वारा विभिन्न वस्तुओं के परिवहन में आसानी हो सके। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ ट्रांसपोर्टरों को बड़े पैमाने पर लाभ होने की उम्मीद है। ग्राहक इंटरफेस में सुधार करने और माल ढुलाई को और अधिक बढ़ाने के लिए, रंगिया मंडल के अधीन मिर्जा स्टेशन को कोयला, पीओएल, पशुधन, विस्फोटक और क्रेन खेप को छोड़कर सभी आवक माल परिवहन की हैंडलिंग के लिए खोला गया है। इसके अलावा, इसे इस वर्ष 15 फरवरी से पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन के लिए भी खोल दिया गया है। रंगिया मंडल अंतर्गत हारमती स्टेशन में आवक स्टील पाइप खेप की हैंडलिंग की अनुमति इस वर्ष 15 फरवरी से 06 महीने तक के लिए बढ़ा दी गई है। इससे पहले, इसे 27 जुलाई, 2022 से 06 महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए आवक स्टील पाइप खेप की हैंडलिंग के लिए खोला गया था। तिनसुकिया मंडल अंतर्गत नामरूप स्टेशन को इस वर्ष 23 फरवरी से जावक बालू परिवहन की हैंडलिंग के लिए खोला गया है। बाद में, इस वर्ष 28 फरवरी से 06 महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए कोयला लोडिंग के लिए अनुमति बढ़ा दी गई है। इससे पहले, इसे 10 अक्टूबर, 2022 से 03 महीने की अवधि के लिए जावक कोयला परिवहन की हैंडलिंग के लिए खोला गया था। पार्सल बुकिंग प्रणाली को आधुनिक और उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस में वृद्धि के लिए इस वर्ष 14 फरवरी को लमडिंग मंडल के अधीन आगियाठरी रेलवे स्टेशन पर एक पार्सल प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) स्थापित की गई है। उन्नत व्यवस्था के तहत पार्सल कार्यालयों में पार्सल की बुकिंग कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। व्यापारी और व्यवसायी अब अपने माल के परिवहन के लिए तेज, विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। वे अपनी खेप को ट्रैक भी कर सकते हैं।

## सड़क हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के कोलियाबोर के मीसा में भीषण सड़क हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि गुवाहाटी की ओर से आ रही बोलेरो पिक अप वाहन (एएस-01एनसी-5045) की कालियाबोर के मीसा में डंपर के साथ भीषण टक्कर हो गई। पता चला है कि वाहन गुवाहाटी से नारायणपुर की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि हादसे में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) में रेफर किया गया है। वहीं हादसे के बाद हादसे का कारण बना डंपर समेत चालक फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

# गोसाईगांव के दवागुड़ी में हुई हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ जिला के गोसाईगांव सब-डिविजन अंतर्गत दावागुरी में बीती रात हुए हत्याकांड के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि बीती रात दो नंबर बुरिसाटाम गांव निवासी अली असगर (32) अपनी दुकान बंदकर घर लौट रहे थे, इसी दौरान पीछे से हमलावर ने धारदार चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को गोसाईगांव आरएनबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए बंगाईगांव जिला सदर अस्पताल में भेज दिया, लेकिन बीच रास्ते में ही अली असगर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गोसाईगांव सब-डिविजनल पुलिस ने जांच शुरू कर दी और 2 नंबर हस्राओबाड़ी गांव निवासी सोनाब तालुकदार के पुत्र ताहेर तालुकदार को सापकाटा पुलिस ने घटना के संबंध में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ताहेर तालुकदार को शिमुलटापु पुलिस को सौंप दिया। ताहेर तालुकदार ने कथित तौर पर बताया है कि उसकी पत्नी ने तलाक लेने के बाद अली असगर से पुनर्विवाह किया था, जिसके चलते उसने असगर अली की हत्या कर दी। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वहीं जिला मुख्यालय शहर तेजपुर के बरघाट पुलिस ने कार के जरिए तस्करी किए जा रहे चार मवेशियों को पुलिस ने छुड़वाया। पुलिस ने एक मवेशी चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि रंगापाड़ा से आ रही लग्जरी कार को पुलिस की टीम ने काफी दूर तक पीछाकर रोका लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए कार सवार फरार होने में सफल हो गये।

## जलजली नदी पर पुल निर्माण की मांग



**नगरबेड़।** कामरूप जिले के बको विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुराना मालीबाड़ी-छमरिया संपर्क मार्ग पर जलजोली नदी पर आजादी के 73 साल बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो पाया है. जलजली नदी के दोनों क्षेत्रों को अलग करने के कारण बड़े क्षेत्र के लोग परिवहन के मामले में पीड़ित हैं। जलजली नदी पारापार के लिए वर्षों से परिवहन का एकमात्र नांव ही भरसा रही है। साधारण एक नदी में पुल न होने के कारण क्षेत्र के लोग आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, फायर फाइटर आदि से भी वंचित होना पड़ रहा हैं।हर दिन बड़े क्षेत्र के लोगों को खतरनाक वातावरण के माध्यम से यातायात के साथ जीवन जीना जारी रखना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से स्थानीय विधायक, सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल नदी में पुल के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। क्षेत्र के लोगों ने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा से पूराना मालीबाड़ी-छमरिया लिंक रोड पर जलजोली नदी पर पक्का पुल बनाने की मांग की है।

# राप्रविपस की दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन

**बिश्वनाथ ( निसं )।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश एवं विश्वनाथ चाराली राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के संयुक्त तत्वावधान में गत 12 एवं 13 मार्च को राष्ट्रीय एकता का भाषाई, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं भाषा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह गत रविवार को यहां के कोसगावं स्थित राष्ट्रीय विद्यालय में प्रात 10 बजे प्रभुनाथ सिंह, अध्यक्ष, विचाराप्रवि परिचालना समिति के अध्यक्षता मे आयोजित उद्घाटन सत्र से शुरू हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे, प्रधान संपादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, तथा प्रयागराज से पधारे विशिष्ट अतिथि आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडे, भाषा विज्ञानी एवं समीक्षक, उत्तर प्रदेश, प्रो. दिलीप कुमार मेधी, आचार्य, हिंदी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय एवं डॉ. अनुशब्द, वरिष्ठ सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय ने अपने अपने विचार प्रकट किए। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थी एवं कार्यकर्ताओं ने संगीतमय हिंदी गौरव गान किया। इस अवसर पर प्रथम सत्र के अंतर्गत शहीद भगत सिंह महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग आचार्य सुनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता का भाषाई परिप्रेक्ष्य विषय पर तेजपुर विश्वविद्यालय, असम हिंदी विभाग के वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ. अनुशब्द, तथा केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के गुवाहाटी केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. चंद्र शेखर चौबे ने सारस्वत वक्तव्य प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में प्रो. दिलीप कुमार मेधी, आचार्य, हिंदी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय के अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता का साहित्यिक परिप्रेक्ष्य विषय पर सारस्वत वक्ता के रुप में स्थानीय हिंदी विद्वान व साहित्यकार हरि प्रसाद लुइटेल, डॉ. आलोक रंजन पांडे, सह-आचार्य, हिंदी विभाग, रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली, डॉ. परिस्मिता बरदलै, सहायक आचार्या, हिंदी विभाग, कॉटन विश्वविद्यालय एवं डॉ. नन्दिता दत्त, सहायक आचार्या, हिंदी विभाग, नॉर्थ लखीमपुर कॉलेज, लखीमपुर ने अपने शोध पत्र का वाचन किया। दूसरे दिन श्रीश्री सार्वजनिक धर्मशाला सभागार में राष्ट्रीय एकता का सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य विषय पर तृतीय सत्र के अंतर्गत प्रो. प्रमोद मीणा, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सारस्वत वक्ता डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश, गीता वर्मा, अध्यापिका, बिश्वनाथ महाविद्यालय ने विचार व्यक्त किया। चतुर्थ सत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता का भाषाई, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य तथा पूर्वोत्तर भारत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में डॉ. अनिता पंडा, वरिष्ठ लेखिका की अध्यक्षता में डॉ. बीपी फिलिप, वरिष्ठ व्याख्याता, रीता सिंह सर्जना, अध्यक्षा, पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी, तेजपुर, अतिरिक्त उपायुक्त व कार्यवाहक महकमाधिपति जय शिवानी, विश्वनाथ, डॉ. चुकी भूटिया, सह-प्रध्यापक, सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के अंतिम सत्र में भाषाविज्ञानी एवं समीक्षक प्रयागराज उत्तर प्रदेश पधारे आचार्य पंडित पृथ्वीनाथ पांडे ने दीप प्रज्वलन कर समापन सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। प्रभुनाथ सिंह अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डॉ. क्षीरदा कुमार सैकिया, मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, विशिष्ट अतिथि डॉ. चिंतामणि शर्मा, प्राचार्य, विश्वनाथ महाविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त किए। इसी अवसर पर मंचस्थ समस्त अतिथियों का स्वागत फुलाम गामोछा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा में प्रकाशित पांच पुस्तकों का लोकार्पण किया गया, जिनमें पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी दिव्यज्योति बरुवा के बाल कविता संग्रह दिव्य-मन, प्रचारक मनीषा पाल के कविता संग्रह हर लम्हा कुछ कहता है, प्रचारक सैयदा अनवरा खातुन की कविता-कहानी संग्रह जिंदगी तेरे लिए, स्मृति-शेष स्वर्णलता हाजरिका के बाल उपन्यास कुतु और सुमन तथा प्रचारक संतोष कुमार महतो के काव्य संग्रह शब्द-संजीवनी सम्मिलित थे। इसी अवसर पर आठ हिंदी सेवियों ऊषा साहू, राहुल मिश्रा, सैयदा अनवरा खातून, मनीषा पाल, गायत्री कलवार, गायत्री गुप्ता, अनूप शर्मा, कविराज होमागॉंञी को भाषा गौरव सम्मान आभूषित किया गया। इस अवसर संस्थान के पदाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, सूर्य नारायण पांडे, मदन गोपाल साहू, गीता वर्मा, अरुण साहनी, सुरेंद्र कुमार सहनी, सुधन साहनी, लोकनाथ शास्त्री, बजरंग रौनियार, वंदना दास, कल्पना पाल, धरित्री राय बरुवा, चित्र प्रसाद पौड़ेल, प्रेम विश्वकर्मा तथा देश के अनेक राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन सचिव संतोष कुमार महतो ने की।



# हिन्द महासागर क्षेत्र में क्वाड देशों की नौसेनाओं ने किया एक्सरसाइज 'ला पेरोस'

- चारों विदेशी नौसेनाओं के जहाजों और विभिन्न हेलीकॉप्टरों की भागीदारी देखी गई
- भारत के स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्री ने लिया हिस्सा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हिन्द महासागर में क्वाड देशों अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापानी नौसेना के साथ भारतीय नौसेना का दो दिन तक चला बहुपक्षीय अभ्यास 'ला पेरोस' मंगलवार को खत्म हो गया। अभ्यास के इस तीसरे संस्करण में भारतीय नौसेना के साथ जापान की मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स, ऑस्ट्रेलियाई रॉयल नेवी, फ्रेंच नेवी और यूनाइटेड स्टेट्स नेवी के जहाजों और विभिन्न हेलीकॉप्टरों की भागीदारी देखी गई। फ्रांसीसी नौसेना की ओर से आयोजित द्विवार्षिक अभ्यास 'ला पेरोस' का उद्देश्य समुद्री डोमेन में जागरुकता बढ़ाना और भारत-प्रशांत क्षेत्र की नौसेनाओं के बीच समुद्री समन्वय को मजबूत करना है। दो दिवसीय अभ्यास ने पांच समान विचारधारा वाले नौसैनिक बलों को घनिष्ठ संबंध विकसित करने, अपने कौशल को तेज करने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया। यह अभ्यास जटिल और उन्नत नौसैनिक संचालन का गवाह बना, जिसमें सतही युद्ध, वायु-विरोधी युद्ध, वायु रक्षा अभ्यास, क्रॉस डेक लैंडिंग और सामरिक युद्धाभ्यास शामिल किये गए। अभ्यास 'ला पेरोस' में भारत की ओर से स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्री और फ्लीट टैंकर आईएनएस ज्योति अभ्यास ने हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना की भागीदारी ने मैत्रीपूर्ण नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर के ताल-मेल, समन्वय और भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्री अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है, जो उसे हवा, सतह और उपसतह के खतरों का पता लगाने और बेअसर करने में सक्षम बनाता है। यह जहाज विशाखापत्तनम में स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक हिस्सा है। ला पेरोस संयुक्त अभ्यास की शुरूआत 2019 में फ्रांस ने की थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के जहाज शामिल थे। 2021 में भारत की भागीदारी ने फ्रांस के नेतृत्व वाले नौसेना अभ्यास में क्वाड देशों का प्रतिनिधित्व पूरा किया। पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में 5 से 7 अप्रैल, 2021 तक आयोजित किए गए बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास ला पेरोस में पहली बार भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस किल्टन और लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई ने हिस्सा लिया था। इस समूह का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देशों के हितों की रक्षा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है।

## देश के सभी मंडलों तक शाखा को विस्तार देगा संघ




**अजय कुमार**

**समालखा/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश करने से पूर्व चाहता है कि वह देश के सभी मंडलों तक शाखाओं का विस्तार कर दे। इसके लिए हरियाणा के सोनीपत में स्थित पट्टीकल्याणा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में विस्तार से चर्चा हुई है। उसके लिए आगामी वर्ष में कार्यकताओं तक इसकी रूपरेखा भेजी जाएगी। संघ का कहना है कि कोविड के कालखंड में उसके कार्यक्रमों विशेषकर फील्ड के कार्यक्रमों जैसे शाखा आदि में थोड़ी कठिनाईयां आई थीं, लेकिन पिछले वर्ष में जिस तेज गति से काम हुआ है उससे प्रत्येक क्षेत्र में कम से कम नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वह आगामी समय में इसको और विस्तार देगा। खासकर संघ ने यह विचार किया है कि वह अपने पहले से चल रहे सामाजिक समरसता अभियान को और गति देगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकताओं को और सजग करेगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोद्धन के कार्यक्रमों को गति देगा।

## नंदीग्राम में ममता ने नहीं जनता ने किया आंदोलन : शुभेंदु



**कोलकाता, (हि.स.)।** वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को नंदीग्राम दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। हाईकोर्ट के आदेशानुसार सुबह 8:00 उन्होंने नंदीग्राम के गोकुल नगर में रैली शुरू कर दी थी और इसके समापन पर संबोधन भी किया। इस दौरान नंदीग्राम आंदोलन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को तृणमूल कांग्रेस हाइजैक करने की कोशिश करती रही है लेकिन हकीकत यह है कि नंदीग्राम का आंदोलन किसी पार्टी या व्यक्ति का नहीं बल्कि आम लोगों का था। स्थानीय लोगों ने मिल कर बड़ा आंदोलन किया था। इससे ममता बनर्जी या किसी का कोई लेना-देना नहीं था। इसके बाद शुभेंदु ने कहा कि हमने इस इलाके से सीपीएम को साफ किया है और अब बुआ-भतीजा ( ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) को भी साफ करेंगे। अगले साल भतीजा (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी) जेल में रहेंगे। तृणमूल छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बारे में खुलकर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर किसी के पास यह अधिकार है कि वह अपना राजनीतिक दल बदल सके। तृणमूल कांग्रेस ने मुझे जितनी भी जिम्मेदारियां दी थी वह खुशी से नहीं बल्कि मजबूरी में देनी पड़ी।

वे लोग मुझसे बहुत जलते थे लेकिन मैंने सभी जिम्मेदारियां छोड़कर 19 दिसंबर 2020 को भाजपा का दामन थामा था। नंदीग्राम आंदोलन से लेकर आज तक ऐसा कोई साल नहीं है जब मैं शहीद स्थल पर नहीं आया और शहीदों के परिवारों से नहीं मिला। तृणमूल में तो कोई था ही नहीं उस आंदोलन से जुड़ा हुआ। अब वे बाहर से लोग लाकर इस दिवस को भी हाइजैक करना चाहते हैं लेकिन लोग उन्हें जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और उनकी पुलिस मुझे रोकने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। बंगाल में लोकतंत्र किस तरह खतरे में है इसकी बानगी है कि मुझे हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय बलों की सुरक्षा में शहीदों को श्रद्धांजलि देनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 16 साल पहले 14 मार्च 2007 को नंदीग्राम में पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी वाम मोर्चा के कार्यकताओं की फायरिंग में 14 ग्रामीणों की जान चली गई थी। उसके बाद से हर साल 14 मार्च को शहीद दिवस मना कर गोली कांड के शिकार हुए लोगों को श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। पुलिस ने यहां शुभेंदु अधिकारी की जनसभा को अनुमति नहीं दी थी लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक सभा की अनुमति दी।

## हाई कोर्ट का बार काउंसिल को निर्देश, शिक्षा का अधिकार कानून हर लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाया जाए




**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को निर्देश दिया है कि शिक्षा का अधिकार कानून को हर लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने पर विचार करे। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। याचिका सोशल जूरिस्ट की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने दायर की थी। याचिकाकर्ता ने 15 फरवरी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवेदन देकर मांग की थी कि अगले शिक्षण सत्र से शिक्षा का अधिकार कानून को सभी लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाए। याचिका में कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार कानून हर बच्चे की शिक्षा के अधिकार और उनके विकास से जुड़ा है, लेकिन इसे अभी तक पूर्ण तरीके से लागू नहीं किया गया है। याचिका में कहा गया था कि बच्चों की आबादी कुल जनसंख्या का 40 से 45 फीसदी है। शिक्षा के अधिकार तक ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंच होने के लिए वकीलों पर बड़ी जिम्मेदारी है। वकील ही शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने पर कोर्ट आ सकते हैं। इसलिए कानूनी शिक्षा में शिक्षा का अधिकार कानून को शामिल करना काफी जरूरी है। याचिका में कहा गया था कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के रूल्स के तहत बार काउंसिल को लॉ कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज में अनिवार्य विषय तय करने का अधिकार है।

## बढ़ सकती हैं दिल्ली सरकार की मुश्किलें



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** फीडबैक यूनिट एफबीयू मामले में दिल्ली सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। एलजी कार्यालय ने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और दो पूर्व मंत्रियों के पत्र को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव को भेज दिया है। खुफिया जानकारियां इकट्ठा करने के लिए एफबीयू के गठन पर सवाल उठने के बाद पूर्व सांसद सहित दो पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल और किरण वालिया ने एलजी को पत्र लिखकर एनआईए या सीबीआई से जांच करवाने की मांग की थी। इसे भ्रष्टाचार से अलग मानते हुए देशविरोधी गतिविधियां में संलिप्तता का आरोप लगाते हुए दिल्ली सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के खिलाफ राजद्रोह की कार्रवाई की मांग की गई थी। इस मामले में आम आदमी पार्टी ने भी एलजी कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए कई सवाल उठाए हैं। आप ने निशाना साधते हुए कहा है कि यह देखना बहुत दिलचस्प है कि जब दिल्ली सरकार बीजेपी से जुड़े किसी मामले की एलजी से शिकायत या संदर्भ लेती है तो वह उस पर कभी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं की एक शिकायत पर बीजेपी के एलजी ने तुरंत एक्शन लिया है। इससे पता चलता है कि कैसे भाजपा और कांग्रेस पीठ पीछे एक समान हैं। कांग्रेस और बीजेपी एक है।

## संसद को नहीं चलने दे रही सरकार : कांग्रेस



**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार संसद को नहीं चलने दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में जोर देकर कहा कि यह पहली बार है जब केन्द्र सरकार के मंत्री संसद को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कोई गलत बात नहीं कही है। मोदी सरकार उनपर गलत आरोप लगा रही है। राहुल माफी क्यों मांगे? उन्होंने क्या गुनाह किया है? माफी तो उन्हें मांगना चाहिए जो संसद को नहीं चलने दे रहे। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सोमवार को इस मुद्दे पर खूब शोरशराबा हुआ। दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सत्ता पक्ष कांग्रेस नेता नेता राहुल गांधी से मांफी मांगने की मांग कर रहा है। दरअसल बीते दिनों राहुल गांधी ने लंदन में कहा था कि "हमारी संसद में विपक्षी नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं।" राहुल के इस बयान पर भाजपा उनसे माफी मांगने की मांग कर रही है।

## उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों के सुविधा के लिए शनिवार को चलेगी अतिरिक्त मेट्रो



**कोलकाता, (हि.स.)।** उच्च माध्यमिक के परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेल शनिवार को अतिरिक्त मेट्रो चलाएगी। उच्च माध्यमिक की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो चुकी है। मेट्रो रेल ने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18 मार्च शनिवार और 25 मार्च शनिवार को आठ स्पेशल मेट्रो ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। यह मेट्रो दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष के बीच चलेगी। आमतौर पर शनिवार को अन्य दिनों की अपेक्षा मेट्रों की संख्या कम होती है। चूंकि मेट्रो में कई परीक्षार्थी सफर करते हैं, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की संख्या बढ़ाई गई है। ये ट्रेनें सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेंगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि चार जोड़ी और मेट्रो चलेंगी। पहली मेट्रो सुबह 9.50 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष के लिए रवाना होगी। फिर सुबह 11:06 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष मेट्रो चलेगी। वहीं कवि सुभाष से मेट्रो सुबह दस बजे दक्षिणेश्वर के लिए रवाना होगी। फिर कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर जाने वाली मेट्रो 10:55 बजे रवाना होंगी। फिर दोपहर 3:10 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर के लिए मेट्रो रवाना होगी। इस रूट पर एक और अतिरिक्त मेट्रो शाम 4:12 बजे चलेगी। वहीं, मेट्रो दक्षिणेश्वर से दोपहर 3:40 बजे रवाना होगी। यह कवि सुभाष तक जायेगी। इस रूट पर 4: 15 मिनट बजे एक और मेट्रो चलेगी।

## मैं अपना नाम भूल सकती हूं, लेकिन नंदीग्राम नहीं : ममता बनर्जी

**पूर्व मेदिनीपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को नंदीग्राम शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मंगलवार सुबह प्रदेश की प्रशासनिक मुखिया ने अपने फेसबुक पेज पर भूमि रक्षा को लेकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस फायरिंग में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया। उसने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा कि मैं अपना नाम भूल सकती हूं, लेकिन मैं नंदीग्राम को नहीं भूल सकती। नंदीग्राम दिवस के अवसर पर, हम उन सभी शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, जो माकपा की क्रूर ताकतों के क्रूर अत्याचारों के परिणामस्वरूप मारे गए। उल्लेखनीय है कि नंदीग्राम में अपनी जमीन की रक्षा के लिए प्रदर्शन कर रहे 14 ग्रामीणों की पुलिस फायरिंग में मौत हो गई थी। 14 मार्च 2007 को पूर्वी मेदिनीपुर जिले की इस घटना ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को बदल दिया। भूमि आंदोलन के शहीदों की याद में तृणमूल कांग्रेस हर साल 14 मार्च को शहीद दिवस मनाती है। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को भी नंदीग्राम में शहीद स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया।

## बंगाल मे एडेनोवायरस से 4 बच्चों ने तोड़ा दम, ढाई माह में 147 की मौत



**कोलकाता (ईएमएस)।** पश्चिम बंगाल में एडेनोवायरस से कोलकाता के एक अस्पताल से रविवार रात ओर सोमवार के दोपहर तक चार बच्चों के मौत की सूचना मिली है। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। बीसी। रॉय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में हुई चार मौतें एडेनोवायरस से होना बताई जा रही है। चारों बच्चों को खांसी, सर्दी और सांस लेने में गंभीर लक्षणों के साथ भर्ती कराया गया था। पिछले सप्ताह , मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि एडेनोवायरस से संबंधित कुल 19 बच्चों के मौत की जानकारी दी थी। जिनमें छह बच्चों की मौत के वायरस से मौत होने की पुष्टि हुई थी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 मार्च को जारी अधिसूचना में भी यही आंकड़ा बताया था। उसके बाद बच्चों की मौत का कोई आंकड़ा अपडेट नहीं किया गया है। अस्पताल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी की शुरूआत से अभी तक 147 मौतों की जानकारी दी गई है। वायरस से संक्रमित बच्चों को भर्ती करने का दबाव बी.सी. रॉय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में सबसे ज्यादा रहता है। सबसे ज्यादा बच्चों की मौत की रिपोर्ट कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से मिली है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च,नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हैजा एंड एंटरिक डिजीज के सर्वेक्षण से उजागर हुआ है, कि 1 जनवरी से मार्च तक पूरे देश में 38 प्रतिशत स्वैब के सैंपल एडेनोवायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। पश्चिम बंगाल से अभी तक 9 की सूचना मिली है। जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। तमिलनाडु 19 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। केरल मे 13 दिल्ली मे 11 प्रतिशत और महाराष्ट्र 5 प्रतिशत के साथ, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर है। एडेनोवायरस के सामान्य लक्षण मे फ्लू,सर्दी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, निमोनिया और तीव्र ब्रोंकाइटिस जैसे लक्षण पाए जाते हैं। दो साल और उससे कम उम्र के बच्चे इस वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। यह वायरस त्वचा के संपर्क से, हवा से खांसने-छींकने से और संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से फैलने की संभावनाएं जताई जा रही है। इस वायरस के इलाज के लिए कोई स्वीकृत दवा या कोई विशिष्ट उपचार अभी तक नहीं मिला है।

## देश में एम्स की संख्या बढ़कर हुई 22 : डॉ. मनसुख मांडविया




**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की संख्या पिछले आठ सालों में 22 हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में एम्स की संख्या सात से बढ़कर 22 हो गई है। आठ साल पहले देश में एम्स की संख्या सिर्फ सात थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जमाने में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विकास हुआ है।

## राजधानी में महिला जज के साथ लूटपाट, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उत्तरी दिल्ली के गुलाबी बाग थाना क्षेत्र में बदमाशों ने महिला जज और उनके बेटे के साथ लूट की, जिसका विरोध करने पर आरोपित मारपीट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान राहुल और दिलशाद के रूप में हुई है। उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने मंगलवार को बताया कि घटना 06 मार्च की है। महिला जज और उनका बेटा दोनों रात का भोजन कर गुलाबी बाग स्थित जज कॉलोनी परिसर में टहल रहे थे। तभी कॉलोनी की गेट के निकट बाइक पर कुछ युवक आए, जिन्होंने महिला जज और उनके बेटे के साथ लूटपाट की और विरोध करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना कॉलोनी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर टेक्निकल सर्विलांस की मदद से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर दिल्ली में बढ़ रहे अपराधों पर पुलिस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध इस हद तक बढ़ चुका है कि सड़क पर चल रहा हर आदमी या औरत असुरक्षित है। एक महिला जज के साथ झपटमारी की घटना बेहद शर्मनाक है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी पुरानी कार से विधानसभा पहुंचे



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह अपनी पुरानी आल्टो कार से विधानसभा पहुंचे। मुख्यमंत्री के पास एचपी-55,2627 आल्टो कार कई सालों से है। उनकी अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का यह पहला बजट सत्र है। बजट सत्र छह अप्रैल तक चलेगा। मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे बजट सत्र का आगाज हुआ। सत्र में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री का काफिला विशेष गेट से विधानसभा में दाखिल हुआ, तो वहां मौजूद अधिकारी व अन्य लोग यह देखकर दंग रह गए कि मुख्यमंत्री अपनी सालों पुरानी ऑल्टो कार में बैठे हैं। सुक्खू अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहते हैं। कुछ दिन पहले वह सचिवालय से अपने सरकारी आवास ओकओवर तक पैदल यात्रा करते दिख चुके हैं।

## अमेरिका-चीन की प्रतिद्वंद्विता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हथियारों की होड़ का कारण : नौसेना प्रमुख

- चीन ने एक दशक के भीतर अपने बेड़े में 148 युद्धपोत जोड़कर नौसैन्य क्षमता बढ़ाई
- भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सेनाएं भी बढ़ा रही हैं अपनी ताकत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र अमेरिका और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता का "मैराथन" देख रहा है, जिसके कारण इस क्षेत्र में नौसैनिक हथियारों की दौड़ शुरू हो गई है। यही वजह है कि बीजिंग ने पिछले एक दशक में भारतीय समुद्री सेना की ताकत के लगभग बराबर 148 युद्धपोत अपने बेड़े में जोड़कर नौसैन्य क्षमता बढ़ाई है। नौसेना प्रमुख ने यह विचार विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन में दिए व्याख्यान में व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-चीन के बीच लंबी मैराथन होगी। पश्चिम और चीन के बीच हथियारों की होड़ मित्र देशों और केंद्रीय शक्तियों के बीच विश्व युद्ध के एक युग के समान है। उदाहरण के लिए चीन ने पिछले 10 वर्षों में 148 युद्धपोत शामिल किए हैं, जो शायद पूरी भारतीय नौसेना के बराबर है और यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। नौसेना प्रमुख ने बताया कि प्रतिद्वंद्विता ने क्षेत्र में कई जगह संघर्ष की स्थिति बनाई है, जिसमें कई बाहरी ताकतें भी शामिल होना चाहती हैं। उन्होंने "मेड इन इंडिया" के तहत देश के पहले विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के निर्माण में देश की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस विमानवाहक पोत के निर्माण में स्टील सहित स्वदेशी उपकरणों का बहुत अधिक प्रतिशत में इस्तेमाल किया गया है। इसमें रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और स्थानीय स्टील कंपनियों का खास योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि नौसेना के लिए 43 युद्धपोतों और पनडुब्बियों में से 41 भारत में ही बनाए जा रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि सशस्त्र बलों ने खुद को भविष्य के लिए "पुनर्गठन और पुनर्संरचना" के मार्ग पर स्थापित किया है। उन्होंने सैन्य मामलों के विभाग की स्थापना, रक्षा कर्मचारियों के प्रमुख की नियुक्ति, अग्निपथ भर्ती योजना की शुरूआत और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिए थियेटर कमांड की पहल को सही दिशा में कदम बताया।एडमिरल कुमार ने कहा कि इस तरह की संगठनात्मक व्यवस्था पर हमें तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। नौसेना अध्यक्ष ने भारत के समुद्री चरित्र पर कहा कि मुझे लगता है कि देश का समुद्री परिदृश्य अब हमारे समग्र दृष्टिकोण को आकार दे रहा है और संभवतः वह मान्यता हासिल कर रहा है, जिसका वह हकदार है।उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा और भारत की समृद्धि शायद राजनीति, नीति निर्माताओं और भारत के लोगों के लिए अधिक स्पष्ट हो रही है। उन्होंने कहा कि इस समय समुद्री भारत बढ़ रहा है और समय की मांग है कि हम इस उच्च जल में नौकायन करने के अवसर को मजबूती के साथ पकड़ें।

# सरकार खरीदेगी 5450 रुपये कुंतल सरसो, एक अप्रैल से शुरू होगी खरीदारी : सूर्य प्रताप शाही

## – कृषि मंत्री ने कहा, किसानों के मुद्दे पर संवेदनशील है सरकार, 2017 से पूर्व आलू का नहीं होता था सरकारी क्रय

**लखनऊ, (हि.स.)।** सरकार ने राई, सरसों, चना और मसूर की खरीद के लिए क्रय केंद्र स्थापित कर दिये हैं। सरसों को समर्थन मूल्य 5450 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जबकि चना का समर्थन मूल्य सरकार ने 5335 रुपये और मसूर का समर्थन मूल्य 6000 रुपये तय किया गया है। इस वर्ष प्रदेश सरकार ने 3.94 लाख मि. टन सरसों, 2.12 मि.टन चना, 1.49 मि. टन मसूर क्रय करने का लक्ष्य रखा है। यह खरीददारी एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। यह जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने निदेशालय में हुई प्रेस-ावार्ता के दौरान दी। कृषि मंत्री ने बताया कि योगी सरकार हर वक्त किसानों के हित की बात सोचती है। उन्होंने आलू किसानों के परेशानी के मुद्दे पर याद दिलाया कि योगी सरकार



ने ही पहली बार 2017 में सरकार द्वारा आलू खरीद की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था खरीदारी के लिए नहीं, बल्कि बाजार हस्तक्षेप के लिए किया जाता है, जिससे न्यूनतम मूल्य से कम मूल्य किसानों को न मिले। इससे बाजार भाव बढ़ जाता है और किसानों को फायदा पहुंचता है। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जायद के सीजन में ज्वार, बाजरा, मक्का के आच्छादन के लिए संकर बीजों पर कुल 1500 रुपये प्रति कुंतल अनुदान एवं अधिकतम 50 प्रतिशत की धनराशि अनुमन्य की गयी है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत एक दिसम्बर 2018 से अभी तक 2.6 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खाते में 52000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि कृषकों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। वहीं खेत-तालाब योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5104 खेत तालाब पूर्ण किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त माह अप्रैल से जून 2023 तक 5550 खेत तालाब निर्माण के लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है तथा लाभार्थियों का चयन के लिए पोर्टल 20 फरवरी से खुला हुआ है।

# निकाय चुनाव को लेकर मायावती ने तैयार किया खाका

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी निकाय चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। बहुजन समाज पार्टी ने इस चुनाव में लड़ने का फैसला लेते हुए रणनीति भी बनाई है। निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने खाका तैयार किया है। उन्होंने निकाय चुनाव की जिम्मेदारी अपने सांसदों को सौंपी है। बसपा के शासनकाल में हुए कार्यों और कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। इसके लिए सेक्टरवार सदस्यता अभियान,



बूथ कमेटी गठित की जाएगी। कैडर के आलावा अन्य वर्ग के लोगों पर भी पार्टी की नजर होगी। इसको लेकर मायावती जल्द ही दिल्ली में बैठक कर सकती है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने ओबीसी आयोग की 350 पेज की सर्वे रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया है। अब निकाय चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी का इंतजार है।

# लोकगायिका हेमा पाण्डेय दी नेहा सिंह राठौर को नसीहत, न गाएं राजनीतिक गीत

## - कहा, यूपी में योगी आदित्यनाथ ने किया है बहुत काम

**बलिया, (हि.स.)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एक विवाह समारोह में मंच से पारंपरिक गाली गीत गाने के बाद सुर्खियों में आई बिहार की मशहूर सिंगर हेमा पांडेय ने भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर को नसीहत दी है। हेमा पाण्डेय ने कहा कि नेहा राठौर को यूपी की योगी सरकार के खिलाफ पॉलिटिकल गीत नहीं गाने चाहिए। क्योंकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने बहुत काम किया है। बिहार के आरा की रहने वाली हेमा पांडेय और उनकी दो बहनों के पारम्परिक गाने खूब पसन्द किए जा रहे हैं। सोमवार को बहनों के साथ बलिया पहुंची हेमा मुख्यमंत्री



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचा। यहां 319 जोड़ों की शादी के लिए आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पारम्परिक गीतों को गा कर हेमा और उनकी बहनों ने लोगों का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम से इतर बातचीत में हेमा ने कहा कि नेहा सिंह राठौर को राजनीतिक गाने से दूर रहना चाहिए। नहीं तो मुसीबत झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें अश्लीलता से दूर रह कर पारंपरिक गीतों को बढ़ावा देना है। लोग चलताऊ फूहड़ गानों से ऊब गए हैं। जबकि हमारे तमाम संस्कारों में गाए जाने वाले गीत भरे पड़े हैं। बस उन्हें आगे लाने की जरूरत है। मैं वही काम कर रही हूं। हेमा पांडेय ने कहा कि मुझे भी राजनीति पसंद है। यहां योगी सरकार अच्छा काम कर रही है। यह भी कहा उनको भी मौका मिला तो यूपी से चुनाव लड़ूंगी।

# सहारा इंडिया में जमा पैसे के भुगतान की मांग को लेकर भूख हड़ताल

**कोडरमा, (हि. स.)।** संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को कोडरमा जिला मुख्यालय के समीप सहारा इंडिया में जमा पैसे का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में जमाकताओं एवं अभिकताओं ने एक दिवसीय भूख हड़ताल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष भागीरथ सिंह एवं संचालन देवेंद्र बरनवाल ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक सहारा इंडिया हम लोगों के जमा पैसे का भुगतान नहीं करती है तब तक हम लोग चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ अपना मतदान



करेंगे। भूख हड़ताल कार्यक्रम के पश्चात एक शिष्टमंडल के द्वारा कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। धरना को सम्बोधित करते हुए सीटू नेता संजय पासवान ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप कर करोड़ों जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस दिलाने की मांग की। इस भूख हड़ताल प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिंद्र कुमार शर्मा, संतोष गोप, सुभाष कुमार सिंह, रंजू देवी सहित अन्य शामिल हुए।

# लॉ एंड ऑर्डर सहित आंगनबाड़ी मानदेय को लेकर विपक्ष का हंगामा

**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को बजट सत्र के आठवें दिन कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष के विधायकों ने हंगामा किया। लॉ एंड ऑर्डर और अन्य मुद्दे पर भाजपा ने विधानसभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया। आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर भी जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा विधायक लखेंद्र पासवान ने हंगामा करते हुए माइक तोड़ दिया। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस पर कार्रवाई होगी। लखेंद्र पासवान पातेपुर से भाजपा के विधायक हैं। भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक ले किए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही स्थगित होने के बाद भाजपा ने सत्ता पक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि माइक तोड़ने की बात गलत है। सत्ता पक्ष के विधायकों ने हमारे दलित विधायक को गाली दी, धमकी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का काम सदन चलाना है। तो सत्ता पक्ष के विधायक वेल में क्यों आएं। उन्होंने कहा कि राज्य में जंगलराज है। अपराधियों की सरकार भ्रमित करने का काम कर रही है, लेकिन जनता सब देख रही है।

लखेंद्र पासवान ने अपनी सफाई में कहा कि वह आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय को बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। सत्ता पक्ष की ओर से मेरे लिए अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया गया। गालियां दी गई। उन्होंने कहा कि मैंने माइक तोड़ा नहीं, माइक खुल गया। आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने फिर से बिहार में बिना परमिशन ईडी, सीबीआई की कार्रवाई पर रोक की मांग की है। उन्होंने कहा कि वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिख रहे हैं। लेटर के साथ भाई वीरेंद्र सदन पहुंचे। राजद विधायक ने कहा कि बंगाल समेत 9 राज्यों में इस तरह का कानून है। बिहार में भी कानून बनना चाहिए। दूसरी ओर विधानसभा के परिसर में माले के विधायकों ने भूमि सुधार कानून को ठीक से लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बेगूसराय में मुस्लिम बच्चियों के साथ हुई हिंसा और रेप के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इधर जदयू विधायक डॉ संजीव ने रामचरित्र मानस पर विवादित टिप्पणी को लेकर शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री को ज्ञान की कमी है। उन्हें अपना धर्म बदल लेना चाहिए। शिक्षा को छोड़कर ये बेकार की बातें कर रहे हैं। जेडीयू हर धर्म का सम्मान करता है।

# सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

## -फिरोजाबाद में पांच, कानपुर देहात और मिर्जापुर में दो-दो लोगों की हुई मौत

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बीते 24 घंटों के दौरान हुए सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को घटना पर दुख प्रकट करते हुए घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देश दिए हैं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह फिरोजाबाद जनपद के नसीरपुर थाना क्षेत्र में नगला जवाहर गांव के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। घटना उस समह हुई, जब गोरखपुर में शादी समारोह में शामिल होकर यात्री टैंपो ट्रैवलर से वापस राजस्थान के सुजानगढ़ लौट रहे थे। उसी वक्त पीछे से आई कार ने टैंपो ट्रैवलर में जोरदार टक्कर मारी दी। हादसे में ट्रैवलर गाड़ी का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार आगे जाकर पलट गई। हादसे में ट्रैवलर पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कार में सवार एक महिला की मौत हो गई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीएम शिकोहाबाद शिवध्यान पांडे और सीओ सिरसागंज प्रवीण तिवारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में तेजी लाते हुए सभी घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जिलाधिकारी रवि रंजन ने ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायलों के उपचार के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। दूसरी घटना कानपुर देहात जनपद में हुई।





जब शिवली थाना क्षेत्र में बीती रात बारात लेकर जा रही कार और ऑटो में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

घटना में ऑटो पर सवार पिता और पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान कानपुर नगर के गोपालपुर में रहने वाले कमलेश और उनकी बेटी निधि (17) के रूप में की है। राहगीरों ने बताया कि कल्याणपुर शिवली रोड पर रोड लाइट नही है, क्योंकि यह रोड कई कस्बों से जुड़ता है। यहां गड़ियों का आवागवन काफी ज्यादा रहता है और ट्रैफिक सिग्नल न होने की वजह से हादसे होते रहते हैं।

इसे लेकर प्रशासन ने भी कोई कदम नहीं उठाया है। इसी तरह मिजार्पुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र स्थित कुंदरूख गांव के पास सोमवार की देर रात टैंकर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक की हालत गम्भीर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद फिरोजाबाद, मिजार्पुर और कानपुर देहात में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# उप्र में तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को एक बार फिर शासन ने तीन आईपीएस के तबादले किए हैं। जीआरपी में तैनात अपर पुलिस महानिदेशक ए सतीश गणेश को अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस मुरादाबाद भेजा गया है। वहीं, अभी तक आईपीएस रवि जोसेफ लोक्कु के पास पीटीएस मुरादाबाद का एडिशनल चार्ज था, उन्हें एडिशनल चार्ज से अवमुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा आईपीएस एसके भगत




को अपर पुलिस महानिदेशक जीआरपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एसपी देहात मेरठ आईपीएस वीडियो वायरल मामले के बाद एडीजी ए सतीश गणेश को साइड लाइन किए जाने की चर्चा है।

# भाजपा सरकार नहीं बढ़ा रही पुजारियों का मानदेय : अखिलेश यादव

**लखनऊ, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुजारियों के मानदेय से संबंधित मुद्दे पर ट्वीट किया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर पुजारियों का मानदेय न बढ़ाने और जनता से उगाही करने वाला तंज कसा है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि 'सपा सरकार के समय पुजारियों के लिए मानदेय दिया गया था व दर्शनार्थियों को कई सुविधाएं उपलब्ध थीं। आज भाजपा सरकार न तो पुजारियों का मानदेय बढ़ा रही है न



जनता के लिए सुविधाएं, बस धन उगाही के नये-नये तरीके ढूंढ रही है। भाजपा धर्म का बाजारीकरण कर आस्थाओं का शोषण न करे, जनता आक्रोशित है।'

# रांची में विधानसभा गेट पर भाजपा विधायकों का नियोजन नीति के खिलाफ प्रदर्शन




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन आज (मंगलवार) भाजपा विधायकों ने विधानसभा गेट पर नियोजन नीति के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। सभी विधायक 60:40 नाय चलतो लिखा टी शर्ट पहन कर पहुंचे। इस दौरान 60:40 नाय चलतो, 1932 की भेलो का नारे लगाये। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नियोजन नीति को लेकर सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। कैसे इस मामले पर राज्य में गतिरोध कायम रहे और युवा दर-दर भटकते रहे, इसपर सरकार काम कर रही है। सरकार के पास न तो रोजगार देने की नीति है और न तो नियत। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले दरवाजे से नियोजन नीति ला रही है, जबकि सत्र चल रहा है तो इस नीति को पहले सदन में लाना चाहिए था।

# ललन सिंह ने पीएम से पूछा-क्या 2024 में सीबीआई और ईडी चुनाव लड़ेगी

**पटना, (हि.स.)।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक पुराना भाषण सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। जिसमें आज के समय की सीबीआई की तुलना पुराने सीबीआई से की गई है। ललन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल में हुए सभा का फुटेज शेयर किया है। जिसमें पीएम सीबीआई की काम पर सवाल उठाते हुए यह कह रहे हैं कि आनेवाला लोकसभा चुनाव सीबीआई लड़नेवाली है। ललन सिंह ने पांच सेकेंड के इस फुटेज की तुलना आज की सीबीआई से की है। जिस पर यह आरोप लगते रहे हैं कि वह केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। जदयू के राष्ट्रीय ललन सिंह ने नरेंद्र मोदी के फुटेज के साथ



प्रधानमंत्री से पूछा है कि वह बताएं कि क्या 2024 का चुनाव वास्तव में सीबीआई और ईडी लड़ेगी। ललन सिंह ने लिखा है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपका भाषण है। क्या 2024 का चुनाव वास्तव में सीबीआई और ईडी लड़ेगी? हो सकता है.. क्योंकि आपकी सरकार ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार देने के बदले नियुक्ति पर रोक लगायी और महंगाई पर चर्चा न हो इस से ध्यान भटकाने की भरपूर कोशिश हो रही है। देश की जन शक्ति सब देख रही है। 2024 में जनता जवाब देगी...देश भाजपा मुक्त होगा।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**वाराणसी (उत्तर प्रदेश), (हि.स.)।** कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के खिलाफ 23 साल पुराने मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने मुकदमे की तारीख पर हाजिर न होने पर सुरजेवाला के खिलाफ सोमवार को गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उनकी पत्रावली अलग कर दी। एमपी-एमएलए कोर्ट ने बाकी आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करते हुए मुकदमे के विचारण के लिए अगली तिथि 18 मार्च तय की है। सुरजेवाला पर चर्चित संवासिनी कांड पर वाराणसी जिला मुख्यालय में चक्काजाम और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। 21 अगस्त 2000 को युवा कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष रणदीप सिंह सुरजेवाला और तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष एसपी



गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ता लामबंद होकर आयुक्त कार्यालय परिसर में जबरदस्ती प्रवेश कर गए थे। इन लोगों ने संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं को फर्जी ढंग से फंसाने का आरोप लगाते हुए बवाल काटा था। इस पर सुरजेवाला और गोस्वामी सहित अन्य की गिरफ्तारी भी ही थी। इसी मामले में सोमवार को सुरजेवाला, स्थानीय नेता विजय शंकर पांडेय, संतोष चौरसिया, हाजी रहमतुल्ला, विद्याशंकर, अरविंद कुमार सिंह, अनिल श्रीवास्तव, शम्भूनाथ बाटुल, शांतेश उर्फ संतोष कुमार, दयानंद पाण्डेय, सतनाम सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, संजीव कुमार जैन, विशेश्वर नाथ पांडेय व दयाशंकर सिंह के खिलाफ आरोप तय होने थे। संसद की कार्यवाही चलने के कारण सुरजेवाला कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। इस पर अदालत ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

# ग्राम प्रधान को पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** मुरादाबाद के थाना बिलारी कोतवाली के गांव सनाई में राशन डीलर की जांच करने को आए खाद्य विभाग की टीम के सामने ग्राम प्रधान को पीटने के मामले में सोमवार को न्यायालय के आदेश पर बिलारी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपित लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बिलारी कोतवाली सनाई गांव के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पर मुकदमा दर्ज कराया कि गांव के ही सुनील, नीटू, करनवीर सिंह से चुनावी रंजिश चल रही है। 19 जनवरी को दोपहर ढाई बजे उनके गांव में राशन डीलर की जांच करने के लिए खाद्य विभाग की टीम पहुंची थी। लिहाजा राशन डीलर के घर पर उन्हें भी बुलाया गया। वह राशन डीलर के घर पहुंच गए। शिकायत करने वाले के घर पर ग्राम प्रधान होने के नाते पहुंचे तो वहां पर आरोपित सुनील, नीटू और कर्मवीर पहुंच गए। इस बीच गाली गलौज शुरू करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। नरेंद्र ने तमंचा निकालकर फायर किया। सुनील ने उनके गले की चेन तोड़ ली। आसपास के लोगों के जुट जाने पर सभी मौके से भाग गए। कोतवाली में तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 3 लोगों के मुकदमा दर्ज किया है।

# हाई कोर्ट ने अवैध माइनिंग को लेकर बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने मामले में आईजी रैंक के अधिकारी समेत माइनिंग विभाग के दो सीनियर अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। इन दो सीनियर अधिकारियों को जियोलॉजी और माइनिंग की जानकारी होना जरूरी है। गृह सचिव इन तीन सदस्यों वाली कमेटी को गठित करेंगे। इस कमेटी को लातेहार, गढ़वा और




पलामू के डीसी जांच में सहयोग करेंगे। कमेटी तीनों जिलों में अवैध माइनिंग की जांच कर रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में राजस्व का प्रमुख सोर्स माइनिंग है, इसके बाद भी यहां अवैध माइनिंग हो रही है। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण और बूथ सशक्तिकरण पर भाजपा की हुई बैठक

**बगहा, (हि.स.)।** बगहा जिला भाजपा अंतर्गत बगहा नगर मंडल के शक्ति केंद्र संख्या 01 पर शक्ति केंद्र प्रमुख अजय मोहन गुप्ता के आवास पर , शक्ति केंद्र संख्या 2 कैलाश नगर के हनुमान मंदिर और शक्ति केंद्र संख्या 3 पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोक सभा में दिए गए अभिभाषण और बूथ सशक्तिकरण अभियान से संबंधित बैठक नगर अध्यक्ष विजय साहु के अध्यक्षता में संपन्न हुई। अभिभाषण को जिला मंत्री रितु जायसवाल, अजय मोहन गुप्ता, राजेश बैठा, नागेंद्र सहनी, और दीपक राही, रौशन तिवारी ने पढ़कर सुनाया। विषय प्रवेश जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कराया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने जिज्ञासा समाधान और प्रश्नोत्तरी पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि बूथ सशक्तिकरण अभियान पर अपना विचार रखते हुए जिला महामंत्री सह लोक सभा संयोजक



अचिंत्य कुमार ने बूथ स्तरीय समीक्षा किया। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूप नारायण यादव, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सुजीत चौरसिया, जिला प्रवक्ता दीपक राही, रौशन तिवारी, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक गोविन्द जायसवाल, अमित पांडेय, मनोज ठाकुर वेद प्रकाश पाठक, बलराम पाठक सहित बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और लाभुकों ने भाग लिया।

## संपादकीय

# वीरांगनाएं सडक़ पर क्यों?

**पुलवामा** आतंकी हमले के शहीद सैनिकों की वीरांगनाएं राजस्थान में सडक़ पर विरोध-प्रदर्शन को विवश हुई हैं। हम अपने जांबाज सैनिकों के शौर्य और बलिदान को एक पल के लिए भी विस्मृत नहीं कर सकते। वीरांगनाओं की मांग है कि सरकार नियमानुसार शहादत की क्षतिपूर्ति करे, लेकिन राजस्थान सरकार अनसुनी और वादाखिलाफी कर रही है। शहादत की कोई कीमत नहीं है, फिर भी भारत सरकार का संशोधित कानून है कि शहीद की पत्नी, बेटा या बेटी अथवा गोद लिया बेटा या बेटी अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी को अधिकृत है, लेकिन तीन आंदोलित वीरांगनाएं चाहती हैं कि उनके देवरों को अनुकंपा वाली नौकरी यथाशीघ्र दी जाए, क्योंकि उनके बच्चे अभी छोटे और नाबालिग हैं। विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिसवालों ने वीरांगनाओं के साथ हाथापाई, धक्कामुक्की की और उन्हें खदेडऩे की कोशिश की। नतीजतन यह राजनीतिक मुद्दा बन गया है। चूंकि राजस्थान में यह चुनावी वर्ष है, लिहाजा भाजपा ने इस मुद्दे को लपक कर शहीदों और राष्ट्रवाद के अपमान से जोड़ दिया है। आंदोलित वीरांगनाओं के पति-सैनिकों ने पुलवामा आतंकी हमले के दौरान शहादत दी थी। बेशक शहीदों की विधवाओं को सरकार उचित मुआवजा देती रही है। कई मामलों में पेट्रोल पंप, विशेष कोटे के तहत, आवंटित किए जाते रहे हैं। सरकार किसान परिवार को कृषि-योग्य जमीन भी मुहैया कराती है। बुनियादी मकसद यह है कि शहीद की अनुपस्थिति में भी परिवार की रोजी-रोटी सम्मान से बरकरार रहे। अनुकंपा की नियुक्ति शहीद के एकदम आश्रित परिजन को ही दी जाती रही है। यदि बच्चे नाबालिग हैं, तो नौकरी पत्नी को दी जाती रही है। नियम-कानून अपनी जगह हैं और शहीद के परिवार का सामाजिक-आर्थिक सम्मान अपनी जगह महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान में वीरांगनाओं के सडक़ पर उतरने की नौबत ही नहीं आनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को नाराज और आंदोलित वीरांगनाओं से मुलाकात करनी चाहिए थी। उनका संवैधानिक दायित्व है कि ऐसे चेहरों को यथासंभव संतुष्ट करें। यदि राज्य सरकार ने अपनी योजना के मुताबिक, पुलवामा शहीदों के परिवारों को यथोचित लाभ दे दिया है, तो मुख्यमंत्री वीरांगनाओं से उसे साझा करें। यह भी बताना जरूरी था कि राजस्थान सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं कि यदि शहीद का बच्चा नाबालिग है, तो भी उसे नौकरी मुहैया कराई जाती है। बालिग होने पर वह बच्चा नौकरी को हासिल कर सकता है, क्योंकि तमाम दस्तावेज उसके पास होते हैं। हम समझते हैं कि शहीद के आश्रित परिवार की परिभाषा को राज्य सरकार बदल नहीं सकती। यह भारत सरकार का अधिकार-क्षेत्र है। यदि परिभाषा प्रत्येक मामले के संदर्भ में संशोधित कर बदली जाती रहे, तो अवांछित मांगों का पिटारा खुल सकता है। कोई भी सरकार व्यापक मांगों को पूरा नहीं कर सकती। फिर भी हमारा विवेक और सम्मान का तकाजा है कि वीरांगनाओं के साथ सडक़ पर तमाशा नहीं किया जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री इस मांग को पूरा नहीं कर सकते, क्योंकि यह कायदे-कानून के दायरे से बाहर की मांग है। राजनीतिक दलों के लिए यह फजीहत की स्थिति है।

बेशक शहीदों की विधवाओं को सरकार उचित मुआवजा देती रही है। कई मामलों में पेट्रोल पंप, विशेष कोटे के तहत, आवंटित किए जाते रहे हैं। सरकार किसान परिवार को कृषि-योग्य जमीन भी मुहैया कराती है। बुनियादी मकसद यह है कि शहीद की अनुपस्थिति में भी परिवार की रोजी-रोटी सम्मान से बरकरार रहे। अनुकंपा की नियुक्ति शहीद के एकदम आश्रित परिजन को ही दी जाती रही है। यदि बच्चे नाबालिग हैं, तो नौकरी पत्नी को दी जाती रही है। नियम-कानून अपनी जगह हैं और शहीद के परिवार का सामाजिक-आर्थिक सम्मान अपनी जगह महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान में वीरांगनाओं के सडक़ पर उतरने की नौबत ही नहीं आनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को नाराज और आंदोलित वीरांगनाओं से मुलाकात करनी चाहिए थी। उनका संवैधानिक दायित्व है कि ऐसे चेहरों को यथासंभव संतुष्ट करें। यदि राज्य सरकार ने अपनी योजना के मुताबिक, पुलवामा शहीदों के परिवारों को यथोचित लाभ दे दिया है, तो मुख्यमंत्री वीरांगनाओं से उसे साझा करें। यह भी बताना जरूरी था कि राजस्थान सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं कि यदि शहीद का बच्चा नाबालिग है, तो भी उसे नौकरी मुहैया कराई जाती है। बालिग होने पर वह बच्चा नौकरी को हासिल कर सकता है, क्योंकि तमाम दस्तावेज उसके पास होते हैं। हम समझते हैं कि शहीद के आश्रित परिवार की परिभाषा को राज्य सरकार बदल नहीं सकती। यह भारत सरकार का अधिकार-क्षेत्र है।

## बड़े देश अपना व्यापार भारत में बढ़ाने के लिए अपने संबंध मधुर करने की होड़ में लगे

# अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमकता भारत

जितेन्द्र कुमार नामदेव

जी-20 अध्यक्ष देश एक वर्ष के लिए जी-20 एजेंडा को आगे बढ़ाता है और शिखर सम्मेलन की मेजबानी करती है। जी-20 में दो समानांतर फाइनेंस ट्रैक और शेरपा ट्रैक होते हैं। वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर फाइनेंस ट्रैक का नेतृत्व करते हैं, जबकि शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शेरपा करते हैं। फाइनेंस ट्रैक का नेतृत्व सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा किया जाता है। दोनों ट्रैक के अंदर, विषयों से जुड़े कार्य समूह हैं जिनमें सदस्य देशों के संबंधित मंत्रालयों के साथ-साथ आमंत्रित, अतिथि देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर 2023 तक रहेगी। अगले साल सितंबर में होने वाले अंतिम नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में प्रतिनिधिमंडलों के 43 प्रमुख जो कि जी-20 में अब तक की सबसे ज्यादा संख्या है, भाग लेंगे।

**जी-20** की मेजबानी करने वाले भारत की धमक अब पूरी दुनिया में दिखाई देने लगी है। जिन्हें भारत कभी सांप-सपोलों का देश लगता था अब उन्हें भारत के साथ-साथ चलने में अपना भविष्य नजर आ रहा है। भारत से छोटे देश जहां सहयोग की उम्मीद लगाए बैठे हैं, तो बड़े देश अपना व्यापार भारत में बढ़ाने के लिए अपने संबंध मधुर करने की होड़ में लगे हैं। वहीं भारत से संबंध बिगाड़ चुके पड़ोसी देश इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में हो रही भारत की वाहवाही से बैचेन हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित होता है और इसकी अध्यक्षता बारी बारी से सदस्य देशों को प्राप्त होती है। जी-20 अध्यक्ष देश एक वर्ष के लिए जी-20 एजेंडा को आगे बढ़ाता है और शिखर सम्मेलन की मेजबानी करती है। जी-20 में दो समानांतर फाइनेंस ट्रैक और शेरपा ट्रैक होते हैं। वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर फाइनेंस ट्रैक का नेतृत्व करते हैं, जबकि शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शेरपा करते हैं। फाइनेंस ट्रैक का नेतृत्व सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा किया जाता है। दोनों ट्रैक के अंदर, विषयों से जुड़े कार्य समूह हैं जिनमें सदस्य देशों के संबंधित मंत्रालयों के साथ-साथ आमंत्रित, अतिथि देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर 2023 तक रहेगी। अगले साल सितंबर में होने वाले अंतिम नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में प्रतिनिधिमंडलों के 43 प्रमुख जो कि जी-20 में अब तक की सबसे ज्यादा संख्या है, भाग लेंगे। जी-20 का नेतृत्व करने का अवसर ऐसे समय में आया है जब अस्तित्व को लेकर खतरे बढ़ गए है, क्योंकि कोविड-19 महामारी ने जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों के बीच हमारे तंत्र की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, जलवायु परिवर्तन भारत की अध्यक्षता में एक प्रमुख प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए हरित ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाना भी सुनिश्चित किया गया है। जी-20 समूह में दुनिया के 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, मैक्सिको, अर्जेंटीना, रूस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, यूके, ब्राजील, इटली, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, भारत, इंडोनेशिया, जापान, तुर्की, कोरिया, फ्रांस, सऊदी अरब एवं यूरोपीय संघ को शामिल



किया गया है। जी-20 की स्थापना का विचार 90 के दशक में प्रारंभ हुआ। जब 1990 में विभिन विकसित एवं विकासशील देश आर्थिक एवं वित्तीय रूप से विभिन समस्याओं का सामना कर रहे थे। दुनिया की अर्थव्यवस्था सम्बंधित समस्याओ के समाधान के लिए 25 सितम्बर 1999 को औपचारिक रूप से अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में जी-20 समूह की स्थापना की गयी। इस समूह में सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नरों को शामिल किया जाता है। जी-20 समूह द्वारा सर्वप्रथम बैठक जर्मन के बर्लिन शहर में आयोजित की गयी थी। इसके पश्चात वर्ष 2008 के वित्तीय संकट एवं दुनिया की सबसे बड़ी महामंदी के पश्चात इस फोरम की मीटिंग को समिट स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने लगा। प्रतिवर्ष इस समूह द्वारा कुछ देशों को गेस्ट कंट्री के रूप में भी जी-20 समिट में आमंत्रित किया जाता है। जी-20 की अध्यक्षता के जरिए भारत को दुनियाभर के देशों के सामने ब्रैंड इंडिया की छवि मजबूत बनाने का मौका मिला है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में इंडोनेशिया में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन से की थी। उन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों से बने उत्पाद दुनिया के दिग्गज नेताओं को तोहफे में दिए थे। भारत में जी-20 के लिए 50 शहरों में आयोजनों की तैयारी का लक्ष्य रखा गया है। इसके जरिए पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इन कार्यक्रमों के जरिए दुनिया के देशों में भारत के पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता बढ़ेगी। इस कार्यक्रम के जरिए मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिल सकता है। दुनियाभर के देशों के बीच भारत में बने उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। शिखर सम्मेलन के जरिए जी-20 देशों में भारत की छवि और बेहतर होगी। आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया के देश एकजुट होते हैं तो भारत चीन और पाकिस्तान जैसे देशों को कड़ा संदेश देगा। भारत के पास मौका है कि मेजबानी करके खुद को दुनिया के सामने जोरदार तरीके से पेश कर सके। जी-20 दुनिया के ताकतवर देशों का समूह है, जिसमें रूस, अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश शामिल हैं। इंडोनेशिया में हुई समिट में रूस और यूक्रेन की जंग का असर नजर आया। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कार्यक्रम से दूरी बनाई। ऐसे में भारत में होने वाली समिट में पुतिन को शामिल करना भी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि भारत से रूस के रिश्ते बेहतर रहे हैं। पीएम मोदी से पुतिन के सम्बंधों में कभी दरार नहीं आई है। इसलिए रूसी राष्ट्रपति के समिट में शामिल होने की उम्मीद हैं। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान कई देशों के लीडर्स के बीच चल रहे तनाव का कम करना भी आसान नहीं होगा। इतना ही नहीं मंदी की तरफ बढ़ती दुनिया और ऊर्जा संकट के जुड़े सवाल का जवाब देना भी चुनौती से कम नहीं है। भारत में आने वाले अन्य देशों के प्रमुख भारत की तारीफ करने से पीछे नहीं चूक रहे हैं। यह भारत की कूटनीति है जिसका असर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दिखने लगा है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज भारत की दो दिवसीय यात्रा पर बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे। जहां शोल्ज ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम के पुरुष और महिला खिलाड़ियों से करीब 15 मिनट तक बात की। चांसलर ने कहा कि जब खेलों की बात आती है तो क्रिकेट भारत का नंबर एक जुनून है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में क्रिकेट उतना लोकप्रिय नहीं है। हालांकि जर्मनी में 200,000 से अधिक भारतीय इस खेल को लोकप्रिय बना रहे हैं। कर्नाटक जाने से पहले चांसलर ने सुबह दिल्ली में कुल्हड़ चाय की चुस्की ली। जर्मन दूतावास ने एक बयान में कहा कि चाय के स्वादिष्ट कप के बिना आप भारत का अनुभव कैसे कर सकते हैं? हम चाणक्यपुरी के एक नुक्कड़ पर अपनी पसंदीदा चाय की दुकान पर ओलाफ शोल्ज को ले गए। आप सभी को जाना चाहिए! भारत का असली स्वाद। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने उनकी सरकार भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लिए जर्मनी में कार्य वीजा प्राप्त करने का मार्ग आसान करना चाहती है। स्कोल्ज ने रविवार को बेंगलुरु में भारत की सिलिकॉन वैली का दौरा करते हुए कहा कि हम वीजा जारी करने को आसान बनाना चाहते हैं।

# कारगिल के बलिदानी को न्याय कब ?

27 फरवरी 2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने रक्षा मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी अग्निपथ योजना को देशहित में बताकर इसकी संवैधानिक वैधता पर अपनी मुहर लगा दी। कड़े अनुशासन की प्रतीक भारतीय सेना संविधान के असूलों व न्यायालयों के आदेशों का हमेशा सम्मान करती है। देश की सत्ता पर काबिज हुक्मरानों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायिक व्यवस्था के प्रतिनिधियों व तमाम नागरिकों की सुरक्षा हमारे सशस्त्र बल ही सुनिश्चित करते हैं। मगर विडंबना है कि भारत को दहलाने की साजिश में मशरूफ पाक जैसे आतंकी मुल्क किसी कानून को नहीं मानते। सैन्य महाशक्ति देशों के आगे मानवाधिकार आयोग व 'संयुक्त राष्ट्र संघ' जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन भी लाचार नजर आते हैं। मुल्क की सरहदें बलिदान मांगती हैं, मगर देश के स्वाभिमान के लिए बलिदान देने वाले जांबाजों की व्यक्तिगत सुरक्षा का जिम्मेवार कौन है, यह एक बड़ा प्रश्न है। सन 1999 में कारगिल जंग की साजिश में पाक सेना के किरदार को बेनकाब करने वाले हिमाचली सपूत कै. सौरभ कालिया व उनके गश्ती दल के पांच सैनिकों को पाक सेना ने हिरासत में लेकर उनकी नृशंस हत्या कर दी थी जो कि 'जेनेवा कन्वेंशन 1949' का घोर उल्लंघन था।

**रक्षा** मंत्रालय भारत सरकार ने 14 जून 2022 को सेना भर्ती के लिए 'अग्निपथ योजना' की घोषणा की थी। इस योजना की मुखालफत में देश के विभिन्न न्यायालयों में करीब 23 याचिकाएं दर्ज कराई गई थी। 27 फरवरी 2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने रक्षा मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी अग्निपथ योजना को देशहित में बताकर इसकी संवैधानिक वैधता पर अपनी मुहर लगा दी। कड़े अनुशासन की प्रतीक भारतीय सेना संविधान के असूलों व न्यायालयों के आदेशों का हमेशा सम्मान करती है। देश की सत्ता पर काबिज हुक्मरानों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायिक व्यवस्था के प्रतिनिधियों व तमाम नागरिकों की सुरक्षा हमारे सशस्त्र बल ही सुनिश्चित करते हैं। मगर विडंबना है कि भारत को दहलाने की साजिश में मशरूफ पाक जैसे आतंकी मुल्क किसी कानून को नहीं मानते। सैन्य महाशक्ति देशों के आगे मानवाधिकार आयोग व 'संयुक्त राष्ट्र संघ' जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन भी लाचार नजर आते हैं। मुल्क की सरहदें बलिदान मांगती हैं, मगर देश के स्वाभिमान के लिए बलिदान देने वाले जांबाजों की व्यक्तिगत सुरक्षा का जिम्मेवार कौन है, यह एक बड़ा प्रश्न है। सन 1999 में कारगिल जंग की साजिश में पाक सेना के किरदार को बेनकाब करने वाले हिमाचली सपूत कै. सौरभ कालिया व उनके गश्ती दल के पांच सैनिकों को पाक सेना ने हिरासत में लेकर उनकी नृशंस हत्या कर दी थी जो कि 'जेनेवा कन्वेंशन 1949' का घोर उल्लंघन था। अंतरराष्ट्रीय कानून जेनेवा संधि के अनुसार युद्धबंदी सैनिकों को उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सुविधा का प्रावधान मौजूद है। जेनेवा संधि की शर्तों की अनुपालना 'अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस समिति' द्वारा निर्धारित की जाती है। देश के लिए बलिदान हो चुके उन शूरवीरों के परिवार सियासत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय की गुहार लगा चुके हैं। कारगिल जंग में कश्मीर को पाक का हिस्सा बनाने वाली पाकिस्तान से उठ रही बुलंद आवाजों को भारतीय सेना ने मातम में तब्दील कर दिया था, लेकिन देश के लिए कुर्बान सौरभ कालिया व उनके साथियों को न्याय दिलाने के लिए देश के किसी सियासी रहनुमां या अधिवक्ता ने 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' में जाने की जहमत आज तक नहीं उठाई। कारगिल युद्ध के 23 वर्षों बाद भी पाकिस्तान से सौरभ कालिया के जख्मों का हिसाब बाकी है। गत 26 फरवरी 2023 को कश्मीर घाटी में टारगेट किलिंग में मुल्लविश आतंकियों को सेना ने चौबीस घंटों के भीतर ही जहन्नुम की परवाज पर भेज दिया था। उस सफल सैन्य ऑपरेशन में राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात शिमला के शूरवीर पवन कुमार का बलिदान वीरभूमि के हिस्से आया है। इसी वर्ष 11 जनवरी को कुपवाड़ा के माद्दिल सेक्टर में डोगरा रेजिमेंट के दो हिमाचली सूरमा बर्फीले तूफान की जद में आकर मौत की आगोश में समा गए। भावार्थ यह है कि दुश्मन से देश की सरहदों की हिफाजत तथा आतंक की उल्फत में डूबे दहशतगर्दों से देश के नागरिकों की रक्षा जमीनी स्तर पर कोई न्यायालय या कानून नहीं कर रहा, बल्कि मुल्क की हशमत के लिए सैनिक फिदा-ए-वतन हो रहे हैं। अदम्य साहस व पराक्रम जैसे लफ्जों को सुनकर फक्र महसूस होता है, मगर रक्तरंजित शौर्य की कीमत सैनिकों के परिवार अपने सपूतों के खून से अदा कर रहे हैं। सैनिक का मंजिल-ए-मकसूद देश के लिए जीवन सपर्मण होता है, पैसा कमाना नहीं। देश के लिए शहादत जैसा अजीम रुतबा अनुभूति का विषय है, सहानुभूति का नहीं। अतः सेना को रोजगार के नजरिए से न देखें, बल्कि राष्ट्र पर कुर्बान हो रहे सैनिकों के परिवारों का दर्द समझ कर उनके प्रति कद्र का मिजाज पैदा होना चाहिए। बेशक अग्निपथ योजना देशहित में है। इसे सेना में एक आदर्श बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। विश्व की चौथी ताकतवर भारतीय सेना का हिस्सा बनना युवाओं के लिए गर्व की बात है। चार वर्ष की सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त युवाओं को सेना द्वारा 'अग्निवीर सम्मान' के साथ 'अग्निवीर स्किल प्रमाणपत्र' भी दिया जाएगा। छह महीने की कड़ी ट्रेनिंग तथा साढ़े तीन वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 फीसदी युवा सेना में नियमित तौर पर अपनी सेवा जारी रख सकेंगे, शेष 75 फीसदी अग्निवीर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। निःसंदेह सैन्य प्रशिक्षण व रक्षा क्षेत्र के जमीनी अनुभव से युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना, राष्ट्रवादी विचारों से लबरेज नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। ज्ञात रहे थलसेना, वायुसेना व नौसेना का हिस्सा बनने वाले अग्निवीरों को टैंकों, तोपखाने व आधुनिक हथियारों के अलावा तकनीकी ट्रेनिंग व चिकित्सा सेवाओं का प्रशिक्षण भी हासिल होगा। सैंकड़ों अग्निवीर पैरा कमांडो जैसी स्पेशल फोर्स के पैरा ट्रूपर भी होंगे। अग्निवीरों की कठोर सैन्य ट्रेनिंग पर सेना के प्रशिक्षिकों की अथक मेहनत के साथ देश के रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा भी खर्च होगा, तब जाकर सेना के सान्निध्य से प्रशिक्षित व अनुशासित सैनिक निकलेंगे। इसलिए चार वर्ष बाद शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत अग्निवीरों के प्रशिक्षण व अनुभव का लाभ भविष्य में देश को ही मिलना चाहिए। सरकारों को जोश व जज्बे से सराबोर युवा अग्निवीरों के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस फोर्स व अन्य सरकारी अदारों में आधिकारिक तौर पर कोटा तय करना होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे वैश्विक मंच पर भारत के प्रतिनिधि कश्मीर पर हिंदोस्तान का पक्ष पूरी शिद्दत से रखते हैं, मगर धरातल पर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने की जिम्मेदारी का वजन देश के सैनिक एक मुद्दत से अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। मैदाने जंग में कभी शिकस्त न मानने वाले योद्धा यदि देश की अदालतों में अपने हकूक की लड़ाई हार जाएं तो यह अफसोसजनक है। अतः कश्मीर के लिए बलिदान हुए सौरभ कालिया व उसके साथियों को न्याय दिलाने के लिए पाक सेना को इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में युद्ध अपराधी घोषित कराना होगा। यह कार्य हमारे शासकों की इच्छाशक्ति व सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ही संभव होगा। उम्मीद है सैन्य प्रशिक्षण व रक्षा क्षेत्र का सामरिक अनुभव अग्निवीर योजना के तहत युवा वर्ग के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में सकारात्मक बदलाब लाएगा। सैनिकों के बलिदान की दास्तान-ए-सुजात युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत होनी चाहिए।



## देश दुनीया से

# बेमानी होती वैश्विक संस्थाएं

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि आज दुनिया में बहुपक्षवाद संकट में है। लगभग यही बात विदेश मंत्री जयशंकर ने भी दोहराई है। गौरतलब है कि जब से भारत ने जी-20 देशों की अध्यक्षता संभाली है, दुनिया में वैश्विक संस्थाओं समेत कई मुद्दों पर चर्चा जोर पकड़ रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात पहले द्वि-ध्रुवीय विश्व और बाद में अमरीका की अगुआई वाले एक-ध्रुवीय विश्व में भी वैश्विक संस्थानों की एक महती भूमिका मानी जाती रही है। संयुक्त राष्ट्र और उसके अंतर्गत आने वाली संस्थाएं दुनिया के संचालन की धुरी बनी रही। कहीं द्वंद्व अथवा संघर्ष हो या प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा, दुनिया के मुल्क संयुक्त राष्ट्र की ओर ही देखते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ही नहीं, यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) आदि की दुनिया में एक विशेष भूमिका रही है। 1995 से पहले 'गैट' और उसके बाद विश्व व्यापार संगठन दुनिया के व्यापार को संचालित करने वाले नियमों के निर्माता के रूप में जाने जाते रहे हैं। लेकिन आज इन संस्थाओं और संस्थानों की कार्य पद्धति और वैश्विक नेतृत्व की उनकी क्षमता ही नहीं, उनकी नीयत पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। महामारी, वैश्विक संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग ही नहीं, दुनिया में बढ़ती खाद्य असुरक्षा और कई मुल्कों पर बढ़ते और असहनीय कर्ज के कारण इन संस्थाओं के माध्यम से वैश्विक गवर्नेंस पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यही स्थिति दुनिया में संप्रभुता संकट, असंतुलन, संघर्ष और द्वंद्व, स्वतंत्र राष्ट्रों के अस्तित्व के लिए भयंकर खतरा बन रही है। जिस प्रकार के समाधान इन संस्थानों से अपेक्षित हैं, वे उसमें पूरी तरह से असफल दिखाई दे रहे हैं। महामारी की शुरुआत से लेकर उसके निवारण के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन केवल नकारा ही साबित नहीं हुआ, बल्कि उसके प्रमुख द्वारा चीन की तरफदारी के कारण बदनाम भी हुआ है। आईएलओ से लेकर यूएनडीपी तक संयुक्त राष्ट्र के तमाम दूसरे संगठन भी वैश्विक शासन के स्थान पर, सम्मेलन और बैठक करने वाले संगठन बन कर रह गए हैं और खास बात यह है कि दुनिया के मुल्कों का भी अब उन पर कोई विशेष विश्वास नहीं रह गया है। उदाहरण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन, जिससे अपेक्षा यह भी कि वो महामारी के समय दुनिया के मुल्कों के स्वास्थ्य की रक्षा का अपना दायित्व निभाएगा, कोरोना महामारी के समय महामारी के प्रारंभ के बारे में भी निष्पक्ष राय तक नहीं दे पाया। टीकाकरण के बारे में दुनिया में सभी लोगों के टीकाकरण को सुनिश्चित करना तो छोड़ो, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लाभ कमाने के लालच पर भी वो अंकुश नहीं लगा पाया। जब दुनिया में स्वाभाविक अपेक्षा थी कि कोरोना महामारी के दौरान लोगों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं, टीकों और चिकित्सा उपकरणों पर पेटेंट स्थगित किए जाएंगे और लोगों को सभी प्रकार के इलाज और टीके रायल्टी मुक्त उपलब्ध होंगे, तो उस पर विश्व व्यापार संगठन की 'व्यापार संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार' (ट्रिप्स) काउंसिल में उस पर पहले तो कोई निर्णय ही नहीं हो पाया और बाद में भी केवल टीकों के संबंध में ही, और वो भी शर्तों के साथ, हुए निर्णय ने विश्व व्यापार संगठन की असंवेदनशील कार्यपद्धति और बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विकसित देशों की दुनिया में मानवता के प्रति उदासीनता को उजागर कर दिया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष एक सम्मेलन किया जाता है, जिसमें दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन और उसके समाधान के बारे में वैश्विक चर्चा होती है, जिसे 'संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन' (कोप) कहा जा रहा है। गौरतलब है कि दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में एक लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया का औसत तापमान, इस शताब्दी के प्रारंभ के औसत तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ पाए।

संयुक्त राष्ट्र और उसके अंतर्गत आने वाली संस्थाएं दुनिया के संचालन की धुरी बनी रही। कहीं द्वंद्व अथवा संघर्ष हो या प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा, दुनिया के मुल्क संयुक्त राष्ट्र की ओर ही देखते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ही नहीं, यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) आदि की दुनिया में एक विशेष भूमिका रही है। 1995 से पहले 'गैट' और उसके बाद विश्व व्यापार संगठन दुनिया के व्यापार को संचालित करने वाले नियमों के निर्माता के रूप में जाने जाते रहे हैं। लेकिन आज इन संस्थाओं और संस्थानों की कार्य पद्धति और वैश्विक नेतृत्व की उनकी क्षमता ही नहीं, उनकी नीयत पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

## बोध कथा

# आधी झोपड़ी

**किसी** गाँव में दो साधु रहते थे।वे दिन भर भीख मांगते और मंदिर में पूजा करते थे। एक दिन गाँव में आंधी आ गयी और बहुत जोरों की बारिश होने लगी। दोनों साधू गाँव की सीमा से लगी एक झोपड़ी में निवास करते थे।शाम को जब दोनों वापस पहुंचे तो देखा कि आंधी-तूफ़ान के कारण उनकी आधी झोपड़ी टूट गई है। यह देखकर पहला साधु क्रोधित हो उठा और बुदबुदाने लगा, "भगवान ! तू मेरे साथ हमेशा ही गलत करता है। मैं दिन भर तेरा नाम लेता हूँ, मंदिर में तेरी पूजा करता हूँ, फिर भी तूने मेरी झोपड़ी तोड़ दी। गाँव में चोर – लुटेरे झूठे लोगों के तो मकानों को कुछ नहीं हुआ, बिचारे हम साधुओं की झोपड़ी ही तूने तोड़ दी ये तेरा ही काम है। हम तेरा नाम जपते हैं पर तू हमसे प्रेम नहीं करता।" तभी दूसरा साधु आता है और झोपड़ी को देखकर खुश हो जाता है नाचने लगता है और कहता है-भगवान् ! आज विश्वास हो गया तू हमसे कितना प्रेम करता है। ये हमारी आधी झोपड़ी तूने ही बचाई होगी वर्ना इतनी तेज आंधी–तूफ़ान में तो पूरी झोपड़ी ही उड़ जाती। ये तेरी ही कृपा है कि अभी भी हमारे पास सर ढंकने को जगह है। निश्चित ही ये मेरी पूजा का फल है। कल से मैं तेरी और पूजा करूँगा। मेरा तुझ पर विश्वास अब और भी बढ़ गया है। एक ही घटना को एक ही जैसे दो लोगों ने कितने अलग-अलग ढंग से देखा। हमारी सोच हमारा भविष्य तय करती है , हमारी दुनिया तभी बदलेगी जब हमारी सोच बदलेगी। यदि हमारी सोच पहले वाले साधू की तरह होगी तो हमें हर चीज में कमी ही नजर आयेगी और अगर दूसरे साधू की तरह होगी तो हमे हर चीज में अच्छाई दिखेगी ।अतः हमें दूसरे साधू की तरह विकट से विकट परिस्थिति में भी अपनी सोच सकारात्मक बनाये रखनी चाहिए।

## अमृत कलश

# अदृश्य सरस्वती

**भक्त** और सद्गुरु का मिलन मिलन नहीं है,सम्मिलन है। एक हो गए,संगम हो गया,तीर्थराज निर्मित हुआ।और इस संबंध में यह समझ लेना जरूरी होगा कि जहां भक्त और सद्गुरु का मिलन होता है वहां एक तीसरा और आ मिलता है जिसकी किसी को भी कानों-कान खबर न पड़ेगी।इसी को प्रतीक रूप में समझाने के लिए प्रयाग को तीर्थराज कहा है। गंगा दिखाई पड़ती है,यमुना दिखाई पड़ती है,सरस्वती दिखाई नहीं पड़ती। दो नदियां दिखाई पड़ती हैं,एक अदृश्य है। दो मिलती हैं,उन दोनों के मिलते हुए जल को भी तुम देख सकते हो क्योंकि दोनों का रंग अलग है। होगा ही। शिष्य का रंग और गुरु का रंग अलग होगा,भेद होगा। मिल जाने के बाद भी तुम देख सकोगे कि दोनों की धाराएं अलग हैं। मगर एक और सरस्वती आ मिली जो दिखाई नहीं पड़ती। यह तो प्रतीक है। यह उस अंतस के मिलन का प्रतीक है।जहां शिष्य और गुरु मिलते हैं वहीं भगवान भी आ मिलता है भगवान सरस्वती है;अदृश्य है। शिष्य और गुरु का मिलन कोई साधारण घटना नहीं है,इस जगत की सबसे असाधारण घटना है। क्योंकि उसी घटना में परमात्मा का प्रवेश होता है !इस जगत की सबसे ऊंचे...सबसे ऊंचा शिखर है, गौरीशंकर है,क्योंकि वहीं उसी ऊंचाई पर परमात्मा का प्रारंभ है।

## नागरिक बोध

# नशा नाश करता है,व्यसन त्यागकर दरिद्रता दूर करे

**शराब** का नशा चढ़ा तो बुद्धि भ्रमित हो गई।व्यसन बुदि को भ्रमित कर ही देते है। व्यवसन मृत्यु के द्वार पर ले जाने के रास्ते है। व्यसनों से चरित्र का नाश होता है। जो पुरुषार्थ को त्याग देता है,वही मृत्यु के पथ का अनुगामी बन जाता है।जैनधर्म मानव के पुरुषार्थ का धर्म है। जैनधर्म में अंधश्रद्धा का कोई स्थान नही है। भगवान महावीर ने अंधश्रद्धा से निकलकर पुरुषार्थ का पथ अपनाने को कहा है। पुरुषार्थ से व्यक्ति अपूर्व समृद्धि एवं सफलता प्राप्त कर सकता है। जीवन मे कुछ बनना है तो पुरुषार्थ का मार्ग चुनना पड़ेगा। वर्तमान में व्यसन पंक से बचने वाले भी पुरिषार्थी है। पग पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया,वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगो से व्यसन त्यागने हेतु प्रेरित करके उसका कल्याण चाहते है। समाज व्यसनों से मुक्त बने।भारत गरीब इसलिए रहा था क्योंकि समाज मे फैले ये व्यसन ही है। पुरुषार्थ करने वालो की सफलता पांव चूमती है। पुरुषार्थहीन व्यक्ति हमेशा दुसरो को कोसता हुआ अपने जीवन का रोना रोता रहता है। साम्यवाद के प्रथम प्रचारक तो भगवान महावीर ही थे। यदि उन्हें समतावादी कहा जाए तो अधिक उपयुक्त होगा।क्योंकि साम्यवाद में वर्ग संघर्ष का विद्वेष ध्वनित है और समतावाद में आपसी प्रेम एवम भाई चारे का प्रेम निहित है। महावीर से पूर्व भारत मे शूद्रों की स्थिति बड़ी दहनिय और चिंताजनक थी।राजा भी ब्राह्मण के अधीन था। शूद्रों के साथ अमानवीय अत्याचार होता था। शुद्र यदि वेद की ऋचाएँ सुन ले तो उसके कानों में पिघलता हुआ सीसा भरने का दंड था।इस स्थिति में भगवान महावीर ने धर्म का यथार्थ रूप समाज के समक्ष रखकर सभी को समान रूप से पुरुषार्थ करके जीवन कल्याण करने का संदेश दिया।

# यूएस-यूके-ऑस्ट्रेलिया बनाएंगे 8 परमाणु पनडुब्बियां : चीन को घेरने 20.19 लाख करोड़ की डील, पहली बार तकनीक देने राजी हुआ अमेरिका




**कैलिफोर्निया।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। यूएस-यूके के बैनर तले हुई इस मीटिंग में 2030 तक ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देने की डील की गई। इस दौरान बाइडेन ने कहा- ये डील इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में स्टेबिलिटी लाने की तरफ एक अहम कदम है। इस डील के तहत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया को 3 वर्जीनिया क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन देगा। वहीं, जरूरत पड़ने पर उसे 2 और सबमरीन भी सप्लाई की जाएंगी। इस प्रोजेक्ट के तहत ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया मिलकर 8 सबमरीन बनाएंगे, जिसमें अमेरिकी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**ऑस्ट्रेलियाई क्रू को ट्रेनिंग देंगी यूएस-यूके की सबमरीन** - तीनों देशों की पार्टनरशिप के तहत बनी यूएस-यूके सबमरीन की डिलिवरी ब्रिटेन को 2030 के दशक के अंत तक मिलेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया को ये सबमरीन 2040 की शुरुआत में मिलेगी। इसे और रॉल्स-रॉयस मिलकर बनाएंगे। ऑस्ट्रेलियन के एक डिफेंस ऑफिसर के मुताबिक इसमें करीब 245 अरब डॉलर (20.19 लाख करोड़ रुपए) का खर्च आएगा। ऑस्ट्रेलिया के क्रू को ट्रेनिंग देने के लिए 2027 तक 4 अमेरिकी और 1 ब्रिटिश सबमरीन पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में तैनात की जाएंगी।

**ऑस्ट्रेलिया से पहली बार तकनीक साझा करेगा अमेरिका** - इस दौरान बाइडेन ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि ये सबमरीन न्यूक्लियर पावर का इस्तेमाल करेंगी। इन पर न्यूक्लियर वेपन्स नहीं होंगे। 1950 के बाद ये पहला मौका होगा जब अमेरिका अपनी न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी को किसी और देश के साथ साझा करेगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे एक मजबूत साझेदारी बताते हुए कहा- पहली बार ऐसा होगा कि अटलांटिक और पैसेफिक ओशन में सबमरीन के 3 बेड़े एक साथ शांति बनाए रखने के लिए काम करेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पेरिस की सड़कों पर 5600 टन कचरा जमा: सफाई कर्मचारी रिटायरमेंट एज बढ़ाने के खिलाफ हड़ताल पर, एक हफ्ते से कूड़ा नहीं उठाया



**पेरिस।** फ्रांस में सफाईकर्मी हड़ताल पर हैं। इसकी वजह से पेरिस समेत कई शहरों में जगह-जगह कचरे का अंबार दिखाई दे रहा है। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी पेरिस की सड़कों पर एक हफ्ते में करीब 5,600 टन कचरा जमा हो गया है। दरअसल, फ्रांस में नई पेंशन योजना के तहत रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जा रही है। लोग पिछले 2 महीने से इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनों में सफाई कर्मी भी शामिल हैं। रिटायरमेंट की उम्र को 62 से बढ़ा कर 64 करने वाला एक बिल 11 मार्च को सीनेट (फ्रांस की संसद का अपर हाउस) में पास हो गया था। अब 16 मार्च को एक जॉइंट कमेटी इसे रिव्यू करेगी। अगर कमेटी इस बिल को अप्रूव कर देती है तो संसद को दोनों सदनों में फाइनल वोटिंग होगी। इसी के आधार पर तय होगा की नई पेंशन योजना को लागू करना है या नहीं। एक सफाईकर्मी ने कहा- कचरा उठाने वालों की रिटायरमेंट एज 57 साल है। वहीं, सीवर साफ करने वालों की रिटायरमेंट एज 52 साल है। अगर नई पेंशन योजना लागू हो गई, तो इन्हें दो साल और काम करना होगा। इसका असर उनकी लाइफ पर पड़ेगा। क्योंकि वो दिन के चार से पांच घंटे सीवर के अंदर रहते हैं। सफाई के दौरान कई तरह की गैस निकलती हैं। सफाईकर्मी सीधे तौर पर इन गैसों के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनके बीमार होने के चांस बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा- कई कर्मचारी 40 की उम्र पार करने के ही कमजोर होने लगते हैं। कुछ की तो मौत भी हो जाती है। कुछ हेल्थ रिसर्च में कहा गया है कि बाकी आबादी की तुलना में सीवेज कर्मचारियों के 65 साल की उम्र से पहले मरने की संभावना दोगुनी होती है।

### बर्मिंघम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने किया एसैनाटाइड से उपचार का दावा, सिरदर्द के नई दवा उपयोगी



**वाशिंगटन** । टाइप-2 मधुमेह के उपचार में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन पेप्टाइड इडियोपैथिक इंट्राक्रेनियल हाइपरटेंशन (आईआईएच) के मरीजों के उपचार में उपयोगी हो सकता है। आईआईएच एक सिरदर्द है, जो लंबे समय तक बना रहे तो मरीज को अंधा भी बना सकता है। मेडिकल जर्नल ब्रेन में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधार्थियों ने एक जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट यानी एक्सैनाटाइड नामक दवा पर परीक्षण किया है, जिसके दूसरे क्लिनिकल ट्रायल की परीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक किया गया है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय और उसके अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट की टीम ने यह अध्ययन किया, जिसमें पाया कि जिन रोगियों को इस दवा के नियमित इंजेक्शन दिए गए तो उनमें सिरदर्द में कमी आई। टीम ने यह बदलाव 24 घंटे में सबसे कम 2.5 घंटे तक दर्ज किया है, जबकि दीर्घकालीन असर में 12 सप्ताह तक सिरदर्द रोकने में लाभकारी रहा। परीक्षण के दौरान 12 सप्ताह के दौरान बार-बार होने वाले सिरदर्द में कमी देखी गई। बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मेटाबॉलिज्म एंड सिस्टम्स रिसर्च संस्थान के न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ प्रोफेसर एलेक्स सिंक्लेयर ने कहा, यह आईआईएच की दुर्बल करने वाली स्थिति के लिए एक प्रमुख परीक्षण है जो लोगों को, आमतौर पर महिलाओं को अंधा बना सकता है। मरीजों को रोजाना होने वाले इस सिरदर्द के इलाज के लिए कोई अनुमति प्राप्त दवा नहीं है। इसलिए यह परिणाम भविष्य में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हमें खुशी है कि दूसरे चरण के परीक्षण के नतीजे काफी संतोषजनक हैं।

### ब्रिटेन ने पहली बार यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन, सुधार के लिए भी जताई प्रतिबद्धता

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को संसद में पेश रक्षा और विदेश नीति समीक्षा रिपोर्ट इंटीग्रेटेड रिव्यू रिफ्रेश 2023 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने और यूएनएससी में सुधारों की वकालत की है। यह ब्रिटेन सरकार की ओर से भारत को सुरक्षा परिषद में स्थान देने का समर्थन करने की पहली बड़ी प्रतिबद्धता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के विदेशी मामलों के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

# चीन में फिर लॉकडाउन की तैयारी कोरोना नहीं कोई और बीमारी है इसका कारण

**बीजिंग।**
चीन के एक शहर में फिर से लॉकडाउन लगाने की तैयारी है। दरअसल, शीआन शहर ने इन्फ्लूएंजा फैलने की स्थिति में लॉकडाउन के उपयोग पर विचार करने का एलान किया है। घोषणा के बाद लोगों ने इसका विरोध भी शुरू कर दिया है। महामारी के दौरान, चीन ने दुनिया के कुछ सबसे कड़े प्रतिबंधों को लागू किया था। कुछ शहरों में तो महीनों तक जारी रहने वाले लॉकडाउन लगाए गए थे।



**चीन में अभी क्या हो रहा है** - चीन में इन्फ्लूएंजा के मामलों में पिछले एक हफ्ते में अचानक वृद्धि हुई है। सबसे ज्यादा असर उत्तर-पश्चिमी शहर शीआन में देखने को मिला है। शीआन की आबादी लगभग 1.3 करोड़ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार छह हफ्तों से पॉजिटिविटी रेट में बढ़ोतरी जारी है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने कहा कि फ्लू की पॉजिटिवीटी रेट पिछले सप्ताह के 25.1 फीसदी से बढ़कर इस सप्ताह 41.6 फीसदी हो गया है।

जब चीन में कोरोना के मामले कम हो रहे हैं, फ्लू के मामले बड़ी संख्या में लोगों को बीमार कर रहे हैं। बच्चों के बीमार पड़ने और एंटीवायरल दवा की कमी के कारण चीन भर के कई स्कूलों ने कक्षाओं को निलंबित कर दिया है। वहीं सबसे ज्यादा प्रभावित शहर शीआन ने संक्रमण में वृद्धि को रोकने के लिए लॉकडाउन लगाने की घोषणा की है।

**यह लॉकडाउन कैसा होगा** - शीआन शहर में लगने वाला लॉकडाउन ठीक वैसा ही है जैस कोरोना पर अंकुश लगाने के लिए इस्तेमाल किया गया था। इसमें स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चार चरणों में पाबंदियों को लगाने की योजना है। सामुदायिक प्रसार खतरनाक स्तर पर पहुंचने की स्थिति में लॉकडाउन लगाए जाने की बात कही गई है। हालांकि, लॉकडाउन कई मायनों में स्वैच्छिक भी होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्थिति खराब होने पर शहर के अधिकारी संक्रमित क्षेत्रों को बंद कर सकते हैं, यातायात क्वारंटीन किया जा सकता है और उत्पादन और व्यावसायिक गतिविधियों को निलंबित किया जा सकता है। इसके बाद भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे शॉपिंग मॉल, थिएटर, पुस्तकालय, संग्रहालय, पर्यटन केंद्र आदि बंद होंगे। इस आपातकालीन स्तर पर, सभी स्तरों पर स्कूलों और नर्सरी को बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा छात्रों और शिशुओं की स्वास्थ्य स्थितियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होगी।

**क्या लॉकडाउन का विरोध भी हो रहा है** - पिछले साल दिसंबर में सरकार ने सभी कोविड प्रतिबंधों को हटा दिया था। लेकिन फ्लू के प्रकोप को रोकने के लिए लॉकडाउन लगाने की घोषणा का अब लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से चीन की सोशल मीडिया वेबसाइटों पर कई यूजर्स के बीच चिंता और विरोध देखा गया। लोगों ने कहा कि यह लॉकडाउन सख्त जीरो कोविड पॉलिसी के समान है। चीन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर एक यूजर ने लिखा, लॉकडाउन शुरू करने के बजाय टीकाकरण करना बेहतर होगा। एक अन्य यूजर ने पूछा, राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट निर्देश के बिना शीआन के काम और व्यावसायिक गतिविधियों को निलंबित करने का प्रस्ताव जारी किया गया, तो लोग कैसे नहीं घबराएंगे

**शीआन शहर में कोरोना के कारण भी लगा था सख्त लॉकडाउन** - महामारी के दौरान, चीन ने दुनिया के कुछ सबसे गंभीर कोविड प्रतिबंधों को लागू किया था, जिसमें कुछ शहरों में महीनों तक चलने वाले लॉकडाउन भी शामिल थे। यह दुनिया के उन देशों में से एक था जिसने सबसे अंत में टेस्ट और सख्त क्वारंटीन जैसे उपायों को समाप्त किया था। शीआन की बात करें तो यह दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 के बीच एक कठोर लॉकडाउन में रहा। इस दौरान यहां के निवासियों को सप्ताह के अंत में अपने घरों तक ही सीमित रहना पड़ता था। कई लोगों के पास भोजन और अन्य आवश्यक आपूर्ति की कमी देखी गई थी। चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित हुईं थीं।

**क्या है एच3एन2 वायरस** - इन्फ्लुएंजा वायरस फ्लू की तरह ही संक्रामक बीमारी का कारण है। ये चार अलग-अलग प्रकार के होते हैं: ए, बी, सी और डी। इन्फ्लुएंजा ए को अलग-अलग उपप्रकारों में वर्गीकृत किया गया है और उनमें से एक एच3एन2 है। अमेरिका की संयुक्त राज्य रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, 1968 की फ्लू महामारी का कारण एच3एन2 ही था। तब इसके कारण दुनिया भर में लगभग दस लाख लोगों की मौत हुई थी और अकेले अमेरिका में लगभग एक लाख लोग मारे गए थे। यही इन्फ्लुएंजा इस वक्त चीन की नई मुश्किल बना हुआ है। इंफ्लुएंजा के सीजनल वायरल के मामले भारत में भी दर्ज किए गए हैं। बीते शुक्रवार को कर्नाटक और हरियाणा में एच3एन2 वायरस से एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि भी हो चुकी है। इसके देखते हुए गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

**चीन की सेना ने फिर खरीदे गलवान जैसे हथियार**

# कांटेदार हथौड़ा और भाले जैसी नोक वाला वेपन, सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीर



**बीजिंग।**
चीन एक बार फिर गलवान झड़प में इस्तेमाल किए गए धारदार और नुकीले हथियार खरीद रहा है। चीनी सोशल मीडिया एप वीबो पर ऐसे ही एक हथियार की तस्वीर वायरल हुई है। तस्वीर में एक सैनिक कांटेदार हथियार पकड़े दिख रहा है। इस हथियार को कंबाइन्ड मेस कहते हैं। ये कोल्ड वेपन कैटेगरी का हथियार है। इसी कैटेगरी के हाथियारों का इस्तेमाल चीनी सैनिकों ने 14-15 जून 2020 की दरमियानी रात गलवान घाटी में हुई झड़प के दौरान किया था। कंबाइन्ड मेस मेटल से बना हथियार है। ये रॉड की तरह दिखता है। इसकी लंबाई 1.8 मीटर होती है। इसका एक सिरा हथौड़े की तरह दिखता है। ये 50 सेंटीमीटर का होता है। इसमें कांटे लगे होते हैं। दूसरा सिरा भी नुकीला होता है। ये किसी भाले की तरह दिखता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन भले ही भारत-चीन बॉर्डर पर शांति लाने की कोशिश कर रहा हो या फिर जी20 के जरिए भारत के साथ डिपलोमैटिक रिलेशन्स सुधार रहा हो, लेकिन हैंड-कॉम्बैट वेपन्स की खरीद को नकारा नहीं जा सकता। एक्स्पर्ट्स का मानना है कि चीन इन हथियारों का इस्तेमाल दोबारा भारतीय सैनिकों के खिलाफ कर सकता है। वो गलावन जैसा हमला दोहरा सकता है। गलवान में हुई झड़प में भारत के 20 सैनिक मारे गए थे। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि चीन ने करीब 2600 कंबाइन्ड मेस खरीदे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने जनवरी 2023 में मेस और कंबाइन्ड मेस खरीदने का ऑर्डर दिया था। फरवरी में ये हथियार खरीद लिए गए थे। चीनी आर्मी ने ही इसकी घोषणा की थी। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने तियानजिन शहर में अपराधियों को पकड़ने के लिए इसी तरह के हाथियारों का इस्तेमाल किया था। 15 जून 2020 को लद्दाख के गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जबकि चीन के 38 सैनिक मारे गए थे।

# अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास से भड़का उत्तर कोरिया, दागी छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें

**सियोल ।**
अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच शुरू हुए सैन्य अभ्यास से उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग घबराया हुआ है। अभ्यास शुरू होने के एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया ने मंगलवार को दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। इससे पहले सोमवार को भी उत्तर कोरिया ने पनडुब्बी से दो रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया था।



### दक्षिण कोरिया ने परीक्षण को उकसावे वाला बताया

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर जांगयोन से प्रक्षेपित की गई मिसाइलों ने देश के पूर्वी तट के पास समुद्र में गिरने से पहले उत्तर कोरिया के से ऊंची उड़ान भरी थी। बयान में कहा कि दोनों मिसाइलों ने लगभग 620 किलोमीटर (385 मील) की दूरी तय की। रिपोर्ट की गई उड़ान दूरी से पता चलता है कि मिसाइलों परीक्षण दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने को लेकर हैं। जिसमें लगभग 28,000 अमेरिकी सैनिक हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने लॉन्च को एक गंभीर उकसावे वाला बताया है और कहा यह कोरियाई प्रायद्वीप पर स्थिरता को कमजोर करता है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 13 से 23 मार्च तक होने वाले सैन्य अभ्यास से उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग इस तरह घबराया हुआ है कि उसने इसे रोकने के लिए यूएन का सहारा लिया और किम जोंग की सरकार ने इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) से इस सैन्य अभ्यास को रोकने के लिए मांग करनी शुरू कर दी है। रविवार को उत्तर कोरिया के मीडिया में उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग ने इसको लेकर बयान जारी किया।

# अमेरिका में सालभर में हेट क्राइम 12प्रतिशत बढ़ा: 2021 में अश्वेतों के खिलाफ अपराध के 2,233 मामले दर्ज हुए, 64.5प्रतिशत केस जाति और रंगभेद के

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका में हेट क्राइम के मामलों में 12प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे ज्यादा मामले अश्वेत लोगों के खिलाफ अपराध के हैं। सोमवार को एफबीआई ने हेट क्राइम 2021 की रिपोर्ट जारी की। इसके तहत, 2020 के मुकाबले 2021 में हेट क्राइम के 945 मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सामने आए 64.5प्रतिशत हेट क्राइम के मामले रंग, जातीय या वंश के आधार पर भेदभाव के थे। वहीं 15.9प्रतिशत केस जेंडर के आधार पर और 14.1प्रतिशत केस धर्म के आधार पर भेदभाव के थे। 2021 में हेट क्राइम के 9065 मामले सामने आए थे। इनमें से 55प्रतिशत मामले असॉल्ट के थे, जिनमें 18 केस हत्या और 19 रेप केस थे। इसके अलावा 43प्रतिशत मामले डराने-धमकाने के थे और बाकी




7प्रतिशत केसेज तोड़फोड़ और प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के थे। रिपोर्ट के मुताबिक, हेट क्राइम के सबसे ज्यादा 2,233 मामले अफ्रीकी-अमेरिकी लोगों के खिलाफ थे। वहीं धर्म के आधार पर भेदभाव के मामलों में सबसे ज्यादा यहूदियों को टारगेट किया गया था। इसके अलावा करीब 948 मामले श्वेत लोगों से नफरत करने वालों के खिलाफ हिंसा के थे।

2021 में करीब 543 गे लोगों को टारगेट किया गया था, वहीं 415 मामलों में एलजीबीटीक्यू कम्यूनिटी के बाकी लोगों को निशाना बनाया गया। 2021 में हेट क्राइम के कुल मामलों में 433 केस स्पैनिश कल्चर मानने वाले लोगों के खिलाफ थे। वहीं, करीब 305 मामलों में एशियन समुदाय के लोगों को टारगेट किया गया था। एफबीआई की असोसिएट एटोर्नी जनरल वनिता गुप्ता ने कहा- हेट क्राइम और इसकी वजह से बढ़ती हिंसा की देश में कोई जगह नहीं है। अमेरिका का जस्टिस डिपार्टमेंट भेदभाव के आधार पर बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए हर मुमकिन कदम उठा रहा है। इससे पहले दिसंबर 2022 में भी एफबीआई ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक, हेट क्राइम के मामलों में कमी आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 2020 के मुकाबले 2021 में हेट क्राइम के 1000 कम मामले सामने आए हैं।

**इमरान की गिरफ्तारी किसी भी वक्त**

# महिला जज को धमकाने के मामले में वारंट जारी, हेलिकॉप्टर लेकर खान के घर पहुंची पुलिस

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ इस्लामाबाद की एक अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिए हैं। यह मामला एक महिला जज को धमकी देने से जुड़ा है। इसके पहले खान के खिलाफ 3 मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं। इनमें से एक में उन्हें फिलहाल जेल जाने से राहत मिल चुकी है। सोमवार को अदालत ने पुलिस को दिए ऑर्डर में कहा- इमरान को गिरफ्तार करने के बाद 29 मार्च को हमारे सामने पेश करें। पिछले साल 20 अगस्त को इमरान ने अपने खिलाफ आदेश देने वाली जेबा चौधरी को कोर्ट परिसर में धमकी दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तारी वॉरंट जारी होने के बाद इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इलेक्शन कैम्पेन शुरू करने का ऐलान किया। चंद मिनट बाद ही आनन-फानन में एक रैली भी प्लान कर ली गई। इमरान काले रंग की बुलेट प्रूफ गाड़ी में घर से निकले और सैकड़ों लोग उनके साथ चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान किसी भी तरह से गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वो समर्थकों की भीड़ का सहारा ले रहे हैं। दूसरी तरफ, सिक्योरिटी फोर्सेस और पुलिस उनको गिरफ्तार करने की सॉलिड स्ट्रैटेजी बनाने में जुटी है।

पुलिस और रेंजर्स कमांडो की एक टीम खान की हर हरकत पर नजर रख रही है। खान के लाहौर स्थित 'जमान पार्क' वाले घर को घेरा जा चुका है। माना जा रहा है कि रात में या तड़के जैसे ही समर्थकों की तादाद कम होगी तो खान को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद उन्हें हेलिकॉप्टर से इस्लामाबाद लाया जाएगा।

सोमवार को सुनवाई के दौरान डिस्ट्रिक्ट जज राणा मुजाहिद रहीम ने ऑर्डर में कहा- मुल्क की ज्यूडिशियरी की इज्जत करना बेहद जरूरी है। कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो या वो किसी



भी ओहदे पर हो, अगर वो खुलेआम जजों को धमकी देगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। इमरान पर पिछले हफ्ते तोशाखाना (सरकारी खजाने) के गिफ्ट मामूली कीमत पर खरीदने और फिर उन्हें करोड़ों रुपए में बेचने के मामले में भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इस मामले में उन्हें सोमवार यानी आज तक की राहत मिल गई थी। इस पर भी फैसला आ सकता है। सुनवाई के दौरान इमरान के वकील ने दलील में कहा- खान की उम्र 71 साल है। उनके पैर में प्लास्टर है। इसके अलावा अगर वो अदालत में पेश होते हैं तो उनकी सिक्योरिटी को भी खतरा है। इस पर जज राणा रहीम ने कहा- इस मुल्क में सिक्योरिटी की जिम्मेदारी पुलिस और दूसरे विभागों की है। आपको हर केस में राहत नहीं दी जा सकती। हम इमरान को गिरफ्तार करने का ऑर्डर जारी कर रहे हैं। पुलिस उन्हें 29 मार्च के पहले पेश करे। खान पर अब तक कुल 80 केस दर्ज हो चुके हैं। खान पर तोशाखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदने और ज्यादा दामों में बेचने का आरोप है। इसे लेकर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने उन्हें 5 साल के लिए अयोग्य घोषित किया है। उनकी संसद सदस्यता भी रद्द कर दी गई है। इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर हिंसक प्रदर्शन किया था, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए थे। इस घटना के बाद खान के खिलाफ एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ था। पिछले साल 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान इमरान ने महिला जज और पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकी दी थी। इसी बीच इमरान की पार्टी पीटीआई की लीगल टीम ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में खान की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर कर दी थी। ये सोमवार को खारिज हो गई। इमरान पर आरोप है कि उन्होंने इलेक्शन एफिडेविट में सिर्फ दो बेटे होने की जानकारी दी थी, लेकिन इलेक्शन कमीशन को अमेरिका में एक बेटी होने की बात नहीं बताई। इस मामले में एक पिटीशन इस्लामाबाद हाईकोर्ट में दायर की गई थी। पिछले महीने दायर की गई एक पिटीशन में मांग की गई थी कि झूठा हलफनामा देने के मामले में इमरान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार दिया जाए। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, इमरान और इलेक्शन कमीशन को नोटिस भेजकर इस पर जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने कहा- इमरान के खिलाफ आरोप बेहद गंभीर हैं।

# अमृतसर के गांव लहिरा मोहब्बत में लगाए खालिस्तानी झंडे




**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के अमृतसर जिले के लेहरा मोहब्बत गांव में आज (मंगलवार) खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगे नजर आए। यह झंडे यहां स्थित थर्मल प्लांट को जाने वाली रेलवे लाइन पर लगाए गए। जीआरपी ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के बाहर खालिस्तान जिंदाबाद के बैनर और पोस्टर लगे नजर आ चुके हैं। लेहरा मोहब्बत गांव की ताजा घटना की रेलवे पुलिस ने तो जांच शुरू कर दी है पर पंजाब पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई है। सूत्रों का कहना है कि इससे पहले खालिस्तान का झंडा फहराकर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की जा चुकी है।

# राहुल गांधी ने भारत के लोकतंत्र के खिलाफ बोलकर किया विश्वासघात : अनिल विज

## राहुल गांधी को अपनी गलती पर माफी मांग लेनी चाहिए

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि इंग्लैंड में जाकर भारत के लोकतंत्र के खिलाफ बोलना देश के साथ विश्वासघात है, राहुल को अपनी गलती पर माफी मांग लेनी चाहिए। विज ने कहा कि यदि वे माफी नहीं मांगते हैं तो भारत के सभी देशभक्तों को राहुल गांधी और इनकी पार्टी का हर प्रकार से बहिष्कार करना चाहिए। हरियाणा के मंत्री अनिल विज मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री विज ने ट्वीट करके भी कहा कि लंदन में राहुल गांधी ने भारत के लोकतंत्र का अपमान किया है। वे देश से माफी न मांगने पर सभी देशभक्त भारतवासियों को राहुल



गांधी और उसकी कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार करना चाहिए। इनके साथ व्यापारिक वा निजी संबंध भी तोड़ देने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर देशभक्त भारतवासी को इनका हर प्रकार से बहिष्कार करना चाहिए। इनके कार्यक्रमों का और निजी कार्यक्रमों का भी बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा जो व्यापारिक संस्थान चलाए जा रहे हैं, उनका भी बहिष्कार करना चाहिए। राहुल गांधी द्वारा किए गए ट्वीट में मुड़ानी शब्द के प्रयोग कर प्रधानमंत्री की विदेश नीति पर सवाल उठाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि राहुल गांधीजी की लेबोरेट्री रिपोर्ट आ चुकी है। इनको अदानिया बीमारी हो चुकी है। इसलिए ये सवेरे उठते ही अडाणी-अडाणी-अडाणी करने लगते हैं। रात तक अडाणी-अडाणी करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मिथ्या बातों का जवाब देने की भी आवश्यकता नहीं होती है।

# एमबीबीएस इंटर्न की आत्महत्या मामले में एनसीएससी ने मांगी रिपोर्ट



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने श्री गुरु रामदास मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों की जातिवादी टिप्पणियों से परेशान होकर कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस इंटर्न छात्रा के आत्महत्या की घटना का संज्ञान लिया है। आयोग ने अमृतसर जिला प्रशासन के अधिकारियों को नोटिस जारी कर तुरंत कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा है। दरअसल, कई समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों से एनसीएससी को मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी कॉलेज के शिक्षकों की लगातार की जा रही जातिवादी टिप्पणियों से परेशान थी, जो कहते थे कि वे उसे डॉक्टर नहीं बनने देंगे। इस पर एनसीएससी आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी कर मंडलायुक्त (जालंधर मंडल), पुलिस महानिरीक्षक (सीमा रेंज), उपायुक्त (अमृतसर जिला) और पुलिस आयुक्त (अमृतसर जिला) को मामले की जांच करने के लिए कहा। आयोग ने इस मामले पर अब तक की गई कार्रवाई के तथ्यों और जानकारी के आधार पर रिपोर्ट तुरंत, डाक या ईमेल के माध्यम से रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। सांपला ने अधिकारियों को चेताया कि यदि कार्रवाई की गई रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर प्राप्त नहीं होती है, तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत उसे दी गई दीवानी कोर्ट की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है और दिल्ली में आयोग के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी कर सकता है।

# राहुल गांधी विदेश में देश की छवि को खराब कर रहे हैं : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**सोनीपत ( हिंस )।** सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि राहुल गांधी विदेश में देश की छवि खराब कर रहे हैं। लंदन में र दिए गए बयान पर कांग्रेस पर उल्टा जवाब देते हुए यह बात कही है। राठौड़ ने कांग्रेस पर देश में दंगे करवाए का आरोप लगाया है। एक परिवार को फायदा पहुंचाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए है और देश में लूट मचाई है। यह बात उन्होंने मंगलवार को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में एक निजी विश्विवद्यालय के दीक्षांत समारोह में कही। राहुल गांधी आपने परिवार को बढ़ाने का काम कर रहे हैं, जबकि देश के युवाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राहुल गांधी की लोकसभा में 50 प्रतिशत हाजिरी। जहां बोलने की जरूरत वहां नहीं बोलते। मनीष सिसोदिया पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा भारत में मल्टी पार्टी सिस्टम, अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियां सत्ता में है अगर कोई पार्टी चेहरा कुछ दिखाएं, काम कुछ और करें तो वह गलत बात है। अगर इन्होंने शराब घोटाले में कुछ गड़बड़ किया तो जांच एजेंसियों और कोर्ट को जवाब देना होगा। कांग्रेस और विपक्षी दलों के जांच एजेंसियों पर उठाए जा रहे सवालों पर बोले कि वह कांग्रेस कह रही है जिन्होंने सेना अध्यक्ष को गली का गुंडा बताया था, कांग्रेस ने देश के अंदर आपातकाल लगाया, पंजाब में हिंसा करवाई, आतंकवाद कांग्रेस ने शुरू करवाया, कांग्रेस ने देश पर राज करने के लिए समाज और देश को तोड़ने का काम किया। कुश्ती विवाद पर राज्यवर्धन राठौर बोले कि भारत सरकार ने इस पूरे मामले में कमेटी बना रखी है जो की मांग कर रही है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

# सांसद दिया कुमारी ने बहरीन आईपीयू संसद में की लैंगिक समानता की अपील

**राजसमंद ( हिंस )।** राजसमंद की सांसद दीया कुमारी ने उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में लैंगिक समानता के लिए वैश्विक अपील की है। उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। दीया कुमारी बहरीन में अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) में 146वीं असेंबली मीटिंग को संबोधित कर रही थीं। वे संयुक्त राष्ट्र मामलों की स्टेंडिंग कमेटी की सदस्य हैं। राजसमंद सांसद ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में निर्णय ले रही हैं। महिलाओं का सशक्तीकरण और उन्हें निर्णय लेने में शामिल करना दुनिया भर में समान और सतत विकास सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी तरीका है। दीया कुमारी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र




मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार महिला सशक्तीकरण को उस स्तर पर ले गई है जहां महिलाएं विकास का नेतृत्व कर रही हैं। यहां महिलाएं निष्क्रिय प्राप्तकर्ता होने के बजाय विकास प्रक्रिया का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास था कि दृष्टिकोण, मानसिकता, संस्थानों और कानूनी ढांचे में बदलाव लाए बिना लैंगिक समानता हासिल नहीं की जा सकती है। एक सांसद के रूप में उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सरकारों के पास एक ऐसा कार्यबल होना चाहिए जो जेंडर बैलेंस को दर्शाता हो। सांसद ने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि सांसदों को अपने संबंधित देशों द्वारा वॉलेंटरी नेशनल रीव्यू (वीएनआर) प्रस्तुत करने में अधिक भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि विभिन्न देशों की संसद सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा करना चाहिए, जो सांसदों की भागीदारी में मदद करती हैं ताकि अन्य भी इसका पालन कर सकें और दोहरा सकें। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि संयुक्त राष्ट्र में भारत की वर्तमान स्थायी प्रतिनिधि एक महिला है।

# अपने हकों को लेकर सडक़ों पर आई हरियाणा की जनता : अभय चौटाला

**फरीदाबाद ( हिंस )।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला की हरियाणा *परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार* मंगलवार को 17वें दिन जिला फरीदाबाद के पिरथला हलके के गांव जवां से शुरू हुई। इस दौरान पूरे इलाके में लोगों ने अभय सिंह चौटाला का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। गांव फतेहपुर में अपने संबोधन में अभय सिंह चौटाला ने लोगों को *परिवर्तन यात्रा* शुरू करने का मकसद बताते हुए कहा कि साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था। जनता ने भाजपा को नकार दिया। पर कुछ स्वार्थी लोगों ने भाजपा का साथ देकर सरकार बना दी। भाजपा गठबंधन सरकार ने आम जनमानस की समस्याओं को सुनने की बजाय परेशानियां खड़ी की। आज प्रदेश पर 3 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है और हैरानी की बात है कि कहीं भी यह कर्ज का पैसा लगा हुआ दिखाई नहीं देता। अगर कुछ दिखाई देता है तो चारों तरफ सिर्फ



भय, भ्रष्टाचार, लूट और घोटाले दिखाई देते हैं। आज 400 वाला सिलैंडर 1200 रुपए का हो गया है। सरकार हर रोज जनता पर मनमाने कानून थोप रही है। प्रदेश के 6 हजार से अधिक सरपंच अपने हकों को लेकर सडक़ों पर है। आज किसान एमएसपी को लेकर आंदोलन कर रहा है। कर्मचारी ओल्ड पैंशन की मांग कर रहे हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के हक छीने जा रहे हैं। प्रदेश में 34.1 प्रतिशत बेरोजगारी दर है और बेरोजगार मायूस है। महंगाई चरम सीमा है। अपराध के मामले में हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। इसलिए आम जन को मूलभूत सुविधाएं देने और चौ. देवी लाल की नीतियों को प्रदेश में लागू करने के लिए परिवर्तन यात्रा की जरूरत पड़ी। इनेलो नेता ने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने और 2022 तक किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था।

# राज्य में विशेष योग्यजनों को दिया जा रहा बीपीएल के समान सुविधाओं का लाभ

**जयपुर ( हिंस )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य में विशेष योग्यजनों को बीपीएल के समकक्ष मानते हुए सभी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में वर्ष 2021-22 के बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई घोषणा की अनुपालना में 13 अप्रेल, 2022 को आदेश जारी किया गया है। जूली शून्यकाल के दौरान सदस्य संजय शर्मा द्वारा विशेष योग्यजन को बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं प्रदान किए जाने बाबत जारी आदेशों की अनुपालना नहीं किए जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वाले विशेष योग्यजनों को बीपीएल के समान सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। जूली ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे विशेष योग्यजन को बीपीएल श्रेणी के समान लाभान्वित किया जा रहा है। शेष पेंशनधारियों को पोर्टल से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब 6 लाख दिव्यांग पेंशनधारियों में से लगभग 5 लाख को एनएफएसए से जोड़ दिया गया सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा एनएफएसए पोर्टल में विशेष योग्यजनों को ऑटो इन्क्लूजन करने हेतु शिथिलता दिए जाने की कार्यवाही अंतिम चरण में है।

# राजस्थान दिवस पर आयोजित होगा राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव

**बीकानेर ( हिंस )।** राजस्थान दिवस के अवसर पर 20 से 30 मार्च तक राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में इस महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि 20 से 27 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। आयोजन से जुड़ी समस्त तैयारियां पूरी करने के लिए उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की गई है। 29 और 30 मार्च को जिला मुख्यालय पर राजस्थान सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम धरणीधर मैदान में होगा जिसमें शास्त्रीय और लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न प्रकार के गीत नृत्य, संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि बीकानेर की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत को समाहित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में कमेटी गठित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगी। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर की सार्वजनिक दीवारों, सर्किल आदि पर बिना अनुमति के पोस्टर बैनर लगे पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम को ऐसे समस्त पोस्टर इत्यादि हटवाने की कार्रवाई के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि हटाने की लागत जोड़ते हुए संबंधित संस्थान के विरुद्ध सख्त एक्शन लें। भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा में संबंधित विभाग भूमि चिन्हीकरण के प्रस्ताव 15 मार्च तक आवश्यक रूप से भिजवा दें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के तहत स्थाई निर्माण नहीं होने तक अस्थाई रूप से कार्य संचालन के लिए स्थान के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, डिस्कॉम, बीकेईएसएल, आईजीएनपी सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के, सीएमएचओ डॉ. मोहम्मद अबरार पवार, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा, जिला समन्वयक योगेश बिस्सा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री गहलोत को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे




**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। इस मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने उन पर लाठीचार्ज कर वहां से खदेड़ा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को विधि महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद के लौटते समय प्रदर्शनकारी स्टूडेंट सीएम की गाड़ी के सामने आ गए और नारेबाजी की। अचानक हुए घटनाक्रम से वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाया और राजस्थान इकाई के अध्यक्ष भारत भूषण यादव, सचिव रोहित मीणा, देव पलसानिया, गुलजार मीणा, मनु दाधीच को गिरफ्तार किया।

# एशिया में रहती है दुनिया की साठ फीसदी आबादी : राम बहादुर राय

**गुरुग्राम ( हिंस )।** मंगलवार को एसजीटी विश्वविद्यालय में एडवांस्ड स्टडी इंस्टीट्यूट ऑफ एशिया (एएसआईए) का उद्घाटन किया। इस संस्थान का शुभारंभ एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री राम बहादुर राय ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन मधु प्रीत सिंह चावला और मैनिजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला भी मौजूद रहे। पद्म श्री राम बहादुर राय ने कहा कि एशिया दुनिया का एक तिहाई हिस्सा है और यहां दुनिया की साठ फीसदी आबादी रहती है। यह एशिया के देशों के लिए एक साथ संगठित होना, अपने विचारों को सांझा करना और सहयोगी अनुसंधान करना महत्वपूर्ण बनाता है, ताकि वे तकनीकी प्रगति में भविष्य को सुधार सकें। एशिया दिवस की एक मुख्य मांग को रखते हुए उन्होंने कहा कि हिरोशिमा नागासाकी परमाणु हमले की त्रासदी को चिह्नित करने के लिए 6 अगस्त को इस संस्थान द्वारा एशिया दिवस मनाया जाना चाहिए। दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग ने उद्घाटन समारोह में अपने भाषण में कहा कि यह एसजीटी विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि है कि एएसआईए इसका हिस्सा होगा, जो अपने छात्रों को उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान करने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ज्ञान का एक समुद्र है, और एएसआईए के छात्रों को इसके बारे में अधिक जानने का




अवसर मिलेगा। एएसआईए संस्थान श्री गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय पर आधारित एक स्वायत्त केंद्र होगा और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक निकायों के साथ काम करेगा। संस्थान की अध्यक्षता ऊर्जा और उर्दू के विद्वान और दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल डॉ. नजीब जंग करेंगे। संस्थान के उपाध्यक्ष इंदु भूषण, एक प्रतिष्ठित अर्थ शास्त्री, आयुष्मान भारत के पूर्व सीईओ और एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवर भी होंगे। एशियन डेवलपमेंट बैंक के पूर्व एमडी रजत नाग और ड्यूश बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ संध्या वासुदेवन भी इस संस्थान का हिस्सा होंगी।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को पुलिस ने भेंट किए फूल

## वाहन चालकों को कराया लापरवाही का अहसास

**हिसार ( हिंस )।** मंगलवार को हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के निर्देशों पर रेंज के जिलों में ट्रेफिक नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों को फूल भेंट करके उनकी लापरवाही का अहसास कराया गया। एडीजीपी ने स्वयं एक घंटे तक पुलिस टीमों के साथ दोपहिया वाहन पर सवार लापरवाह युवाओं को समझाया। युवाओं ने कहा कि एडीजीपी द्वारा भेट किए फूल हमें आजीवन प्रेरणा देंगे। एडीजीपी के निर्देशों पर रेंज के सभी जिलों में मंगलवार को सड़क नियमों बारे जागरुक किया गया व नियमों की पालन ना करने वालों को चालान नही अपितु उन्हें गुलाब के फूल भेंट कर उन्हें नियमों का पालन करने की अपील की गई। हिसार रेंज में सड़कों को सुरक्षित बनाने व लोगों को यातायात नियमों बारे संवेदनशील बनाने के लिए हिसार के



फव्वारा चौक पर स्वयं एडीजीपी ने दर्जनों युवाओं से संवाद किया व सभी को गुलाब भेंट कर भविष्य में सड़क नियमों का पालना करने की अपील की। उनके निर्देशन में पूरी रेंज में सडकों को सुरक्षित बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई व सभी को अपने वाहन के कागजात पूर्ण करवाने के लिए 10 दिन का समय दिया गया। एडीजीपी का कहना है कि दिये गये समय उपरांत नियमों की पालना ना करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। सड़क सुरक्षा अभियान को जन आंदोलन बनाया जाएगा। हमारी सडकें सुरक्षित हम सब सुरक्षित, इसमे आमजन को अपने-अपने स्तर पर सहयोग करना होगा। उन्होंने एक जानकारी में बताया कि इस वर्ष हिसार रेंज में पिछले दो माह में अभी तक 205 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिनमे से 69 फैटल दुर्घटनाएं घटित हुई है।

No. CE/CC/WR/NIT/2019-20/1003/178

**PRESS NOTICE FOR BID**

Chief Engineer, Water Resources Department, Basistha, Guwahati-29, on behalf of Governor of Assam invites Re Tender for the following works

| Sl. No. | Name of W.R. Division | Name of The Scheme | Approx. amount in lakh (Rs.) | HOA |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Chirang W.R. Division | Protection of villages Durgapur, Dababeel, Chotonilibari, Debargaon, Dangaigaon Bhirengaon, Bherbheri, Rowmari, Khagrabari, Sanyashiguri, Uttar Popragaon and Popragaon from the erosion of river Aie (R/B) Package No. 4 | 1201.034 | FMBAP |

Details may be seen at website- *https://assamtenders.gov.in/*

1. The interested registered Contractor/ Bidders of WRD who are experienced in the execution of works under Water Resources and possess required technical and financial strength may obtain the SBD which can be downloaded from the website *https://assamtenders.gov.ini.* Amendment/ Addendum to the SBD, if any, and further notifications shall appear in this website.
2. The Contractor/bidder must be registered with the Electronic Tendering System (ETS) of the Govt. of Assam website *https://assamtenders.gov.in/* Contractors can download documents free of cost. Contractors have to necessarily down load the bidding document from the ETS using their own ID (Digital Signature Certificate). Bid documents not procured (downloaded) through the ETS/not using the contractor's own user ID will be considered invalid and summarily rejected. Contractors have to submit copy of the documents of technical bid bids online. The bidder, if he chooses may submit a hard copy of the bid along with the soft copy before the expiry of the sequence 'Online Bid Preparation & Submission' in the tender schedule. Bid will be rejected/ cancelled if Financial Bid submitted off-line/ hard copy.
3. All the interested bidders are requested to read the Bid Document carefully before submission of their bid.
4. For any e-tendering related quarries please mail to *etenderingcewrd@gmail.com*

Sd/-
Chief Engineer,
Water Resources Department
Assam, Basistha, Guwahati-29

***-- Janasanyog /C/22662/22***




# आईटीआर में असमानता पर ई-सत्यापन के लिए 68000 मामलों का हुआ चयन, 2019-20 के रिटर्न में कम दिखाई गई थी कमाई

**नई दिल्ली।**

**आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2019-20 में आयकर रिटर्न (आईटीआर) के विवरण में असमानता पाए जाने पर ई-सत्यापन के लिए कुल 68,000 मामलों को चुना है। इन रिटर्न में या तो कम कमाई दिखाई गई है या बिलकुल ही नहीं दिखाई गई है।**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने सोमवार को बताया कि पायलट आधार पर इसमें से 56 फीसदी या 35,000 मामलों में करदाताओं ने पहले ही नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया है या अपडेटेड टैक्स रिटर्न फाइल कर दिया है। गुप्ता ने कहा, अब तक कुल 15 लाख अपडेट रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इनसे 1,250 करोड़ रुपये का कर मिला है। बाकी 33,000 मामलों में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। वित्त वर्ष 2019-20 में अर्जित आय पर अपडेट रिटर्न दाखिल करने के लिए 31 मार्च, 2023 अंतिम तारीख है। सीबीडीटी चेयरमैन ने कहा, एक बार जब कोई करदाता फाइल आईटीआर अपडेट करता है, तो उसका मामला पुनर्मूल्यांकन के लिए उठाए जाने की संभावना कम होती है।

### छोटे दुकानदारों के लिए रिटेल ट्रेड पॉलिसी बनाने की मांग

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने केंद्र सरकार से छोटे व्यापारियों के लिए रिटेल पॉलिसी बनाने की मांग की है। व्यापारी नेताओं ने कहा है कि छोटे और रिटेल कारोबारियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर यह पॉलिसी बननी चाहिए। ताकि उनकी समस्या का समाधान इस प्लेटफार्म पर मिल सके। इसे लेकर सीटीआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। तर्क दिया है कि इससे देश के पांच करोड़ और दिल्ली के 10 लाख व्यापारियों को होगा फायदा मिलेगा। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा है कि छोटे दुकानदारों के व्यापार को आसान बनाने की आवश्यकता है। सरकार ऐसी पॉलिसी बनाए ताकि उन्हें भी बीमा की सुविधा हो। इसके साथ ही सस्ते ब्याज दरों और आसान शर्तों पर लोन मुहैया कराया जाए। ताकि उन्हें भी व्यापार करने में मदद मिल सके। महासचिव रमेश आहूजा ने कहा कि रिटेल कारोबारियों को एक लाइसेंस मिले, जो पूरे देश में मान्य हो।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रेड क्रॉस के पांच क्षेत्रीय कार्यालयों में भ्रष्टाचार की जांच शुरू, सीबीआई कर रही है पड़ताल

नई दिल्ली। रेड क्रॉस की पांच राज्य शाखाओं में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों पर चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में रेड क्रॉस सोसाइटी की क्षेत्रीय शाखाओं में सीबीआई जांच शुरू की गई है।



अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को तमिलनाडु, केरल, असम, कर्नाटक और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में रेड क्रॉस सोसाइटी की क्षेत्रीय शाखाओं में कथित भ्रष्टाचार के बारे में शिकायतें मिली थीं। तमिलनाडु में मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि राज्य शाखा के कामकाज में गंभीर आरोप राज्यपाल के संज्ञान में लाए गए थे। जिसके बाद उन्होंने जुलाई 2020 में दिल्ली में रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय मुख्यालय (एनएचक्यू) से भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत मंजूरी के लिए अनुरोध किया ताकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामले की जांच कर सके। अधिकारी ने कहा, तमिलनाडु शाखा के आरोपी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने सीबीआई की जांच के खिलाफ चेन्नई में उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया। यह रोक जून 2022 में समाप्त हो गई है। वर्तमान में अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया है और मामला सीबीआई के पास है। राज्यपाल ने राज्य प्रबंध समिति को भी भंग कर दिया है और इसकी जगह तदर्थ समिति का गठन किया है। वहीं, केरल में 2019 में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की ओर से कथित तौर पर धन के दुरुपयोग के एक मामले के कारण एनएचक्यू ने प्रबंध समिति को भंग करने की सिफारिश की।

### पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर टैक्स से सरकार की मोटी कमाई: 9 महीने में सरकार को मिले 5.45 लाख करोड़, टैक्स के बाद दोगुने हो जाते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम



नई दिल्ली। भारतीय पेट्रोलियम सेक्टर की 15 बड़ी तेल-गैस कंपनियों से चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में यानी अप्रैल-दिसंबर के बीच सरकारी खजाने में 5.45 लाख करोड़ रुपए आए हैं। इसमें से 3.08 लाख करोड़ रुपए केंद्र सरकार के खजाने में और 2.37 लाख करोड़ रुपए राज्य सरकारों के खजाने में आए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने सोमवार को राज्यसभा में ये जानकारी दी। तेजी ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि पेट्रोलियम सेक्टर के इस योगदान में बेसिक एक्साइज ड्यूटी, स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी, रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सेस (उपकर), एग्रीकल्चर और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस और पेट्रोलियम उत्पादों पर अन्य सेस व सरचार्ज शामिल हैं। इस साल के आंकड़ों के अलावा, मंत्री ने राज्यसभा को पिछले पांच साल के आंकड़े भी उपलब्ध कराए। इसके मुताबिक, बीते वित्त वर्ष तेल-गैस सेक्टर से सरकारी खजाने में 7.74 लाख करोड़ रुपए आए थे।

### रूस से तेल खरीदने में चीन की मुद्रा से न हो भुगतान, सरकार ने बैंकों-व्यापारियों को दी सलाह



नई दिल्ली। सरकार ने बैंकों और कारोबारियों से कहा है कि वे रूस से आयात के लिए चीन की मुद्रा यूआन का प्रयोग करने से बचें। पॉलिसी मेकिंग से जुड़े सरकार के तीन अधिकारियों और दो बैंकिंग सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ऐसा पड़ोसी देश चीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक मतभेदों के कारण किया जा रहा है। भारत रूस से सस्ता तेल और कोयला के प्रमुख आयातक के तौर पर उभरा है। भारत अब इन कारोबारों को निपटाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा दिरहाम को प्राथमिकता देगा। तीन सरकारी अधिकारियों ने ये बातें कही है। उनमें से एक अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली विदेशी व्यापार का निपटारा यूआन में करने में असुविधा महसूस कर रहा रहा है। वहीं इन ट्रेडों का दिरहाम में निपटारा उसके लिहाज से सही है। एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि भारत यूआन में लेनदेन का निपटारा तब तक नहीं करना चाहेगा जब तक दोनों देशों के रिश्ते बेहतर नहीं हो जाते।

# खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में भी गिरावट दर्ज की गई, फरवरी में 25 महीने के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।**

देश में जनवरी के मुकाबले फरवरी में थोक महंगाई में कमी आई है। सरकार ने बताया कि जनवरी में देश में थोक महंगाई 4.73 फीसदी थी, जो कि फरवरी में घटकर 3.85 फीसदी हो गई है। बता दें कि थोक भाव में किसी सामान का मूल्य थोक महंगाई या फिर थोक मूल्य सूचकांक कहलाता है। थोक मूल्य सूचकांक में सामान काफी मात्रा में एक साथ बेचा जाता है और यह सौदा फर्मों के बीच होता है ना कि ग्राहकों के बीच। देश में महंगाई मापने के लिए थोक मूल्य सूचकांक बेहद अहम होता है।

### थोक महंगाई दर में गिरावट का ये है कारण

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, फरवरी 2023 में मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों, खनिजों, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादों, रसायन और रासायनिक उत्पादों, विद्युत उपकरणों व मोटर वाहनों, ट्रेलरों और सेमीट्रेलर की कीमतों में गिरावट के कारण आई है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के ताजा आंकड़े कंपनियों के लिए बेहतर साबित हो सकते हैं क्योंकि थोक मूल्य में गिरावट से कंपनियों की आय पर दबाव कम हो सकता है। कम इनपुट लागत भी खुदरा कीमतों के लिए अच्छा संकेत हो सकती है।

### 25 महीने के निचले स्तर पर पहुंची थोक महंगाई दर

थोक महंगाई के अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो निर्माण उत्पादों की कैटेगरी में महंगाई दर 1.94 फीसदी रही जो जनवरी में 2.99 फीसदी थी। सब्जियों के मामले में यह -21.53प्रतिशत रही जो कि जनवरी महीने में -26.48 फीसदी रहा था। अंडा, मटन-मछली के मामले में थोक महंगाई दर 1.49 प्रतिशत रहा, जनवरी महीने में यह 2.23 प्रतिशत रहा था। प्याज के मामले में थोक महंगाई दर घटकर -40.14 फीसदी पर पहुंच गई जो कि जनवरी महीने में -25.20 फीसदी रही थी। सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार फरवरी महीने में थोक महंगाई दर 25 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। वहीं इस दौरान खाद्य महंगाई 2.95 प्रतिशत से घटकर 2.76प्रतिशत हो गई है।

### क्या है डब्ल्यूपीआई और सीपीआई

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, फरवरी 2023 में मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल और डब्ल्यूपीआई उन दो सूचकांकों में से एक है जो भारत में महंगाई को मापते हैं। दूसरा उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (सीपीआई) है। डब्ल्यूपीआई उत्पादन या विनिर्माण के स्तर पर कीमतों को कैप्चर करता है। यह कंपनियों के बीच जिन वस्तुओं का व्यापार किया जाता है उन्हें ध्यान में रखते हुए महंगाई को मापता है। वहीं दूसरी ओर सीपीआई खुदरा उपभोक्ता स्तर पर कीमतों को मापता है। सीपीआई में ऐसे खाद्य पदार्थों का बड़ा हिस्सा आता है, जो खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ाने के कारक बनते हैं। वहीं डब्ल्यूपीआई विनिर्मित वस्तुओं के आधार पर महंगाई की गणना करता है।

# रिलायंस को 3 अरब डॉलर का लोन देने के लिए बैंकों की लगी लाइन - लोन का सिंडिकेशन पूरा करने तीन दर्जन के बैंक हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली।**

हाल ही जब हिंडनबर्ग ने अडानी समूह को लेकर निगेटिव रिपोर्ट जारी की। उसनें भी अडानी के भारी भरकम कर्ज पर सवाल खड़े किए गए। अडानी समूह के कर्ज को लेकर पहले से भी सवाल उठते रहे हैं। हिंडनबर्ग के विवाद के बाद अडानी समूह के कर्ज को लेकर विवाद और बढ़ गया। अडानी समूह ने भी अपने कर्ज को कम करने लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अडानी समूह ने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए समय से पहले 2.65 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान कर दिया है। अडानी समूह जहां कर्ज चुका रहा है, वहीं भारत के सबसे अमीर शख्स रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी का कर्ज बढ़ रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने कैपेक्स और रिलायंस जियो के 5जी कारोबार का विस्तार करने के लिए 3 अरब डॉलर का लोन लेने जा रही है। इस लोन के लिए सिंडिकेशन में 10 से अधिक बैंक शामिल हो सकते हैं। रिलायंस को लोन देने वाले बैंकों के सिंडिकेट में और एशियाई बैंक शामिल हो सकते हैं। ये लोन पिछले पांच सालों में भारत के किसी भी कॉरपोरेट हाउस की ओर से लिए गए लोन की ये सबसे बड़ी डील है। माना जा रहा है कि इसी महीने ये डील पूरी हो सकती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज को मिलने वाले इस लोन का सिंडिकेशन पूरा करने के लिए तीन दर्जन के करीब बैंक शामिल हो सकते हैं। बैंकरों ने कहा कि कम से कम पांच सालों में किसी भी भारतीय कॉरपोरेट की तरफ से ये सिंडिकेटेड टर्म लोन की सबसे बड़ी डील है। रिलायंस को लोन देने के लिए सिंडिकेशन प्रोसेस जारी है, जिसमें 10 और बैंक शामिल हो सकते हैं। बैंक रिलायंस को दिए जाने वाले इस लोन के लिए खुद को शामिल करना चाहते हैं। दरअसल रिलायंस की रेटिंग अच्छी है। कारोबार की अपनी साख है। अनिश्चित समय में रिलायंस जैसी कंपनियों की रेटिंग अच्छी है, जिसके कारण बैंकों को उम्मीद है कि उन्हें अपने लोन पर अच्छा रिटर्न मिलेगा। रिलायंस को लोन देने के लिए सिंडिकेट में पहले सिटी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका, बीएनपी पारिबा, एचएसबीपी, स्टैंडर्ड चार्टर्ड, बैंक ऑफ इंडिया जैसे बड़े बैंक शामिल हुए। बाद में इसमें बार्कलेज, जेपी मॉर्गन, बैंक ऑफ इंडिया और सुमितोमो मित्सुई ट्रस्ट बैंक भी इस लिस्ट में शामिल हुए।

# सोना-चांदी ने लगाई छलांग: 58 हजार के करीब पहुंचा सोना, चांदी भी 2,955 रुपए महंगी हुई

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के चलते दुनियाभर में सोने की खरीदारी अचानक बढ़ गई है। इसके चलते मंगलवार को भी सोने के दाम बढ़े हैं। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक सर्राफा बाजार में सोना 804 रुपए महंगा होकर 57,772 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोमवार को भी सोने की कीमत में 1,300 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई थी। अगर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में 2,955 रुपए की तेजी आई है। इस बढ़त के बाद चांदी 66,621 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। 13 मार्च को ये 63,666 हजार पर थी। 2 फरवरी को सोना अपने ऑल टाइम हाई पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, तब सोना 58 हजार 882 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद सोने में गिरावट देखने को मिली थी। अब सोना एक बार फिर चढ़ने लगा है। नए नियम के तहत एक अप्रैल से सिर्फ छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग ही मान्य होंगे।



इसके बिना सोना और सोने के आभूषण नहीं बिकेंगे. साथ ही चार डिजिट वाली हॉलमार्किंग पूरी तरह बंद हो जाएगी। हॉलमार्क वाले सोने की पहचान करना काफी आसान होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा।

# भारतपे और ग्रोवर के परिवार के बीच नहीं चल रही समझौता वार्ता-88.6 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली।**

फिनटेक प्लेटफॉर्म भारतपे और कंपनी के पूर्व सीईओ अशनीर ग्रोवर के बीच का विवाद कोर्ट में चल रहा है। 88.6 करोड़ के विवाद मामले में खबर आई कि दोनों के बीच समझौता हो सकता है, लेकिन भारतपे की ओर से अब इस पर सफाई आ गई है। भारतपे ने साफ किया है कि कंपनी और अशनीर ग्रोवर के बीच कोई समझौता वार्ता नहीं चल रही है। आपको बता दें कि भारतपे ने अशनीर ग्रोवर, उनकी पत्नी और उनके परिवार के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में 88.6 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामले में याचिका दायर की थी। ये मामला अब भी तल रहा है। कंपनी ने कहा कि भारतपे और ग्रोवर या उनके परिवार के बीच किसी तरह के समझौते का सुझाव देने वाली रिपोर्ट निराधार और असत्य है। अशनीर ग्रोवर, उनकी पत्नी और परिवार पर दिसंबर 2022 में धोखाधड़ी, धन की हेराफेरी, जालसाजी, दस्तावेज निर्माण और गबन जैसे कई गंभीर आरोप लगाते हुए भारतपे ने मामला दर्ज करवाया था। अब इस मामले में कंपनी ने अपना जवाब दे दिया है।




फिनटेक प्लेटफॉर्म भारतपे ने सोमवार को कहा कि कंपनी और उसके पूर्व संस्थापक और प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर के बीच कोई समझौता वार्ता नहीं चल रही है। कंपनी ने आईएएनएस को दिए एक बयान में कहा कि भारतपे और मिस्टर ग्रोवर या उनके परिवार के बीच किसी तरह के समझौते का सुझाव देने वाली रिपोर्ट पूरी तरह निराधार और असत्य है। भारतपे ने ग्रोवर और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में दीवानी मुकदमे के माध्यम से कानूनी कार्यवाही शुरू की और दिसंबर 2022 में धोखाधड़ी, धन की हेराफेरी, विश्वास का आपराधिक उल्लंघन, जालसाजी, दस्तावेज निर्माण और गबन के लिए आर्थिक अपराध शाखा के साथ आपराधिक शिकायत की शिकायत की। भारतपे ने कहा, हमें देश की न्यायिक और कानूनी व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहले ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर को कंपनी द्वारा दायर एक मुकदमे पर समन जारी किया था, जिसमें फिनटेक फर्म के खिलाफ मानहानिपूर्ण बयान देने से रोकने की मांग की गई थी, जिसमें दंपति पर धन की हेराफेरी का आरोप लगाया गया था।

## सिलिकॉन वैली बैंक के सवाल पर उठकर चले गए बाइडेन

# 40 लाख से ज्यादा बार देखा गया वीडियो ; स्पाई बैलून घटना पर भी यही किया था

**वाशिंगटन।**

सिलिकॉन वैली बैंक क्राइसिस अमेरिकी सरकार के लिए परेशानी बनती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से सोमवार को इस क्राइसिस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इतना ही नहीं वे इवेंट से उठकर चले गए। इस घटना का वीडियो अब तक 40 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। पहली बार नहीं है जब अमेरिकी राष्ट्रपति प्रेस कॉन्फ्रेंस को बीच में छोड़कर चले गए हों। इससे पहले चीनी स्पाई बैलून घटना पर भी बाइडेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी। घटना के बारे में बताने के बाद जब बाइडेन से सवाल हुए, तब भी वे बिना जवाब दिए कॉन्फ्रेंस के बीच से चले गए थे।

**पत्रकार ने बाइडेन से पूछा- आश्वस्त कर सकते हैं कि आगे ऐसी क्राइसिस नहीं होगी** - राष्ट्रपति जो बाइडेन व्हाइट हाउस में लचीली बैंकिंग व्यवस्था को बनाए रखने और ऐतिहासिक आर्थिक सुधार की रक्षा विषय पर बोल रहे थे। स्पीच खत्म होने के बाद रिपोर्टर ने राष्ट्रपति बाइडेन पूछा था कि आप इस बारे (सिलिकॉन वैली बैंक क्राइसिस) में अभी क्या जानते हैं कि ऐसा क्यों हुआ और क्या आप अमेरिकियों को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा नहीं आगे होगा, लेकिन जो बाइडेन इस सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए।



**पत्रकार को कहा था सन ऑफ बिच** - पिछले साल जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लाइव माइक्रोफोन पर पत्रकार के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। तब व्हाइट हाउस फोटो सेशन के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पत्रकार को लाइव माइक्रोफोन पर सन ऑफ बिच कहा था। पत्रकार ने बाइडेन से पूछा था कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से मिड टर्म इलेक्शन में आपकी पार्टी का कितना नुकसान होगा। इस पर बाइडेन ने कहा कि इससे नुकसान नहीं फायदा होगा और इसके बाद उन्होंने पत्रकार को स्टुपिड सन ऑफ बिच कहा था।

**देश के फाइनेंशियल सिस्टम्स सेफ हैं: प्रेसिडेंट बाइडेन** - सोमवार को ही प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने कहा था कि देश के फाइनेंशियल सिस्टम्स सुरक्षित हैं। हम यह वादा करते हैं कि सिलिकॉन वैली बैंक के पतन से होने वाले किसी भी नुकसान को टैक्सपेयर्स के ऊपर नही डाला जाएगा। मामले से जुड़े दो लोगों के मुताबिक, बाइडन प्रशासन अलास्का के पेट्रोलियम-रिच नॉर्थ स्लोप पर मेजर विलो ऑयल प्रोजेक्ट को मंजूरी दे रहा है।

**एचएसबीसी ने सिलिकॉन वैली बैंक को खरीदा** - एचएसबीसी ने अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक की यूके यूनिट को खरीद लिया है। ये डील केवल 1 पाउंड, यानी करीब 99 रुपए में हुई है।

### कनाडा के नागरिकों को मेटा से नहीं मिलेगा न्यूज कंटेंट हाउस ऑफ कॉमन्स का बिल सी-18 बन रहा है वजह

नई दिल्ली। टेक कंपनी मेटा के प्लेटफॉर्म से कनाडाई लोगों के लिए एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। कनाडा में रहने वाले नागरिक मेटा के प्लेटफॉर्म से न्यूज कंटेट को नहीं पा सकेंगे। दरअसल फिलहाल ऐसा हुआ नहीं है, लेकिन अगर कनाडा में ऑनलाइन न्यूज एक्ट पास हो जाता है तो ऐसा हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक बीते शनिवार को फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा की ओर से यह साफ किया गया है। कंपनी की ओर से दी गई स्टेटमेंट में कहा गया है कि ऑनलाइन न्यूज एक्ट पास होकर कानून बनता है तो आने वाले दिनों में कनाडा में रहने वाले नागरिक मेटा के प्लेटफॉर्म से न्यूज जानकारियों को नहीं पा सकेंगे। दरअसल कनाडा में चर्चित ऑनलाइन न्यूज कंटेंट एक्ट को बीते साल अप्रैल में पेश किया गया था। ऑनलाइन न्यूज कंटेंट एक्ट यानी हाउस ऑफ कॉमन्स के बिल सी-18 को टेक कंपनियों जैसे मेटा और अल्टाफेट के लिए लाया गया था।

# रिद्धिमा पंडित ने फ्रीज करवाए अपने एग्ज

## -एक्ट्रेस पर्सनल लाइफ को लेकर बटोर रही खूब सुर्खियां



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की मशहूर एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही है। सीरियल बहू हमारी रजनीकांत से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली रिद्धिमा ने पिछले साल अपने एग्ज फ्रीज करवाए थे। उन्होंने इसे अपने जीवन के सबसे अच्छे निर्णयों में से एक बताया है। एक्ट्रेस का कहना है कि इसके बाद मैं आजाद महसूस कर रही हूं। रिद्धिमा का कहना है कि एग्ज फ्रीज करने की बात उनके दिमाग में काफी दिनों से चल रही थी और सितंबर में इस फैसले पर काम करना मुझे सही लगा। इसकी वजह य़ह भी थी कि तब मुझे असानमेंट मिलने में एक महीने का समय बाकी था। इसीलिए मुझे इसकी तैयारी करने और इससे उबरने के लिए यह डिसीजन एक दम सही लगा। इस फैसले में एक्ट्रेस के साथ उनकी दिवंगत मां का भी पूरा सपोर्ट था। जब मैंने उनसे पूछा कि मैं शादी नहीं करना चाहती, सही इंसान नहीं मिला, या मेरा ध्यान काम रहा लेकिन मैं बच्चे के लिए तरस रही थी तो क्यो इसके लिए वे पहले से तैयारी कर लें। इस सवाल के जवाब में रिद्धिमा की मां कहती हैं बेशक, बस इसके लिए जाएं। और आप कई अन्य लोगों को भी प्रेरित कर सकते हैं।एक्ट्रेस का कहना है कि एग्ज फ्रीज कराने का मतलब यह तो नहीं है कि वह शादी नहीं करना चाहती है या शादी को टालना चाहती है। रिद्धिमा ने कहा कि अभी मेरा कोई साथी नहीं है। इसीलिए बाद में पछतावा करने के बजाय मुझे पर फैसले पर आगे बढ़ना ज्यादा सही लगा। और सबसे जरूरी बात कि एक महिला का प्रजनन करने का समय सीमित होता है और मुझे बच्चा पैदा करने के लिए शादी करने का प्रैशर फील नहीं करना है। हर औरत की तरह मैं भी स्वाभाविक रूप से प्रेग्नेंट होना चाहूंगी, लेकिन किसी कारण अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो मेरे पास पहले से यह ऑप्शन मौजूद होगा। मालूम हो कि रिद्धिमा पंडित ने बहू हमारी रजनीकांत, खतरों के खिलाड़ी, खतरा खतरा खतरा, और हैवान जैसे टीवी शो में काम किया है।

# पिता नहीं चाहते थे कि हमें पता चले कि वे सुपरस्टार हैं

## -साउथ के सुपर स्टार राम चरण ने कहा



**मुंबई (ईएमएस)।** सुपर स्टार राम चरण ने कहा- मैं पापा के अवॉर्ड्स और सिनेमा मैगजीन्स को देखकर तब बड़ा हो रहा था और घर के नीचे वाले ऑफिस में अगर मैं कभी कुछ स्टेशनरी लेने के लिए गया और गलती से उनकी कोई फोटो लेकर घर में दाखिल हो गया...हमारे घर में उनकी कोई भी तस्वीर, कोई मैगजीन्स या फैन का बनाया कुछ भी नहीं होता था। हाल ही में सुपर स्टार राम चरण ने आरआरआर की जर्नी से लेकर हैदराबाद में अपने पालन-पोषण, ऑस्कर नामिनेशंस और कई टॉपिक्स पर बात की। एक्टर ने आगे कहा-एक जाने माने भारतीय कलाकार ने उनकी एक पेंटिंग बनाई और उसे भी घर में जगह नहीं मिली, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि उनके काम का प्रभाव उनके घर पर पड़े। उन्होंने सोचा कि यह एक इंडस्ट्री के रूप में बहुत ही ग्लैमरस, आकर्षक है और वह चाहते थे कि हम जितना हो सके एक आम जिंदगी जीएं, वो नहीं चाहते थे कि हमें पता चले कि हमारे पास एक सुपरस्टार फादर हैं और ये मान लें कि ये सब हमारे लिए आसान होगा। उन्होंने जो कुछ भी किया वह आज तक सही था, मैं अपनी ईएमआई का भुगतान करने में सक्षम हूं और इसे जारी रख रहा हूं और मैं उनकी परवरिश और जिस तरह से था, उसके कारण अच्छा कर रहा हूं। अपनी फिल्म आर-आरआर पर बात करते हुए एक्टर ने कहा- आ-रआरआर एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां वो सफर आने वाला है जिसे भारत में फिल्म उद्योग के सभी मेहनती निर्देशक और लोग पिछले 85 सालों से जो देखना चाहते थे, उसे हासिल करने का यह एक तरीका है। हमारा आखिरी लक्ष्य विश्व मंच पर पहचाना जाना है। ऑस्कर में नॉमिनेशन पर राम चरण ने कहा- मैं जिन लोगों की बात कर रहा हूं, वे भी नहीं जानते कि यह हमारे देश के लिए क्या करने वाला है। आप इस दिन के रिजल्ट को समझ नहीं सकते। यह हम सभी के लिए भावनात्मक माहौल है। यह मेरे पिता के लिए भावनात्मक है जो इंडिया में इंतजार कर रहे हैं। मेरे फ्लाइट लेने से पहले, वह इतने भावुक थे कि मैं यहां आ रहा था। उन्होंने 154 फिल्में की हैं और 42 साल से काम कर रहे हैं, वे 80 के दशक में ऑस्कर में जा चुके हैं और वह भी एक अपीयरेंस के लिए और उन्हें लगता है कि यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन आज हम नॉमिनेटेड हैं और हमारा नाम लिस्ट में हैं और अब हम इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने मुझे एक युवा एक्टर होने के अहमियत बताई है, क्योंकि करियर के इस पढ़ाव पर हमें इसकी कद्र नहीं समझते हैं, लेकिन उन्हें की वैल्यू पता है और मुझे सच में यकीन है, कि हम इसके लिए भारत में भी सभी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, सिर्फ अभिनेताओं के लिए नहीं बल्कि यह भारत के ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने जैसा है, मैं दौड़ता नहीं लेकिन मैं केवल यह महसूस करते हुए कि जब मेरे भारतीय खिलाड़ी के पास वह मेडल है, तो ऑस्कर हमारे लिए ओलंपिक गोल्ड मेडल के बराबर ही है। मालूम हो कि मेगा पावर स्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर को लेकर विदेशों में छाए हुए हैं। एक्टर राम चरण ऑस्कर में भी नॉमिनेट है।

# किसी का भाई किसी की जान बनी सबसे चर्चित फिल्म

## -सलमान खान के फैन्स हर जगह मौजूद




**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर सलमान खान की अगली फिल्म किसी का भाई किसी की जान सबसे चर्चित और प्रतीक्षित फिल्म बन गई है, जो यह दिखाता है कि मेगास्टार का युग यहीं है! सलमान खान के फैन्स हर जगह मौजदू हैं, सोशल मीडिया पर भी उनके लाखों फॉलोअर्स हैं, और उनकी फिल्में लगातार बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ती हैं। यही नहीं, जो एक और चीज उन्हें बेहद खास बनाती है, वह है दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव। उनके और उनके किरदार के साथ व्यक्तिगत संबंध महसूस किए बिना उनका कोई भी फैन कभी भी थिएटर से बाहर नही आ पाता है, और उनकी फिल्मों का हमेशा उत्सुकता और प्रत्याशा के साथ इंतजार किया जाता है। ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने साझा किया कि, ईद पर सलमान खान की फिल्म अपने आप में एक फेस्टिवल कॉम्बिनेशन की तरह होती है। अभिनेता के बड़े फैन बेस और ह्यूज स्टारडम के आधार पर, यह साफ है कि एक पीढ़ी में एक बार किसी को इस तरह का निरंतर स्टारडम और वफादारी मिलती है। यह सलमान खान का युग है। पठान में उनका कैमियो सबका दिल खुश कर गया था, उनकी नेक्स्ट अपकमिंग केबीकेजे बहुप्रतीक्षित फिल्म है और टाइगर 3 कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ सकती है! हां, ऐसा हो सकता है। सलमान खान और ईद बेस्ट कॉम्बिनेशन हैं। उनकी फिल्म ईद के दौरान रिलीज होती है और सालों से चली आ रही एक परंपरा है जिसके वजह से सलमान अपने आप में एक त्योहार बन चुके हैं। उनकी फिल्में लोगों को एक साथ लाती हैं, जिसे हर कोई देखने आता है और बड़े पर्दे पर अपने पसंदीदा सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों को सिनेमाघरों के बाहर घंटों कतार में खड़े देखना अब एक आम बात बन चुकी है। सलमान खान फिल्मों के अलावा पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस का भी चेहरा हैं। यह शो अब एक दशक से अधिक समय से चल रहा है, और सलमान खान इसके ज्यादातर सीजन होस्ट कर चुके हैं। सलमान खान के बिना अब कोई भी बिग बॉस के बारे में सोच भी नहीं सकता है। वह शो में अपनी अनूठी शैली लेकर आते हैं, और उनकी उपस्थिति इसका एक अभिन्न अंग बन गई है। सलमान का तेजतर्रार दबदबा उनकी खुद की फिल्मों से परे है। फिल्म पठान में सलमान का कैमियो भी सबसे चर्चित विषयों में से एक था और दर्शक अभी भी फिल्म में उनकी शानदार उपस्थिति और प्रदर्शन के बारे में तारीफ करते नहीं थक रहें। फिल्म में उनकी मौजूदगी अप्रत्याशित थी, और जिस वजह से फिल्म के लिए दर्शकों का क्रेज और बढ़ गया था। कह सकते है कि अपने फैन्स को सरप्राइज करने का उनका अंदाज ही उनके फैन्स को भा जाता है जिसके कारण वो सालों से एक लॉयल फैन बेस एंजॉय करते चले आ रहे हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्टर सलमान खान सिर्फ एक नाम नही बल्कि सफलता की मिसाल हैं और उनकी लंबी फैन फॉलोइंग इस बात का सबूत है। पठान में सलमान का कैमियो, पब्लिक इवेंट्स में उनका जोरदार अंदाज, उनका फैनडम उनके फैंस को खूब पसंद आया।

# रैंप वॉक पर उतर आई 70 साल की जीनत अमान



एक बार फिर बॉलीवुड की 70 साल की अदाकारा जीनत अमान पुराने दिनों को याद करने के लिए रैंप वॉक पर उतर आई है। एफडीसीआईएक्स लक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन अदाकारा ने लाइमलाइट लूटने में कोई कमी नहीं छोड़ी। वह फैशन डिजाइनर शाहीन मन्नान के लिए रैंप पर उतरी थी। उनकी तस्वीरें देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जीनत अमान के आगे सब फीके हैं। रेड एंड ब्लैक आउटफिट पहन वह जिस अंदाज में रैंप पर उतरी वह देखने लायक था। एक्ट्रेस ने अपने लुक को ब्लैक पैंट और मैचिंग फुटवियर के साथ पेयर किया था। साथ में सनग्लासेस जीनत अमान के लुक को रॉयल बनाने का काम कर रहे थे। एक्ट्रेस ने डीवा की तरह अपने ग्रे बालों वाले लुक को फ्लॉन्ट किया। जीनत अमान ने अपनी स्माइल से पूरे माहौल को रंगीन कर दिया। रैंप पर वापसी करने पर जीनत अमान काफी खुश नजर आ रही थी। उन्होंने कहा- मैंने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के रूप में की थी और पिछले कुछ वर्षों में मैंने कई रैंप पर वॉक किया है। बड़ी उम्र की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए फिर से ऐसा करना रोमांचक है ।

# 60 साल की उम्र में चौथी बार शादी की नरेश ने



अपनी कई फिल्मों की सह-कलाकार पवित्रा लोकेश से तेलुगू फिल्मों के वरिष्ठ अभिनेता 60 वर्षीय नरेश ने शादी की है। नवविवाहित जोड़े ने शुक्रवार को अपनी शादी का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करते हुए, नरेश ने लिखा, हमारी इस नई यात्रा में जीवन भर शांति और आनंद के लिए आपका आशीर्वाद चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नरेश की यह चौथी और पवित्रा की तीसरी शादी है। पवित्रा कर्नाटक से हैं और सहायक अभिनेत्री के रूप में कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उनके अलग होने के बाद नरेश अपनी तीसरी पत्नी राम्या रघुपति के साथ एक अप्रिय विवाद में उलझ गए थे। राम्या रघुपति ने कथित तौर पर नरेश को तलाक देने से इनकार कर दिया है। बता दें कि करीब दो साल तक साथ रहने के बाद इस जोड़े ने हाल ही में अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया।

# माधुरी दीक्षित ने मां के निधन पर लिखा इमोशनल पोस्ट



हर लड़की के लिए उसकी मां खास दोस्त होती है। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपनी मां स्नेहलता दीक्षित के भी काफी करीब थीं। रविवार को मां का निधन होने के बाद माधुरी दीक्षित के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां के निधन के बाद माधुरी ने एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। मां के साथ एक खास फोटो शेयर करते हुए माधुरी ने मां के लिए अपनी फीलिंग्स व्यक्त की हैं। इस समय माधुरी का पोस्ट हर तरफ चर्चा में है। बता दे कि माधुरी के पोस्ट पर कई फैंस और सेलेब्रिटीज ने कमेंट कर श्रद्धांजलि दी है। माधुरी ने अपनी मां की फोटो शेयर करते हुए कहा, "मैं सुबह उठी और मां का कमरा खाली पाया। माँ ने हमें जीवन जीना सिखाया। हम हमेशा मां को बहुत याद करेंगे। उनकी पॉजिटिविटी, उनका आशीर्वाद हमेशा साथ रहेगा।" मां हमेशा हमारी यादों में रहेंगी... ओम शांति ओम" इस वक्त माधुरी का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माधुरी की मां स्नेहलता दीक्षित ने 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। स्नेहलता ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। रविवार को दोपहर करीब 3 बजे मुंबई के वर्ली स्थित श्मशान घाट में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। माधुरी सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। माधुरी अपने जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने फैंस के साथ शेयर करती हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। माधुरी अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

# अंतरा ने लिया लैक्मे फैशन वीक में हिस्सा




हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में फिल्म एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी अंतरा मारवाह ने हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि रैंप वॉक के दौरान अंतरा मारवाह ने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। दरअसल अंतरा मार-वाह प्रेग्नेंट है और वह एक्टर मोहित मारवाह की पत्नी भी है। लैक्मे फैशन वीक में उन्होंने बेबी बंप के साथ वॉक किया। सभी लोग उनका कॉन्फिडेंस देखकर दंग रह गए।

उन्होंने सिमरी ड्रेस पहन रखी थी। अंतरा मारवाह ने फुल स्लीव क्रॉप टॉप प्लंजिंग नेकलाइन ड्रेस पहन रखी थी। इसके अलावा उन्होंने शॉर्ट्स पहन रखी थी। अंतरा मारवाह बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी की भतीजी भी है। वहीं, मोहित मारवाह संदीप मार-वाह के बड़े बेटे हैं जो कि अनिल कपूर और बोनी कपूर के रिश्तेदार है। उन्होंने 2014 में ह्यफगलीह्ल से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। मोहित और अंतरा ने फरवरी 2018 में यूएई में शादी की थी। इसी शादी में श्रीदेवी का निधन हो गया था।

# टोन्ड बॉडी बनाने रणबीर ने ली थी कड़ी ट्रेनिंग



एक्टर रणबीर कपूर ने फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के लिए टोन्ड बॉडी बनाने के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली। रणबीर के फिटनेस ट्रेनर शिवोहम ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि रणबीर ने ट्रेनिंग में डेडिकेशन और डिसिप्लेन दिखाया है। रणबीर के फिटनेस ट्रेनर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर के वॉशबोर्ड एब्स दिखाते हुए दो शर्टलेस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखाः आप जो देख रहे हैं वो असल में अनुशासित जीवनशैली, समर्पण और कड़ी मेहनत का उदाहरण है। ये एक टीम वर्क है और इस तरह के रिजल्ट आसानी से नहीं मिलते। इसके लिए जागने और हर चीज करने की जरूरत होती है। और यही बात आपको बाकी लोगों से अलग करती है। सुबह 4 बजे ट्रेनिंग सेशन, रात 11 बजे ट्रेनिंग सेशन या कभी-कभी शूटिंग के बीच में समय निकालते हुए रणबीर ने यह सब किया है। अपने प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपने पर्सनल लाइफ को बैलेंस करना, ये सभी चीजें किताबें पढ़ने से नहीं सीखी जा सकती हैं, ये वे मूल्य हैं जो आप में आत्मसात किए जाते हैं और कंडिशनिंग जो आप अपने माता-पिता और अपने साथ रखने वाले लोगों से लेते हैं।

# ओटीटी के बादशाह मनोज बाजपेयी को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया



ओटीटी के बादशाह मनोज बाजपेयी को अमेरिकन ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी ने सिनेमा में उनकी कला, योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। ओटीटी पर मनोज बाजपेयी की फिल्म गुलमोहर कमाल कर रही हैं, ऐसे समय में मनोज बाजपेयी के लिए ये सम्मान सोने पे सुहागा से कम नहीं हैं। गुलमोहर में मनोज बाजपेयी अपने चरित्र के अद्भुत भूमिका में दिखे हैं, जो उनकी अन्य भूमिकाओं से एकदम अलग है। मनोज बाजपेयी ने इस सम्मान पर सादगी और ईमानदारी से आभार व्यक्त किया। सिल्वर स्क्रीन पर मनोज बाजपेयी की उम्दा अदाकारी देखने के लिए उनके फैंस काफी उत्सुक हैं।

## सूडोकु नवताल- 6370

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्दजाल- 7117

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

**शब्दजाल में मनोज वाजपेयी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं**

अक्स, फरेब, इंतकाम, पिंजर, सत्या, शूल, जूबेदा, दिल पर मत ले यार, घात, जागो

### शब्दजाल - 7116 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | चां | न | र | क |
| ग | र | म | म | सा | ला | जी | द | इ | व | ल |
| आ | कं | दे | ला | ह | जी | स्म | नी | का | क्त | दि |
| वा | ची | प | श | ल | ज | प | बा | पा | ल | र |
| स्तु | त | ई | त्री | में | स | खें | र | भा | म | जं |
| शा | मे | म | क | ला | बे | ला | न | ई | क | ग |
| स्त्र | जं | न्स | मे | ल | क | ता | म | न | है | ल |
| च | म | न | ए | स | हो | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | ना | री | रो | न | क्स |
| क्या | कु | ल | है | ह | म | त्र | हो | ड | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6070

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | 3 |
| 6 | 32 | | 29 | 3 | 29 | |
| 1 | 6 | 5 | | | | 7 |
| | 34 | | 30 | 1 | 30 | 4 |
| 3 | | 2 | | 5 | 6 | |
| 7 | 31 | | 32 | 7 | 43 | |
| | | 4 | 1 | | 7 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6069 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 33 | 6 | 36 | 6 | 30 | 1 |
| 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 37 | 2 | 25 | 7 | 36 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# कोहली का वर्ल्ड रिकॉर्ड: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच बने; तीनों फॉर्मेट में 10+ बार ये अवॉर्ड जीतने वाले अकेले क्रिकेटर

**नई दिल्ली ।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। 4 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला गया। भारत सीरीज में 2-1 से आगे था, ऐसे में आखिरी मैच ड्रॉ रहने पर सीरीज टीम इंडिया ने ही जीती। विराट कोहली ने इस टेस्ट में 364 बॉल पर 186 रन की जबरदस्त पारी खेली। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इसी के साथ कोहली ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कोहली तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 10 या उससे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली बार ही प्लयेर ऑफ द मैच का खिताब जीता। कोहली के रिकॉर्ड्स के अलावा क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार यह खिताब जीतने वाले खिलाड़ी कौन हैं इस खबर में हम जानेंगे।

**पाकिस्तान के खिलाफ 6 बार अवॉर्ड जीता** - टेस्ट में विराट 10वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच बने। क्रिकेट के बाकी 2 फॉर्मेट में वह पहले ही 10 से ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच रह चुके हैं। वनडे में 38 और टी-20 में 15 बार उन्होंने यह अवॉर्ड जीता। वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 और श्रीलंका के खिलाफ वह 7 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं। टी-20 के 15 अवॉर्ड में विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ 4 और ऑस्ट्रेलिया के 3 बार यह सम्मान हासिल किया। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में भी 2 बार कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं। इस तरह पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने कुल 6 बार यह अवॉर्ड जीता है।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली बार** - यह पहली बार ही है जब विराट कोहली को टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। ओवरऑल टेस्ट में 10वीं बार उन्होंने यह खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया के अलावा उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भी 1-1 बार यह अवॉर्ड जीता है। साउथ अफ्रीका-श्रीलंका के खिलाफ 2-2 और इंग्लैंड के खिलाफ 3 बार यह अवॉर्ड अपने नाम कर रखा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके अब 8 टेस्ट शतक भी हो गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जो रूट (12 शतक) के हैं। उनके बाद सचिन तेंदुलकर के नाम 11 शतक हैं। कोहली इस लिस्ट में 8वें नंबर पर हैं।

**कैलिस टेस्ट में टॉप पर** - टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच पाने वाले खिलाड़ी जैक कैलिस हैं। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ऑलराउंडर कैलिस ने 166 मैचों में 23 बार यह अवॉर्ड जीता है। टेस्ट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले टॉप-10 खिलाड़ियों की लिस्ट में सचिन तेंदुलकर इकलौते भारतीय हैं। वह नौवें स्थान पर हैं। उन्होंने 200 टेस्ट मैचों में 14 बार मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता था। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के मामले में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर टॉप पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएफआई विवाद में हाईकोर्ट का फैसला : 3 बॉक्सरों को चैंपियनशिप खेलने की उम्मीद; चयन प्रक्रिया पर उठाए थे सवाल



**रोहतक।** हरियाणा की तीन बॉक्सरों व बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच चल रहे विवाद में हाईकोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। खिलाड़ियों को हाईकोर्ट से ही अंतिम उम्मीद है ताकि वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेल पाएं। कोर्ट ने बीएफआई को निर्देश देकर वर्ल्ड चैंपियनशिप की मूल्यांकन शीट मांगी है। बता दें कि 15 मार्च से वर्ल्ड चैंपियनशिप का आगाज होगा। जो 26 मार्च तक चलेगी। दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में 12 दिनों तक विभिन्न देशों के बॉक्सर अपने पंच का दम दिखाएंगे। वहीं हाईकोर्ट 14 मार्च को अपना फैसला सुनाएगी। अगर फैसला खिलाड़ियों के पक्ष में आता है तो उनको वर्ल्ड चैंपियनशिप में चयन की उम्मीद है। रोहतक की बॉक्सर मंजू रानी ने उम्मीद भरा ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बाद ही अच्छे दिनों का आगमन होगा। वहीं शिक्षा नरवाल ने भी ट्वीट किया और लिखा कि कुछ पाना है कुछ खोना होगा, जो भी हो हासिल अपना होगा। साथ ही दूसरे ट्वीट में उन्होंने बीएफआई के सचिव पर सवाल उठाए। बीएफआई द्वारा वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की गई थी। इस टीम में देशभर की 12 महिला बॉक्सरों की टीम का चयन किया गया था। जिनमें से 8 खिलाड़ी हरियाणा की रहने वाली थी। वहीं 5 खिलाड़ी अकेले मिनी क्यूबा के नाम से प्रसिद्ध भिवानी जिले से हैं जो महिला विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में खेलेंगी। हरियाणा के रोहतक के गांव रिठाल फोगाट निवासी मंजू रानी, गांव रिठाल नरवाल निवासी शिक्षा व हिसार निवासी पूनम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि टीम चयन के दौरान भ्रष्टाचार व धांधली हुई है। जिसके कारण उनका नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयनित टीम में नहीं हैं। 48 किलोग्राम भार वर्ग की बॉक्सर मंजू रानी ने कहा कि वह भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता हैं। उसे पहली रैंक से हटाकर दूसरे नंबर पर डाल दिया। जिस बॉक्सर को नंबर एक पर स्थान दिया है, वह केवल हरियाणा स्टेट में खेली और कोई मेडल भी नहीं ले सकी।

### विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियस और गुजरात जायंट्स : पिछली बार 143 रन से जीती थी मुंबई




**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियस और गुजरात जायंट्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। ब्रेबोर्न स्टेडियम में होगा। मुंबई ने टूर्नामेंट में अपनी सभी मैच जीते हैं। वहीं, गुजरात को 4 में से एक ही मुकाबले में बेंगलुरु के खिलाफ जीत नसीब हुई। गुजरात जायंट्स की टूर्नामेंट में शुरुआत ही खराब रही। मुंबई के बाद टीम को यूपी ने करीबी मुकाबले में 3 विकेट से हराया। तीसरा मुकाबला टीम ने 11 रन से जीता, लेकिन दिल्ली के खिलाफ 10 विकेट से हार गए। टीम की पूर्व कप्तान बेथ मूनी इंजर्ड होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत ही गुजरात जायंट्स पर 143 रन की बड़ी जीत से की थी। इसके बाद टीम ने बेंगलुरु, दिल्ली और यूपी को भी हराया। टीम 4 मैचों में 4 जीत के बाद 8 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। टीम से हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर-ब्रंट, हरमनप्रीत कौर, यस्तिका भाटिया और अमीलिया केर ने शानदार बैटिंग की। वहीं, साइका इशाक और इजाबेल वॉन्ग ने बेहतरीन बॉलिंग की है। मुंबई और गुजरात के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच 4 मार्च को खेला गया था। टॉस हराकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 64 रन पर ही ऑलआउट हो गई थी।

### श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, कई दिग्गजों को आईपीएल 2023 के कारण रखा गया बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टॉम लैथम को न्यूजीलैंड का कप्तान बनाया गया है। न्यूजीलैंड ने केन विलियमसन, टिम साउथी, डेवोन कॉनवे और मिचेल सैंटनर को आईपीएल 2023 के लिए रिलीज करने का फैसला लिया है। ये चारों खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे। याद दिला दें कि न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले टेस्ट में आखिरी गेंद पर श्रीलंका को 2 विकेट से मात देकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023

# 15-26 मार्च के बीच होगा टूर्नामेंट, मैरी कॉम-फरहान बने ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और बॉलीवुड स्टार फरहान अख्तर को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने की घोषणा की। वहीं, महिंद्रा ऑटोमोटिव इस चैंपियनशिप का टाइटल स्पॉन्सर बना है। यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 से 26 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत इस चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक तीसरी बार मेजबानी करने जा रहा है। इस लिहाज से देश मे मुक्केबाजी का बुखार चढ़ना तय है क्योंकि इसमें दुनिया भर के कई शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमसी मैरी कॉम और फरहान अख्तर का होना मुक्केबाजी में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के हमारे मिशन को बहुत अधिक बल प्रदान करेगा। मैरी कॉम एक मुक्केबाजी लीजेंड हैं और फरहान अख्तर खेलों से जुड़ी कई फिल्मों में काम करने वाले आइकन हैं। इन दो यूथ आइकॉन के साथ आने से इस विश्व चैम्पियनशिप की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और देश भर में इस खेल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। साथ ही यह आयोजन दुनिया को बड़े वैश्विक टूर्नामेंटों के मेजबान के रूप में भारत की क्षमता दिखाने में भी मदद करेगा।

लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली मैरी कॉम, महिला विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे अधिक बार चैंपियन बनने वाली मुक्केबाज हैं। मैरी ने छह बार स्पर्ण और एक-एक बार रजत तथा कांस्य पदक जीता है। मैरी ने कहा, भारत तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है और यह एक विशेष पल है हमारे लिए यह एक दुर्लभ सम्मान है। यह वैश्विक दर्शकों के सामने एक खेल राष्ट्र के रूप में भारत की ताकत का प्रतीक है। मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर खुश हूं और मुझे विश्वास है कि यह भारत के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय होगा।



2014 में मैरी कॉम की यात्रा को दिखाने वाली एक बायोपिक फिल्म ने बड़े पर्दे पर दिखाई गई थी। इस फिल्म और खुद मैरी की जीवन यात्रा ने देश की लड़कियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। दूसरी ओर, फरहान अख्तर एक खेल प्रेमी अभिनेता हैं, जो भाग मिल्खा भाग और तूफान जैसी फिल्मों में अपनी मुख्य भूमिकाओं के लिए भी लोकप्रिय हैं। तूफान में एक मुक्केबाज की यात्रा को दिखाया गया है। इस टूर्नामेंट के दौरान फरहान अख्तर मुक्केबाजों के साथ जुड़ेंगे और टूर्नामेंट के उत्साह को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए भी दुनिया तक पहुचाएंगे।

इस इवेंट को लेकर फरहान अख्तर ने कहा, मैं इस तरह के प्रतिष्ठित इवेंट का हिस्सा बनकर सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। यह व्यक्तिगत गर्व की बात है कि भारत महिलाओं के लिए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। इस खेल के लिए मेरा प्यार मेरी फिल्म तूफान के लिए प्रशिक्षण शुरू करने से बहुत पहले से चला आ रहा है। अब यहां इस इवेंट का जश्न मनाना एक अद्भुत अहसास है। एक उत्साही खेल प्रेमी के रूप में, मैंने हमारी लड़कियों की यात्रा को फालो किया है। जब भी उन्होंने इस खेल में भारत का नाम रौशन किया तो उनकी सराहना की है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी रोमांचक मुकाबलों को देखेंगे और दुनिया भर की इन महिलाओं से प्रेरित होंगे। मैं बीएफआई का भी विशेष उल्लेख करना चाहूंगा जो मुक्केबाजी के क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित और समर्थन देकर जबरदस्त काम कर रहे हैं। और अंत में, मेरी ओर से इस इवेंट में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।

दो साल में एक बार होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए इस साल 74 देशों के कुल 350 से अधिक मुक्केबाजों ने पंजीकरण कराया है। इस चैंपियनशिप में इस बार पहली बार 20 करोड़ रुपये का पुरस्कार पूल है।

# लक्ष्य और सिंधू से 22 साल का सूखा खत्म करने की उम्मीद, सात्विक-चिराग कर सकते हैं कमाल






**बर्मिंघम ।**

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन का अंतिम बार खिताब पुलेला गोपीचंद ने 2001 में जीता था। तब से कोई भी भारतीय शटलर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को नहीं जीत पाया है। हालांकि पिछली बार लक्ष्य सेन ने और 2015 में साइना नेहवाल ने यहां फाइनल में जरूर पहुंचे, लेकिन अंतिम बाधा पार नहीं कर सके। शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में खिताब का सूखा खत्म करने की जिम्मेदारी लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी पर है, लेकिन लक्ष्य और सिंधू को पहले दौर से ही कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।

### सिंधू को मुश्किल ड्रॉ

पीवी सिंधू के नाम दो ओलंपिक पदक और विश्व चैंपियनशिप का खिताब है, लेकिन इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से वह आगे नहीं बढ़ पाई हैं। सिंधू ने यहीं अगस्त माह में राष्ट्रमंडल खेलों का खिताब जीता था। यहीं उनकी चोट भी गहराई। बाद में उन्हें अपने टखने का ऑपरेशन भी कराना पड़ा। ऑपरेशन के बाद सिंधू लय में नहीं दिखी हैं। मलयेशिया और इंडिया ओपन के पहले ही दौर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यहां पहले दौर में उनके सामने चीन की झांग यी मान होंगी। जिनके सामने उनका रिकॉर्ड 1-1 का है। दूसरे दौर में उनके सामने चीन की ही हे बिंग जियाओ और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताईपे की ताई जू यिंग से भिड़ंत संभावित है।

### लक्ष्य पहले दौर में चीनी ताईपे के चोउ तिएन से खेलेंगे

वहीं विश्व नंबर 12 लक्ष्य सेन भी चोटों से जूझने के बाद अपनी पिछले वर्ष की फॉर्म को हासिल नहीं कर पाए हैं। बीते सप्ताह जर्मन ओपन के पहले ही दौर में उन्हें विश्व नंबर 41 फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने पराजित किया। यहां उनका पहले दौर में सामना चीनी ताईपे के पांचवीं वरीय चोउ तिएन चेन से है। भारतीय शटलरों में एचएस प्रणय फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में मलयेशिया के ली जी जिया को पराजित किया। वह पहले दौर में चीनी ताईपे के वांग जू वेई से भिड़ेंगे। वहीं किदांबी श्रीकांत पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से खेलने जा रहे हैं। सात्विकसाईराज का चोट के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इंडिया ओपन में उन्हें कूल्हे की चोट लग गई थी।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर कप्तान कमिंसः दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटे थे, स्मिथ करेंगे टीम को लीड

**नई दिल्ली ।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 मार्च से 3 वनडे की सीरीज शुरू होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस इस सीरीज से बाहर हो चुके है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी जानकारी दी। उनकी जगह टीम के उपकप्तान स्टीव स्मिथ टीम को लीड करेंगे।

कमिंस मां की तबियत खराब होने के कारण दिल्ली टेस्ट के बाद स्वदेश लौट गए थे। 10 मार्च को उनका निधन हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ऑलराउंडर एश्टन एगर भी बीच दौरे में स्वदेश लौटे थे। वनडे सीरीज के लिए वापस भारत आएंगे।

### 10 मार्च को हुआ कमिंस की मां का निधन

ऑस्ट्रलियाई कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट के बाद मां की तबियत बिगड़ने की वजह से ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। कमिंस की मां मारिया लंबे समय से बीमार थीं। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर था। मारिया पिछले कुछ दिनों से पैलेएटिव केयर में थीं। इसके बाद 10 मार्च यानी कमिंस की मां का निधन हो गया था। इस वजह से कमिंस अब वनडे सीरीज से बाहर हो गए है।

### भारत के खिलाफ 3 वनडे खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया से भारत टेस्ट सीरीज जीत लिया है। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा।




### मैक्सवेल और मार्श की वापसी

वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम में ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श की लंबे समय बाद वापसी हुई है। मैक्सवेल नवंबर में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद चोटिल हो गए थे। वे एक बर्थडे पार्टी में फिसल गए थे, जिस कारण उनके पैर में चोट आई थी। वहीं, मार्श बाएं टखने की चोट के कारण काफी समय तक टीम से बाहर रहे थे। मैक्सवेल डोमेस्टिक क्रिकेट में वापसी कर चुके है। हालांकि, वापसी के बाद पहले ही मैच में उन्हें उंगली में चोट आई थी। लेकिन अब वह चोट से उभर चुके है और भारत के खिलाफ खेलने के लिए फिट है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन स्क्वाड में शामिल थे, लेकिन चोट की वजह से वे भी बाहर हो गए है।

# अहमदाबाद में शमी के सामने लगे जय श्रीराम के नारे: टेस्ट के पहले दिन नारेबाजी हुई, रोहित बोले- मुझे नहीं पता क्या हुआ था

**अहमदाबाद।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट ड्रॉ हो गया। भारत ने खत्म हुए टेस्ट मैच के बाद यह सीरीज 2-1 से जीत ली है। मैच के दौरान एक घटना ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। मैदान में मौजूद भीड़ ने तेज गेंदबाज मो. शमी के सामने जय श्री राम के नारे लगाए। मैच के बाद जब कैप्टन रोहित शर्मा से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### अहमदाबाद स्टेडियम में क्या हुआ था

नारेबाजी की घटना टेस्ट के पहले दिन हुई, जब ब्रेक चल रहा था। मो. शमी चेतेश्वर पुजारा, कुलदीप यादव, सूर्यकुमार, शुभमन गिल, उमेश यादव और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर के साथ बाउंड्री के करीब मौजूद थे।



स्टैंड्स में मौजूद दर्शक भारतीय टीम की हौसलाफजाई कर रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिए। थोड़ देर नारे लगाने के बाद भीड़ ने शमी का नाम लेना भी शुरू कर दिया। एक व्यक्ति ने आवाज लगाई- शमी... जय श्री राम।

### रोहित शर्मा ने जय श्री राम के नारों पर क्या कहा...

रोहित ने कहा - मैं शमी के लिए जय श्री राम के नारे से बिल्कुल अनजान हूं। मैंने इसे पहली बार ही सुना है। मुझे नहीं पता कि वहां क्या हुआ है। मैच पर रोहित ने कहा कि हमारे सामने चुनौतियां आईं, लेकिन हमने डट कर उसका जवाब दिया। पहले दो टेस्ट हमारे लिए खास रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली टेस्ट मैच कुछ ऐसा था जिस पर मुझे वास्तव में गर्व है। हम उस गेम में बहुत पीछे थे और उस स्थिति से वापसी करने के लिए जो हमने जो एटीट्यूड दिखाया, वह सही था।

### भारत 2-1 से सीरीज जीता

भारत ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार चौथी बाद टेस्ट सीरीज जीती। 4 मुकाबलों की सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा है। ऐसे में सीरीज 2-1 से भारत के नाम रही है। टीम इंडिया कंगारुओं से लगातार चार टेस्ट सीरीज जीतने वाली एशिया की पहली टीम बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने लगातार छठी बार घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले, टीम इंडिया को 2004 में अपने घर में हार झेलनी पड़ी थी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 175/2 रनों पर घोषित की। फिर नतीजा न निकलता देख दोनों कप्तानों ने एक घंटे पहले ही आपसी सहमति से मैच समाप्ति की घोषणा कर दी। तब मार्नस लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 पर नाबाद लौटे।

विमेंस प्रीमियर लीग में 6 विकेट से जीती दिल्ली

# बेंगलुरु टूर्नामेंट में लगातार पांचवां मुकाबला हारी; जेस जोनासेन ने लगाया विनिंग शॉट

**मुंबई ।**

विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। डी वाई पाटिल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 150 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। आखिरी ओवर में दिल्ली को 9 रन की जरूरत थी। जेस जोनासेन ने पहली और मारियन कैप ने दूसरी बॉल पर एक रन लिया। फिर जोनासेन ने तीसरी बॉल पर छक्का और चौथी पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। पहली पारी में बेंगलुरु से एलिस पेरी ने नाबाद 67 रन बनाए, वहीं दिल्ली से शिखा पांडे ने 3 विकेट झटके।

### बेंगलुरु की लगातार पांचवीं हार

बेंगलुरु की टूर्नामेंट में यह पांचवीं और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरी हार है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसे मुंबई, यूपी और गुजरात ने भी एक-एक बार हराया है। वहीं दिल्ली की 5 मैचों में यह चौथी जीत है। टीम को मुंबई के खिलाफ ही एकमात्र हार मिली। इसके अलावा टीम ने यूपी-गुजरात को 1-1 और बेंगलुरु को 2 बार हराया है।



### कैप-जोनासेन आखिर तक टिकी रहीं

जेमिमा रोड्रिग्ज 15वें ओवर में आउट हो गईं। उनके बाद मारियन कैप ने जेस जोनासेन के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों आखिर तक टिकी रहीं और करीबी मुकाबले में टीम को जीत दिलाई। कैप 32 और जोनासेन 29 रन बनाकर नाबाद रहीं। दिल्ली से शेफाली वर्मा शून्य, मेग लेनिंग 15, एलिस कैप्सी 38 और जेमिमा रोड्रिग्ज 32 रन बनाकर आउट हुईं। बेंगलुरु से आशा शोभना ने 2 विकेट लिए। वहीं, प्रीति बोस और मीगन शट को एक-एक विकेट मिला।

### पावरप्ले में आक्रामक शुरुआत

- दिल्ली ने पहले ही ओवर में शेफाली का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलिस कैप्सी ने आक्रामक बैटिंग की। वह 24 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हुईं। जिसके बाद दिल्ली का स्कोर 6 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन हो गया।

### एलिस पेरी ने 67 रन बनाए

बेंगलुरु ने पावरप्ले में बेहद धीमी शुरुआत की। कप्तान स्मृति मंधाना 8 रन ही बना सकीं। उनके बाद रिचा घोष 37, सोफी डिवाइन 21 और हीथर नाइट 11 रन बनाकर आउट हुईं। एलिस पेरी 67 रन के स्कोर पर श्रेयांका पाटिल (4*) के साथ नाबाद रहीं। पेरी ने रिचा के साथ 34 बॉल में 74 रन की पार्टनरशिप भी की।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11...

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, सोभना आशा, रिचा घोष (विकेटकीपर), हीथर नाइट, श्रेयांका पाटिल, प्रीति बोस, मीगन शट, दिशा कसत और रेणुका सिंह।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लेनिंग (कप्तान), शेफाली वर्मा, मारियन कैप, जेमिमा रोड्रिग्ज, एलिस कैप्सी, जेस जोनासेन, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), अरुंधती रेड्डी, शिखा पांडे, राधा यादव और तारा नोरिस।

## एक बार रद्द होने पर दोबारा कभी नहीं बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

यदि देश के किसी भी शहर में ड्राइविंग लाइसेंस रद्द होता है तो अब नई व्यवस्था के तहत कहीं भी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पाएगा। केंद्र सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जटिलता को समाप्त करने जा रही है। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है।

**नेशनल पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू :** सभी राज्यों में बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस को नेशनल पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। किसी भी शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द होता है, तो वह नेशनल पोर्टल में अपडेट हो जाएगा। दोबारा उस चालक का किसी भी शहर से लाइसेंस नहीं बन पाएगा।

**आधार से भी जुड़ेगा लाइसेंस :** वहीं आवेदनकर्ता को डीएल बनवाने के लिए आधार कार्ड देना होगा। इससे देशभर में फर्जी डीएल बनवाने के सिलसिले पर अंकुश लगेगा।

## फोन पर ऐसे ब्लॉक करें मनचाहे एप के नोटिफिकेशन



स्मार्टफोन पर लगातार होने वाली नोटिफिकेशन की बारिश कई बार यूजर के सिर का दर्द बन जाती है। फोन पर आने वाली सभी नोटिफिकेशन काम के नहीं होते, इसलिए यूजर चाहें तो बेवजह के नोटिफिकेशन को ब्लॉक कर सकते हैं। इसके लिए यूजर को सबसे पहले अपने फोन की सेटिंग्स में जाना होगा। अब नीचे की तरफ स्क्रॉल करने पर यूजर को 'नोटिफिकेशन' का विकल्प नजर आएगा। इस पर क्लिक करते ही फोन में मौजूद सभी एप्लीकेशन के आईकन डिसप्ले पर दिखाई देने लगेंगे। मिसाल के तौर पर यदि आप जीमेल के नोटिफिकेशन को मोबाइल पर बंद करना चाहते हैं तो उसके आईकन पर क्लिक करें। फिर सबसे ऊपर नजर आ रहे 'ब्लॉक ऑल' के सामने मौजूद बटन को एक्टिव कर दीजिए। ऐसा करने से जीमेल पर आने वाले मैसेज से संबंधित नोटिफिकेशन डिस्प्ले पर फ्लैश नहीं होंगे। इस तरह यूजर चाहें तो अपने फोन में मौजूद किसी भी एप्लीकेशन के लिए नोटिफिकेशन को आसानी से ब्लॉक कर सकते हैं।

### हेल्थ केयर

# लगातार बैठते हैं कंप्यूटर स्क्रीन के सामने तो बरतें कुछ सावधानियां



अधिकतर हर दूसरा व्यक्ति आजकल कंप्यूटर पर काम करता है। यहां तक कि बच्चों की पढ़ाई भी इसी पर ही होने लगी है। ऐसे में कंप्यूटर पर लंबे समय तक काम करने के दौरान कुछ लोगों की आंखों में परेशानी होने लगती है जैसे आंखों में जलन, खुजली, आंख से पानी आना आदि। इन सब परेशानियों से बचने के लिए आप कंप्यूटर पर काम करते समय इन बातों को अपनी रूटीन में शामिल करें।

1. काम करने के 20 मिनट बाद 20 सेकेंड के लिए रूककर कम से कम 20 फीट दूर की वस्तु देखें।

2. बीच-बीच में आंखों बंद करें धीरे-धीरे आंखों को घड़ी की सूई की दिशा में और विपरीत दिशा में घुमाएं। ऐसा तीन बार करें।

3. हमेशा कंप्यूटर पर गहरे रंग का फान्ट और हल्के रंग के बैक ग्राउंड पर काम करना चाहिए।

4. मॉनिटर पर एंटी ग्लेयर स्क्रीन लगाना चाहिए। इससे लाइट रिफ्लेक्शन कम होता है और आंखों को आराम रहता है।

5. जब भी आप कंप्यूटर पर काम कर रहे हो तो ध्यान रखें कि रूम में रोशनी पूरी हो।लाइट सीधी आंखों पर न पड़े।

6. कंप्यूटर पर काम करने के लिए ऐसी चेयर का इस्तेमाल करें। जिसमें आर्म रेस्ट लगा हो।

7. आंखों से मॉनिटर की दूरी 25 ईंच के लगभग होनी चाहिए और मॉनिटर बिल्कुल आंखों के सीध में होना चाहिए।

## फीकी पड़ी मेहंदी को रिमूव करने के बेस्ट तरीके

भारत में मेहंदी का इस्तेमाल तो सदियो से किया जा रहा है। कोई भी त्यौहार क्यों ना हो, लेकिन महिलाएं मेहंदी को लगाना नहीं भूलती। मेहंदी जितनी ज़्यादा रचती है, इसे लगाने वाले के चेहरे पर उतनी ज़्यादा खुशी झलकती है। लेकिन जब मेंहदी फीकी पड़ने लगती हैं तब यह दिखने में बिल्कुल अच्छी नहीं लगती। तब ऐसा लगता है कि बस किसी भी तरह से यह फटाफट हट जाए। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बताएंगे जिन्हें फॉलो करके आप अपने हाथों में लगी फीकी मेंहदी को हटा सकती हैं।

1. **ब्लीच** : सबसे पहले ब्लीच को अपने हाथों में लगा लें। फिर इसके सुखने के बाद हाथों को धो लें। उसके बाद हाथों पर मॉइश्चराइज़र लगा लें। ऐसा करने से मेंहदी पूरी तरह तो नहीं हटेगी, लेकिन हां, इससे काफी हद तक खत्म हो जाएगी। आप ऐसा दो-तीन बार दोहरा सकती हैं।

2. **नींबू** : नींबू के छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। फिर इन टुकड़ों को अपने हाथों पर रगड़े। ऐसा करने से मेंहदी धीरे-धीरे छुटने लगेगी।

3. **ऑलिव ऑयल** : ऑलिव ऑयल और नमक को अच्छी तरह से मिला लें और कॉटन बॉल की मदद से इस मिक्सचर को हाथो पर लगाएं। इस मिक्सचर को हाथों पर लगाकर थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब एक सूखे कॉटन बॉल की मदद से इसे साफ कर लें। आप देखेंगी कि मेहंदी हल्की हो गई है और जब आप ऐसा दोबारा करेंगी तो ना सिर्फ मेहंदी का रंग खत्म हो जाएगा।

4. **डिटरजेंट** : सबसे पहले पानी में थोड़ा डिटरजेंट मिला लें और अपने हाथों को उसमें डुबोएं। डिटरजेंट में मौजूद ब्लीचिंग एजेंट जैसे ही अपना काम करना शुरू करेंगा वैसे ही आप महसूस करेंगी कि आपकी मेहंदी का रंग धीरे-धीरे खत्म हो रहा है।

# एग्जाम Time! तनाव से बचाएं यूं करवाएं बच्चों को तैयारी

तेज रफ्तारी कॉम्पिटिशन के जमाने में प्रत्येक माता-पिता, बच्चे को अच्छे संस्कारों के साथ उच्च शिक्षा देना चाहता है ताकि उनका भविष्य उज्जवल बन सकें। भारत में अधिकतर माता-पिता बच्चों की पढ़ाई और शादी में निवेश करने को पहली प्राथमिकता देते हैं। खासकर शिक्षा में, क्योंकि पढ़ाई-लिखाई हर बच्चे के लिए बहुत जरूरी है लेकिन कुछ बच्चे शिक्षा को बोझ समझ लेते हैं और पेपरों के दिनों में चिंता और तनाव का शिकार हो जाते हैं। यहां तक की कुछ बच्चे खाना-पीना भी छोड़ देते हैं। एग्जाम के दिनों में पैरेंट्स बच्चों पर ज्यादा दबाव बनाते हैं। इन दिनों में बच्चों को फ्रैश माइंड रहने दें तभी वह पेपरों में अच्छे नंबर ले पाएंगे।



### -टाइम टेबल सैट करें

एग्जाम से पहले एक बार सारे सैलेब्स की रिविजन करना बहुत जरूरी है। कुछ पैरेंट्स पेपर के एक दिन पहले ही सारा सैलेब्स याद करवाने की कोशिश करते हैं। ऐसा करने से बच्चा तनाव में ही आएंगे। बेहतर विकल्प यही है कि आप टाइम-टेबल के अनुसार रोज उन्हें थोड़ा-थोड़ा सैलेब्स याद करवाएं। डेटशीट के हिसाब से टाइम टेबल सैट करें और पढ़ाई के बीच थोड़ा आराम भी करने दें।

### -डाइट का भी रखें ख्याल

बहुत सारे बच्चे इन दिनों खाना-पीना छोड़ देते हैं, जिससे उनके स्वभाव में बेचैनी और चिड़चिड़ापन आ सकता है। एग्जाम के दिनों में बच्चों को बाहर का खाना बिल्कुल ना दें।घर पर ही उन्हें कुछ बढ़िया बनाकर खिलाएं। उसके भोजन में दलिया, ओट्स, कॉर्न आदि शामिल करें ताकि उसका पाचन भी अच्छा रहे और उसे हल्का भी महसूस हो। बादाम, अखरोट, काजू भी शामिल करें।

### -प्रैशर ना डालें

बहुत सारे पेरेंट्स बच्चों पर पढ़ाई का दबाव बनाने लगते हैं जिससे बच्चे स्ट्रैस में आ जाते हैं। ऐसा करने की गलती ना करें। ना ही बच्चे की तुलना किसी अन्य बच्चे से करें।

### - बच्चे को कैसे करवाएं तैयारी

सैलेब्स में जो चीजें बच्चे को अच्छे से आती हैं उसे बाद में रिवाइज करवाएं। उस सैलेब्स की तैयारी पहले करवाएं, जिसमें बच्चा कमजोर हो। साथ-साथ थोड़ा टी.वी या गेम्स भी खेल दें ताकि बच्चा दोबारा पढ़ाई करने के लिए फ्रैश महसूस करें।

### पर्याप्त नींद



एग्जाम से पहली वाली रात को पर्याप्त नींद लेना भी बहुत जरूरी है। नहीं तो एग्जाम टाइम वह शरीरिक रूप से सुस्त होगा। एग्जाम के लिए आप पूरे साल मेहनत करते हैं। इसकी तैयारी एक रात में नहीं हो सकती है। बच्चे पर ज्यादा दबाव ना बनाएं और समय पर जरूर सुलाएं।

## बच्चों को सिखाएं करना खुद की सुरक्षा

हर मां-बाप चाहते है कि उनका बच्चा सुरक्षित रहे। इसके लिए मां-बाप अपने बच्चों को हर अच्छी-बुरी बातों के बारे में समझाते हैं। लेकिन बच्चे बहुत मासूम होते हैं, उन्हें अच्छी-बुरी बातों का पता नहीं होता। वह हर किसी से पास बहुत जल्दी चले जाते हैं और इसी बात का अजनबी फायदा उठाते हैं। इसलिए बेहतर यही कि आप पहले से ही अपने बच्चों को अचनबियों के बारें बता दें। ताकि आपका बच्चा हर पल सुरक्षित रह सके।

### 1. अनजानी जगह ना जाए



बच्चों को ये बात जरूर बताएं कि उनके लिए जंगल, पार्किंग स्थल या अंधेरी गली ऐसी जगहें सुरक्षित नहीं है। इसलिए ऐसी जगहें अकेले कभी ना जाए। अगर जाना जरूरी है तो हमेशा एक बड़े व्यक्ति को लेकर जाएं।

### 2. घर पर सुरक्षा

अगर आप अपने बच्चे को अकेला घर पर छोड़ कर जा रहे हैं तो उसे यह बात जरूर बताएं कि बिना जान-पहचान के किसी को घर के अंदर ना आने दें।

### 3. दोस्तों के साथ खेलें

जब भी आपका बच्चा बाहर खेलन जा रहा हो तो उसे अपने दोस्तों के साथ ही रहने को कहे। उसे समझाए कि यहां-वहा जाने की जरूरत नहीं है। खेलकर सीधा घर पर आएं।

### 4. अजनबी की पहचान

बच्चों को बताएं कि अगर उन्हें कोई अंकल या आंटी खिलौनें देकर अपने पास बुलाने की कोशिश करता हैं तो उनके पास नहीं ना जाए।

### 5. जानकारी जरूर दें

उन्हें बताएं कि अगर वे गलती से कही किसी मुश्किल में फस जाएं तो वहां से कैसे बाहर आना है। इसके अलावा बच्चों को सभी जगहों की जानकारी भी जरूर दें। जैस-पुलिस स्टैशन या फिर किसी पहचान वाले का घर।

### पैरेंटिंग टिप्स

# अपने बच्चे को जरूर सिखाएं ये 10 अच्छी बातें

**भले** ही बच्चे अपनी शिक्षा स्कूल में अध्यापकों से लेते हैं लेकिन उनकी असली पाठशाला तो घर से ही शुरू होती है। परिवार के सदस्य उन्हें जैसा चाहे उसी व्यवहार में ढाल सकते हैं। बच्चों को घर में अच्छा माहौल दें ताकि वह खुशनुमा व्यवहार का हो। ऐसे संस्कार सिखाएं जो आगे चल कर उनका भविष्य सुनहरा बना दें। छोटी छोटी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है लेकिन इस बात को हमेशा याद रखें कि बच्चे वहीं सीखते हैं जो वह देखते हैं। अगर आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा समझदार और अच्छा इंसान बने तो उन्हें सीखाने से पहले कुछ बातों पर खुद भी अमल करें।

### 1. प्लीज और थैंक्यू

जब भी आप अपने बच्चे से कोई भी चीज मांग रहे हो या फिर उनसे कुछ पूछ रहे हो तो प्लीज वर्ड का इस्तेमाल करना ना भूलें। इसके अलावा जब बच्चा आपको कोई चीज लाकर दें तो उसे थैंक्यू भी जरूर बोलें। ऐसा करने से ये आदत बच्चे भी जल्दी सीख जाते हैं।



### 2. बड़ों के बीच में ना बोलें

ये बात बच्चों को जरूर सिखाएं कि जब कोई दो बड़े आपस में बात कर रहे हो तो उनके बीच में बोलना गलत बात होती है।

### 3. अनुमति लें

यह आदत बच्चों में शुरू से ही पाएं कि जब भी वे बाहर जाए तो आपसे अनुमति जरूर लें। बिना अनुमति के वे बाहर ना जाएं।

### 4. जवाब कैसे दें

जब भी आपके बच्चे से कोई उनका हाल-चाल पूछे तो उन्हें आगे से जवाब कैसे देना है, ये बात उन्हें जरूर सिखाएं। इससे बच्चे लोगो से बात करना और उनके सवाल का जवाब देना सिख जाते हैं।

### 5. डॉर नॉक

यह आदत बच्चों में जरूर डालें कि वे जब भी किसी के कमरे में जा रहे हो तो सबसे पहले डॉर नॉक जरूर करें। अगर कोई अंदर से रेस्पॉन्स करें तभी रूम के अंदर जाएं।

### 6. छींक आने पर

बच्चे को जब छींक या खांसी आए तो मुंह को रुमाल से ढक कर छींके या हाथ लगा छींके। छींकने के बाद सॉरी वर्ड का जरूर इस्तेमाल करें।

### 7. गलत भाषा का इस्तेमाल ना करें

बच्चे बहुत जल्दी आसानी से गलत भाषा बोलना सीख जाते हैं। इसलिए बच्चों के सामने कभी भी गलत भाषा का इस्तेमाल ना करें।

### 8. टकराना

बच्चे रास्ता चलते समय अगर गलती से किसी से टकरा जाए तो तुरंत उसे सॉरी बोलने के लिए कहे।

### 9. टेबल मैनर्स

बड़े जब आपको खाना सर्व करें। तभी खाएं आप खुद ही जल्द बाजी में खाना न परोसने लगे। साथ ही बड़ों के टेबल मैनर्स को देख कर फॉलो करें।

### 10. किसी का मजाक न बनाए

बच्चे अपने से कमजोर बच्चे को चुंगली और मजाक न करें बल्कि दूसरों की सहायता करने के लिए कहना चाहिए।

# पहाड़ीयों और लुभावनी घाटियों के लिए प्रसिद्ध है नगालैंड

**नगालैंड,** भारत के पूर्वोत्तर का एक पहाड़ी क्षेत्र है जो अपनी **पहाड़ीयों** और लुभावनी घाटियों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का शांत वातावरण आपके मन को सुकून देगा और आप सारे गम भूल जायेंगे। इस जगह की खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर खींचती है। अक्टूबर से मई के बीच यहां घूमना सबसे अच्छा रहता है। यह समुद्र तल से 2438.4 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

**कोहिमा वार सेमेटेरी-** अगर आप विश्व युद्ध के इतिहास को याद करना चाहते हैं तो एक बार कोहिमा वार सेमेटेरी जरूर जाएं। यह वार सेमेटेरी ब्रिटिश, भारतीय और सैनिकों के सम्मान में समर्पित किया गया है।

मोकोकचुंग मोकोकचुंग को नागालैंड की सांस्कृतिक और बौद्धिक राजधानी माना जाता है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और नदियों की ध्वनि आपको बहुत प्रभावित करेगी। यह पारंपरिक भूमि त्यौहार के मौसम के दौरान और सुंदर हो जाती है। यह समुद्र तल से 1325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मोकोकचुंग का मौसम साल भर एक जैसा ही होता है।



कैथोलिक चर्च कोहिमा के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यह एक बहुत ही पुरानी बैपटिस्ट कैथेड्रल है। यह जगह आपको नागालैंड के ईसाई धर्म के महत्त्व को दर्शाता है। यह चर्च बहुत ही बड़ा है और इसके जैसे आकार वाली चर्च आपको देखने को नहीं मिलेगी। चर्च के अंदर की पेंटिंग बहुत ही खूबसूरत हैं।

**डूजुकू वैली-** डूजुकू वैली मनीपुर के सीमा के पास स्थित है। यह कोहिमा से लगभग 30 किमी की दूरी पर है। इस घाटी को अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हर मौसम के फूलों के लिए जाना जाता है। डूजुकू घाटी की यात्रा करने के लिए सबसे अच्छा समय वसंत का होता है, इस समय पूरी घाटी फूलों से ढकी हुई होती है। नागा हिल्स नागा हिल्स 3825 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह भारत और बर्मा के सीमा पर स्थित है। नागा शब्द वहां के नागा लोगों के कारण रखा गया था, जिन्हें बर्मी भाषा में नागा या नाका बोला जाता है।

**सोम कोन्यक-** नागाओं की भूमि, सोम नगालैंड में यात्रा करने के लिए एक दिलचस्प जगह है। कोन्यक खुद को नूह और अभ्यास कृषि के वंशज मानते हैं। सोम जिला नागालैंड की उत्तरी दिशा में है। यह उत्तर में अरुणाचल प्रदेश के राज्य से घिरा है, असम के पश्चिम में और म्यांमार के पूर्व में है।

**दीमापुर-** दीमापुर नागालैंड का प्रवेश द्वार है। दीमापुर एक कमर्शियल प्लेस है। यहां आपको हर तरह की जरूरत के सामान मिल जाएंगे। दीमापुर में घूमने के लिए कई स्थान हैं। जैसे कछारी खंडहर, इनटंकी वन्यजीव अभयारण्य, दीमापुर प्राणी उद्यान, हरा पार्क, रिजर्व वन, शिल्प गांव, हथकरघा और हस्तशिल्प एम्पोरियम और दीमापुर ए ओ बैपटिस्ट चर्च।

## भीगे हुए बादाम खाने के जबरदस्त फायदे

बादाम को शुरू से ही सेहत के लिए वरदान के रूप में जाना गया है। जब हम इसे रात भर पानी में भिगोकर सुबह छीलकर खाते हैं तो इसके फायदे दौगुना हो जाते है। बादाम में मौजूद मिनरल्स, विटामिन, डायटरी फाइबर दिमाग को तरोताजा रखने के साथ-साथ शरीर की मेटाबॉलिज्म में भी मददगार होता है। भीगा हुआ बादाम पचने में भी आसान होता है। आज हम आपको बादाम के गुणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

1. **ब्लड प्रेशर कंट्रोल** : हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने पाया कि बादाम का सेवन करने से ब्लड में अल्फा टोकोफेरॉल की मात्रा बढ़ जाती है, जो किसी के भी बी.पी को कंट्रोल करने के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह 30 से 70 वर्ष की उम्र के बीच के पुरुषों पर खास तौर पर प्रभाव डालता है।

2. **डायबिटीज** : रात में पानी में भिगोकर सुबह छिलका उतार कर बादाम खाने से जिन्हें शुगर हो चुकी हैं उनकी कमजोरी दूर करता है। खाना खाने के बाद बादाम लेने से ये शुगर और इंसुलिन का लेवल बढ़ने से रोकता है। जिससे डायबिटीज से बचा जा सकता है।

3. **मोटापा कम करें** : भीगे हुए बादाम एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत हैं। इसमें मौजूद मोनोअनसेचुरेटेड फैट आपकी भूख को रोकने और पूरा महसूस करने में मदद करते हैं। जिससे यह वजन कम करने में काफी मददगार है।

4. **दिल स्वस्थ** : यदि आप दिल की बीमारी से किसी भी रूप में पीड़ि?त हों तो स्वस्थ रहने के लिए आप अपने आहार में भीगे हुए बादाम को जरूर शामिल करें।

5. **बूढ़ा न होने दें** : अगर आप रोज लगातार भीगे हुए बादाम खाते हैं तो इससे आप में न तो कोई कमजोरी आएगी और आपकी त्वचा पर कभी भी झुर्रियां नहीं होगी। इसमें विटामिन ई अधिक मात्रा में होता है।

# पाँवों को आराम देने और खूबसूरत बनाने के उपाय



**फुरसत** के समय या टीवी देखते समय अच्छी क्रीम या तेल के हल्के हाथों से गोलाई में पैरों की मालिश करें। थोड़ी देर में तेल त्वचा में रम जाएगा। इससे थके-हारे पैरों को आराम मिलेगा और रूखी त्वचा मुलायम बनी रहेगी। नहाते समय प्यूमिक स्टोन से पैरों की अच्छी तरह सफाई करें ताकि कटी-फटी त्वचा उतर जाए। नहाने के बाद कोई अच्छा बॉडी लोशन या क्रीम पैरों पर लगाएं।

अगर पैरों में पसीना ज्यादा आता हो तो गुनगुने पानी में नींबू की कुछ बूंदें डालें। इसमें पैरों को डुबो कर रखें। पंद्रह मिनट के बाद पैरों को पोंछ लें। थोड़ी सी मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल डाल कर पेस्ट बनाकर पैरों पर पतली परत लगाएं और सूखने पर उसे धो लें। पसीने की समस्या से बचने के लिए पैरों पर अच्छी तरह पाउडर लगाकर जूते पहनें।

गर्म पानी में नमक डाल कर उसमें कुछ देर के लिए पैरों को डाल कर रखें। इससे थके पैरों को आराम मिलता है। मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा सा दही डाल कर पेस्ट बना कर पैरों में लगा लें और सूखने पर धो दें। इससे पैर मुलायम हो जाएंगे। पैरों की त्वचा ज्यादा सूखी हो तो गुनगुने पानी में कुछ बूंदें जैतून के तेल की मिला लें। पंद्रह मिनट तक अपने पैरों को इसमें भिगो कर रखें फिर पोंछ कर किसी अच्छी क्रीम से मालिश करें।

पैरों को मुलायम बनाने के लिए मलाई में कुछ बूंदें नींबू की मिलाएं और इससे पैरों की मालिश करें। दो चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच गुलाब जल में एक चम्मच नींबू का रस अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को एक बोतल में बंद करके रोज सोने से पहले लगाएं। इससे पैरों की त्वचा मुलायम बनी रहेगी।

आपके पैर ठंडे रहते हैं तो सोने से पहले जैतून के तेल से मालिश करें। पैरों के अंदर धंसे नाखूनों की समस्या उन्हें गलत ढंग से काटने से होती है। नाखूनों को सीधा और चौड़ाई में काटें। नेलपालिश लगे हुए पैर सुंदर लगते हैं पर बीच-बीच में नेलपालिश का प्रयोग बंद कर देना चाहिए ताकि नाखूनों का स्वाभाविक रंग बना रहे।

लगातार कुर्सी पर बैठे रहने के कारण पैर खिंच जाते हों तो पैरों को क्लॉकवाइज और एंटी क्लॉकवाइज थोड़ी-थोड़ी देर में घुमाते रहें। जूते-चप्पल हमेशा सही माप के खरीदें जिससे आपके पैरों को उनमें पूरी जगह मिल सके।

बहुत देर तक ऊंची एड़ी की सैंडलें नहीं पहनें इनसे थकान ज्यादा होती है और शरीर का संतुलन बिगड़ता है। अगर हील पहननी ही हो तो प्लेटफॉर्म हील ही खरीदें। नंगे पांव हरी घास पर टहलना भी पैरों के लिए लाभदायक होता है।

### रेसिपी

## राइस पुडिंग



दो कप बने हुए चावल
दो कप दूध
तीन चम्मच चीनी
चुटकीभर नमक
दालचीनी पावडर
इलायची पावडर
एक चम्मच वनीला एक्सट्रेक्ट
फेंटी हुई मलाई आवश्यक हो तो।

### विधि

एक बड़े पैन में चावल, दूध, चीनी और नमक को मिला लें। इसे बिना ढंके तकरीबन 20 मिनट तक धीमी आंच पर चलाते रहे जब तक यह गाढ़ा न हो जाए।

इसके बाद आंच पर से उतार लें और इसमें वनीला एसेंस डालकर चलाएं।

ऊपर से दालचीनी या इलायची पावडर छिड़ककर डेकोरेट करें। हल्का गुनगुना ही सर्व करें।

आवश्यकता लगे तो ऊपर से क्रीम भी डाल सकते हैं। बस, तैयार है स्पेशल राइस पुडिंग।

## कर्ड राइस



125 ग्राम चावल, 500 ग्राम दही, 10 ग्राम अदरक (किसा हुआ), दो हरी मिर्च बारीक कटी
दो टेबलस्पून तेल
एक चम्मच राई
दो साबुत लाल मिर्च
थोड़े काजू एक चुटकी हींग, 5-6 कढ़ी पत्ते
नमक स्वादानुसार, अनारदाने

### विधि

कर्ड राइस बनाने के लिए सबसे पहले चावल धोकर 15 मिनट के लिए भिगो दें। फिर चावल को पतीले में उबालकर छलनी से छाने लें और चम्मच से हल्का मसल लें। दही को फेंटकर हरी मिर्च, अदरक के साथ चावल में मिला दें। इसके बाद एक फ्राइंगपैन में तेल गर्म करें और सरसों के दाने, साबुत लाल मिर्च और नमक डालें। जब यह चटकने लगे तब हींग और कड़ी पत्ता डालें और काजू भी डाल दें। अब फ्राइंगपैन को आंच से उतारकर इस छौंक को दही वाले चावल में अच्छी तरह मिलाएं और कड़ी पत्ते और अनार के दानों से सजाकर सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**